**सुविचार**

जिसने अपने आप को वश में कर लिया है, उसकी जीत को देवता भी हार में नहीं बदल सकते।

महात्मा बुद्ध

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi



12

शाहरुख खान के साथ अभिनय करना...

Ranchi ● Thursday, 29 February 2024 ● Year : 02 ● Issue : 43 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com | E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 72,304.88 |
| निफ्टी | : | 21,951.15 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,920 |
| चांदी | : | 75.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### झारखंड में 2 मार्च से फिर होगी बारिश, अलर्ट जारी

**RANCHI :** झारखंड में बीते 24 घंटे में पश्चिमी विक्षोभ का जबरदस्त असर देखने को मिला है। हालांकि, बुधवार को राज्य के कई जिलों में मौसम साफ रहा। मौसम विज्ञान केंद्र का अनुमान है कि एक से दो दिन अभी बारिश नहीं होगी। लेकिन दो मार्च से कई इलाकों में फिर बारिश की संभावना जतायी जा रही है। इसे लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि कल आंधी-तूफान, बारिश और ओलावृष्टि की वजह से गढ़वा-पलामू में भारी नुकसान हुआ था। वहीं, दो बच्चों की मौत हो गयी थी। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का असर एक फिर देखने को मिलेगा। 2 मार्च से राज्य के कई इलाकों में बारिश का अनुमान लगाया गया है। इसका असर तीन मार्च तक रहेगा। इस दौरान राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री रहने की संभावना है। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने कहा है कि कई जगहों पर मेघगर्जन होगी।

### सीबीआई ने अखिलेश यादव को भेजा समन

**LUCKNOW :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अवैध खनन मामले में बुधवार को समन भेजकर बतौर गवाह पूछताछ के लिए गुरुवार (29 फरवरी) को दिल्ली बुलाया है। सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी ने यह समन अवैध खनन के मामले में भेजा है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2012-17 तक सपा की सरकार थी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे। इस दौरान हमीरपुर जिले में हुए अवैध खनन के मामले में वर्ष 2019 में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की थी। इसमें हमीरपुर की तत्कालीन जिलाधिकारी समेत कई अधिकारियों के भी नाम हैं। एफआईआर में आरोप है कि इन अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने खनन के लिए निकाली गए टेंडर में निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया। खनिजों का अवैध खनन भी होने दिया। इस मामले की जांच दिल्ली की सीबीआई टीम कर रही है।

### ईडी का देशभर में 15 से ज्यादा ठिकानों पर छापा

**NEW DELHI :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप घोटाला मामले में बुधवार को देशभर में 15 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की यह छापेमारी दिल्ली-एनसीआर, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के मुंबई में चल रही है। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने महादेव ऐप घोटाला मामले में देशभर के 15 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी पश्चिम बंगाल, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर में चल रही है। ईडी ने इस केस से जुड़े धनशोधन के मामले में रायपुर की एक विशेष अदालत में नया आरोपपत्र दायर किया था।

# 2030 तक हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं : राष्ट्रपति मुर्मू

## सीयूजे के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने तीन छात्रों को चांसलर मेडल से नवाजा

**PHOTON NEWS RANCHI :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी (सीयूजे) के विद्यार्थियों से देश की समृद्धि और विकास में अहम योगदान देने की अपील की। यूनिवर्सिटी के चेरी मनातू (रांची) स्थित परिसर में बुधवार को आयोजित तीसरे दीक्षांत समारोह में उन्होंने कहा कि हमारे देश के युवा इस देश के सबसे बड़े प्राकृतिक संसाधन हैं। आबादी में 55 प्रतिशत से अधिक युवा वर्ग के ही हैं। वर्ष 2030 तक दुनिया में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने दीक्षांत समारोह में तीन विद्यार्थियों को चांसलर मेडल

- 58 को गोल्ड मेडल और 29 को पीएचडी की डिग्री दी
- छात्रों से की अपील, विकसित भारत के निर्माण में दें योगदान
- जनजातीय समाज को सशक्त बनाने की राष्ट्रपति ने की अपील
- कहा- आदिवासी समाज के पास पारंपरिक ज्ञान का भंडार



दिया। चांसलर मेडल पाने वाले स्टूडेंट्स में इंटीग्रेटेड एमटेक के शुभम भट्टाचार्य, एमटेक के उत्पल और एमएससी के अभिजीत गांगुली शामिल हैं। राष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह में 67 मेडल प्रदान किए, जिसमें 58 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल मिला जबकि 29 को पीएचडी डिग्री प्रदान की गयी। मुर्मू ने कहा कि 2047 तक शिक्षित और समृद्ध भारत बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए अनुकूल परिस्थितियों को बनाना होगा। ऐसे में यहां के जिन युवाओं को पढ़ाई के बाद मेडल मिला है, वे अपने लिए अच्छा जीवन का निर्माण ही नहीं, देश और समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

## हमारी बेटियां सभी क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहीं

मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार प्रदान करते समय, शिक्षण संस्थानों के दीक्षांत समारोहों में, विभिन्न सेवाओं के प्रशिक्षु अधिकारियों से मिलते समय मुझे अहसास होता है कि आज हमारी महिलाएं और बेटियां सभी क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही हैं। मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि आज स्वर्ण पदक प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों में हमारी बेटियों की संख्या लगभग 50 प्रतिशत है। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली बेटियों को मैं विशेष रूप से शुभाशीष देती हूं। प्रत्येक बाधा एवं अवरोध को पार करके



आपके द्वारा प्राप्त की गई सफलता, हमारे समाज के लिए तथा सुनहरे भविष्य का सपना संजोने वाली हर बेटी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। मुर्मू कहा कि झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित शिक्षा पद्धति को अपनाया है। मुझे यह जानकर खुशी हुई है कि इस संस्थान द्वारा स्थानीय भाषा, साहित्य एवं संगीत की सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने एवं बढ़ावा देने के लिए विशेष सेंटर्स बनाए गए हैं। चेरी मनातू कैंपस ग्रीन आर्किटेक्ट को ध्यान में रखते तैयार किया गया है। इस संस्थान का ब्रांबे कैंपस भी प्रकृति के निकटता को दिखाता है। बगैर पेड़ काटे इको फ्रेंडली बनाया गया है।

## जामताड़ा में बड़ा हादसा : ईएमयू की चपेट में एक्सप्रेस के यात्री

# आग लगने की सूचना पर खींची जंजीर, भीड़ से होकर गुजरी ट्रेन

**PHOTON NEWS JAMTARA :** भागलपुर-यशवंतपुर ट्रेन में आग लगने की अफवाह के बाद किसी यात्री जंजीर खींच दी। अफरातफरी में यात्री की भीड़ ट्रेन से विपरीत दिशा में कूदने लगे। इसी दौरान आसनसोल से जसीडीह की ओर से जा रही ईएमयू पैंसेजर ट्रेन की चपेट में कई यात्री आ गए। मौके पर आरपीएफ और स्थानीय पुलिस बल की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से दो शव बरामद किए हैं। जबकि, इस भयावह हादसे में कई लोगों के घायल होने की सूचना है। दोनों शवों को जामताड़ा आरपीएफ की टीम एंबुलेंस की मदद से जामताड़ा ले जाया गया। जबकि जामताड़ा आरपीएफ के अनुसार घायलों को ट्रेन से ही आसनसोल भेजे जाने की सूचना है। हादसा बुधवार की शाम 6:40 बजे आसनसोल रेल मंडल के जामताड़ा से सटे कालाझरिया गांव के समीप हुई।

- आसनसोल रेल मंडल के जामताड़ा से सटे कालाझरिया गांव के पास हुई शाम 6:40 बजे घटना
- सूचना मिलते ही अफरा तफरी मच गई, हजारों की संख्या की स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई
- दो की मौत, हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर, कई को आसनसोल भेजे जाने की सूचना
- आरपीएफ और स्थानीय पुलिस बल की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से दो शव बरामद किया



रेल पटरी पर बिखरा शव व मौके पर पहुंची पुलिस

**मौतों की संख्या की पुष्टि बाद में की जाएगी : डीसी**

जामताड़ा के डीसी ने कहा कि कालाझरिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेन ने यात्रियों को कुचल दिया। कुछ मौतों की सूचना मिली है। फिलहाल कितने लोगों की जान गई है, यह पता नहीं चला हैद्ध मौतों की सही संख्या की पुष्टि बाद में की जाएगी।

### ट्रेन हादसे की जांच के लिए रेलवे ने तीन सदस्यीय समिति गठित की

झारखंड के जामताड़ा में हुए ट्रेन हादसे पर पूर्व रेलवे ने बुधवार देर शाम बयान जारी कर स्पष्ट कहा कि ट्रेन में आग लगने की कोई घटना नहीं हुई है। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) कौशिक मित्रा ने बताया कि विद्यासागर कासितार से गुजरने वाली ट्रेन संख्या 12254 से कम से कम दो किमी दूर ट्रैक पर चल रहे दो व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गए। फिलहाल दो मौतों की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि जैसे की 12 मौत की बात कही जा रही है वह सही नहीं है। जिन दो लोगों की मौत हुई है वे ट्रेन के यात्री नहीं बल्कि ट्रैक पर चल रहे थे और ट्रेन की चपेट में आ गए। घटना की जांच के लिए पूर्व रेलवे ने तीन सदस्यीय जेएजी समिति का गठन किया है। दरअसल, आसनसोल मंडल के जामताड़ा के कालाझरिया रेलवे स्टेशन पर बुधवार रात एक ट्रेन से कई यात्रियों के कुचलने की खबर से हड़कंप मच गया था।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर अफरातफरी मच गई और हजारों की संख्या की स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से मौके पर पहुंची करमाटांड़ा, जामताड़ा सदर और आरपीएफ की टीम ने शवों की तलाश शुरू की। तकरीबन घंटेभर बाद दो शव पटरियों पर क्षतविक्षत अवस्था मिली। दोनों ही शवों को एंबुलेंस की मदद से जामताड़ा भेजा गया है।

# घरेलू उपभोक्ताओं को लगा बिजली का जोरदार झटका

## झारखंड में बिजली 7.66 फीसदी हुई महंगी

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बिजली की नई दरें घोषित कर दी हैं। इसके तहत 7.66 प्रतिशत वृद्धि को मंजूरी दी गयी है। नयी दरें एक मार्च से लागू होंगी। इसके तहत शहरी घरेलू बिजली दर 6. 65 प्रति यूनिट, ग्रामीण घरेलू 6. 30 रुपये प्रति यूनिट, घरेलू एचटी 6.25 रुपये प्रति यूनिट की गयी है। व्यावसायिक ग्रामीण 6.10 और व्यावसायिक शहरी के लिए 6.65 रुपये प्रति यूनिट दर रखी गयी है। फिक्सड चार्जेस में कुछ श्रेणी में वृद्धि की गयी है। घरेलू ग्रामीण के लिए 75 रुपये, घरेलू शहरी के लिए 100 रुपये, घरेलू एचटी के लिए 150 रुपये, व्यावसायिक ग्रामीण के लिए 120, व्यावसायिक शहरी के लिए 120 रुपये रखा गया है। वर्तमान शहरी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए दर 6.30 रुपये प्रति यूनिट है। इन उपभोक्ताओं से 100 रुपये फिक्स चार्ज लिया जाता है। घरेलू एचटी उपभोक्ताओं से प्रति यूनिट 6.15 रुपये प्रति यूनिट और फिक्स चार्ज 150 रुपये लिया जाता है। कॉमर्शियल ग्रामीण उपभोक्ता के लिए 5.80 रुपये और 100 रुपये फिक्स चार्ज है। इसके



- 25 पैसे प्रति यूनिट बढ़ा टैरिफ
- ग्रामीण को 6.30 और शहरी कस्टमर को लगेंगे 6.65 रुपये प्रति यूनिट
- विद्युत नियामक बोर्ड ने जारी की बिजली की नई दरें

पहले नियामक आयोग ने एक जून, 2023 को नयी बिजली दरें घोषित की थीं। इस दौरान नियामक आयोग ने पांच पैसे से लेकर 15 पैसे तक की वृद्धि बिजली दरों में की थी। इसके पहले साल 2020 में बिजली दरें घोषित की गयी थीं। ऐसे में साल 2021 से 2023 तक राज्य में बिजली दरों का निर्धारण आयोग में महत्वपूर्ण पदों के रिक्त होने के कारण नहीं किया गया था।

# बजट सत्र में शामिल नहीं होंगे पूर्व सीएम हेमंत सोरेन

## हाईकोर्ट ने नहीं दी अनुमति, याचिका खारिज

**PHOTON NEWS RANCHI :** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के मामले में बुधवार को हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने हेमंत सोरेन को बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दी है। कोर्ट ने हेमंत सोरेन की याचिका को खारिज कर दिया। मंगलवार को दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने



फैसला सुरक्षित रख लिया था। हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी और ईडी की सभी कार्रवाई के खिलाफ याचिका लगाई है। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की खंडपीठ में सुनवाई हुई।

### कैबिनेट की बैठक आज हो सकते कई बड़े फैसले

**RANCHI :** झारखंड कैबिनेट की बैठक 29 फरवरी को रांची के प्रोजेक्ट भवन में होगी। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन इसकी अध्यक्षता करेंगे। बैठक का समय शाम 4 बजे निर्धारित की गयी है। संभावना जतायी जा रहा है कि इसमें महत्वपूर्ण फैसले लिये जा सकते हैं। फिलहाल राज्य में विधानसभा सत्र चल रहा है। झारखंड के प्रोजेक्ट भवन में कल मंत्रीपरिषद की बैठक होने वाली है। ये बैठक कल के विधानसभा सत्र की समाप्ति के बाद होगी। राज्य सरकार ने कल साल 2024-25 के लिए बजट पेश किया था। जिसमें आम लोगों के लिए कई वायदे किये गये थे। संभावना जतायी जा रही है कि इनमें से कई प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है।

# राज्यपाल के आरक्षण वाले बयान पर हंगामा

## सरकार से की आरक्षण बिल पर पुनर्विचार के लिए राजभवन पर दबाव बनाने की अपील

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा में राज्यपाल के आरक्षण पर दिये गये बयान को लेकर कांग्रेस ने विरोध किया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि राज्यपाल ने आरक्षण बिल लौटाया है। हमारे अधिकार को छीना जा रहा है। मैं इसका विरोध करता हूं। विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि चलते सत्र के दौरान राज्यपाल का बयान आता है कि 77 फीसदी आरक्षण असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि

- राज्यपाल 77 फीसदी आरक्षण को असंवैधानिक बताया था
- कांग्रेस ने कहा- हम बर्दाश्त नहीं कर सकते
- कोर्ट और सदन को गुमराह कर रही है सरकार : नीलकंठ



सदन में मंत्री आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता व अन्य।

झारखंड के पिछड़े, दलित और आदिवासी इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। सरकार विधेयक पर पुनर्विचार करने के लिए राजभवन पर दबाव बनाये। बताते चलें कि मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने जमशेदपुर में कहा था कि झारखंड सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए 77 फीसदी आरक्षण का विधेयक राजभवन को भेजा था। ऐसे विधेयक को संवैधानिक तौर पर खारिज करना ही होगा, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने भी 77 फीसदी आरक्षण को गलत ठहरा दिया है।

## जेएन टाटा की जयंती पर श्रद्धांजलि देने आएंगे टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, होंगे कई आयोजन

# जेएन टाटा की जयंती पर सतरंगी रोशनी से सज-संवर रही लौहनगरी

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** टाटा स्टील अपने संस्थापक जेएन (जमशेदजी नसरवानजी) टाटा की 185वीं जयंती को भव्यतम बनाने की तैयारी में जोर-शोर से जुटी है। प्रतिवर्ष की भांति पूरी लौहनगरी को सतरंगी रोशनरी से सजाया-संवारा जा रहा है। जुबिली पार्क के अलावा शहर के विभिन्न पार्क, चौक-चौराहों सहित बिष्टुपुर व साकची की सड़कों को बिजली के रंगबिरंगे झालरों से सजाया जा रहा है। इस संबंध में टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (कारपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील यूटीलिटीज इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज लिमिटेड (पूर्व नाम जुस्को) के प्रबंध निदेशक ऋतुराज

- टाटा की 185वीं जयंती को भव्यतम बनाने की तैयारी में जोर-शोर पर
- ईस्ट-वेस्ट सर्किट का रहेगा अलग आनंद
- कंपनी परिसर में भी लगेगी प्रदर्शनी
- जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में होंगे खेलकूद




बिष्टुपुर स्थित बेल्डीह क्लब में पत्रकारों को संबोधित करते टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (कारपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी-बीच में।

सिन्हा व वरीय महाप्रबंधक कैप्टन धनंजय मिश्रा ने बुधवार को बताया कि संस्थापक की जयंती को देखते हुए शहर में 50 से अधिक महत्वपूर्ण स्थानों पर रोशनी की जाएगी, जिसमें धरोहर भवन व पूजा स्थल भी शामिल हैं। जुबिली पाक, जमशेदपुर से टाटा स्टील के कारखाना परिसर और बिष्टुपुर स्थित पोस्टल पाक को मुख्य रूप से रंगबिरंगी रोशनी से सजाया जा रहा है। इसके अलावा बिष्टुपुर स्थित एसएनटीआई में तकनीकी प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। चाणक्य चौधरी ने बताया कि इस बार भी दो मार्च को टाटा संस के चेयरमैन एन चंदशेखरन सहित टाटा स्टील समूह के अन्य उच्चाधिकारी आएंगे। वे उस दिन जुबिली पार्क की विद्युत सज्जा के अलावा एसएनटीआई में विज्ञान एवं तकनीकी प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे। अगले दिन से जुबिली पार्क व प्रदर्शनी का आनंद शहरवासी उठा सकेंगे। चंद्रशेखरन 3 मार्च को सुबह 8 बजे बिष्टुपुर स्थित पोस्टल पार्क से शहरवासियों को संबोधित करेंगे। इस दौरान शहर की करीब 17 संस्थाओं की ओर से झांकी निकाली जाएगी, जिसका आनंद शहरवासी जले सकेंगे।

### 3-5 मार्च तक खुला रहेगा जुबिली पार्क

जेएन टाटा के संस्थापक दिवस समारोह पर जुबिली पार्क की विद्युत सज्जा करीब एक माह से चल रही है। हालांकि इसका उद्घाटन दो मार्च को शाम साढे. छह बजे हो एगा, लेकिन शहरवासियों के लिए यह 3-5 मार्च तक खुला रहेगा।। सैलानी शाम से रात 1130 बजे तक पार्क में रंगबिरंगी रोशनी में अठखेलियां करते फव्वारों का आनंद भी उठा सकेंगे। रात 10 से 1130 बजे तक कार या बाइक से भी प्रकाश सज्जा का आनंद ले सकेंगे। टाटा स्टील हाल के कुछ वर्ष से जुबिली पार्क के अलावा बिष्टुपुर मेन रोड, सीएच एरिया, कदमा-सोनारी लिंक रोड आदि को ईस्ट-वेस्ट सर्किट बनाकर साज-सज्जा कर रही है। कैप्टन मिश्रा ने बताया कि इसका उद्देश्य जुबिली पार्क की भीड. को कम करना है। यही नहीं, जो लोग भीड.भाड. पसंद नहीं करते, वे भी इन सड.कों और गोलचक्करों की विद्युत सज्जा का आनंद ले सकते हैं। जुबिली पार्क के अलावा सात पार्क व 33 गोलचक्कर में लाइटिंग की गई है।

## हिमाचल में कांग्रेस सरकार पर संकट

# मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने वापस लिया अपना इस्तीफा

**AGENCY SHIMLA :** हिमाचल में कांग्रेस सरकार पर संकट बना हुआ है। 6 कांग्रेसी विधायकों की क्रॉस वोटिंग से राज्यसभा सीट हारने के बाद कांग्रेस में खींचतान सरकार जाने तक पहुंच गई है। उट सुखविंदर सुक्खू का मुख्यमंत्री पद छिन सकता है। उधर, कांग्रेस आलाकमान ने स्थिति को संभालने के लिए डीके शिवकुमार और भूपेंद्र सिंह हुड्डा को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा है। वे शाम को करीब 5 बजे शिमला पहुंचे। पर्यवेक्षकों ने सिसिल होटल में एक-एक विधायक से मिलकर उनकी राय ली। वे कल (गुरुवार



को) अपनी रिपोर्ट कांग्रेस हाईकमान को भेजेंगे। पर्यवेक्षकों से मिलने के बाद मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने 9.30 घंटे बाद अपना इस्तीफा वापस ले लिया। हिमाचल की कांग्रेस सरकार में बगावत के बावजूद भाजपा के लिए सत्ता परिवर्तन करना आसान नहीं है। हिमाचल में कुल 68 विधायक हैं। बहुमत का आंकड़ा 35 है।

BRIEF NEWS

## सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**KODERMA :** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदरवा में मंगलवार की देर रात सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार व्यक्ति की इलाज के क्रम में सदर अस्पताल में मौत हो गई। डोमचांच के महथाडीह निवासी मृतक के परिजनों ने बुधवार को कहा कि पवन कुमार साव (49) झुमरीतिलैया में सब्जी मंडी के समीप मोबाइल दुकान चलाते थे। मंगलवार की रात दुकान से वह बाइक के जरिए वापस घर महथाडीह लौट रहे थे। इस दौरान इंदरवा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया और घटना की सूचना उनके परिजनों को दी गई। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान पवन कुमार साव की मौत हो गई। इसके बाद सदर अस्पताल में बुधवार को पोस्टमार्टम के उपरांत शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

## बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी, युवक की मौत

**GIRIDIH :** डुमरी थाना क्षेत्र के कुलगो निवासी युवक संतोष कुमार महतो की मंगलवार की रात सड़क दुघर्टना में मौत हो गई। पिता ने बताया कि संतोष कुमार ने भरखर में 26 फरवरी को ही नई दुकान खोली थी। मंगलवार की देर रात वह बाइक से दुकान से घर लौट रहा था। रास्ते में बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी, जिसमें संतोष की मौत हो गई। बुधवार की सुबह कुछ लोगों ने देखा कि सड़क किनारे एक बाइक पड़ी और एक युवक जमीन पर गिरा हुआ है। मुखिया के पति असलम अंसारी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर थाना ले आई। कागजी प्रक्रिया के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया गया।

## पत्नी से विवाद के बाद अधेड़ ने की खुदकुशी

**PALAMU :** मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज स्थित नंदलाल टाइपिंग इंस्टीच्यूट रोड में पत्नी से विवाद के बाद एक अधेड़ ने गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। अधेड़ की पहचान इसी इलाके के रहने वाले 50 वर्षीय सुजीत कुमार के रूप में हुई है। बुधवार को सुजीत के शव का पोस्टमार्टम एमआरएमसीएच में किया गया। इसके बाद राजा हरिशचन्द्र घाट पर दाह संस्कार हुआ। बताया जाता है कि सुजीत हॉस्पिटल चौक के पास होटल चलाता था। रोज शराब पीता था। उसके घर पर अक्सर उसके शराब पीने को लेकर विवाद होता था। मंगलवार की शाम भी इसी तरह का विवाद हुआ, जिसके बाद गुस्से में सुजीत ने कमरे का दरवाजा बंद कर फंदे पर लटक गया।

## श्रीराम लला के दर्शन के लिए तोरपा के रामभक्तों का जत्था अयोध्या धाम रवाना

**KHUNTI :** नवनिर्मित भव्य मंदिर में भगवान श्रीराम लला के दर्शन के लिए तोरपा के 40 राम भक्तों का जत्था बुधवार को सुबह अयोध्या धाम के बस से रवाना हुआ। तोरपा थाना गेट के सामने स्थित हनुमान मंदिर परिसर से रामभक्तों को रवाना स्थानीय लोगों ने फूलों की वर्षा कर उन्हें रवाना किया और उनकी सुखद यात्रा और दर्शन की कामना की। रामभक्तों का जत्था श्रीराम लला और हनुमान गढ़ी में बजरंग बली के दर्शन के बाद अन्य ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन के बाद बनारस जायेगा। वहां बाबा विश्वनाथ के दर्शन के बाद विंध्याचल सहित अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन-पूजन के बाद भक्तों का जत्था तीन या चार मार्च का तोरपा लौट आयेगा।

## खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**LOHARDAGA :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बुधवार को खनन टास्क फोर्स की बैठक जूम एप के जरिए हुई। बैठक में थाना व अंचलवार अवैध खनन व खनिज परिवहन के आलोक में की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। इसमें सभी अंचल अधिकारियों,थाना प्रभारियों को अवैध खनन को लेकर छापेमारी की संख्या बढ़ाने, खनिज के अवैध परिवहन के लिए औचक जांच अभियान चलाये जाने और कार्रवाई की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया।आज की बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, खनन पदाधिकारी, एसडीपीओ, सभी अचंल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी व अन्य उपस्थित थे।

रउता वन क्षेत्र के प्लांट की जमीन की जांच में कई खामियां उजागर

# 11 प्लांट की जमाबंदी कमिश्नर के आदेश के अनुरूप नहीं है कायम

**PHOTON NEWS RAMGARH :** जिले के मांडू प्रखंड अंतर्गत रउता वन क्षेत्र में स्थापित प्लांट की जमीन की जांच में कई खामियां सामने आई है। इसमें सबसे बड़ी खामी यह उजागर हुई है कि वहां जमींदारी उन्मूलन के पूर्व और पश्चात का कोई लगान रसीद अधिकारियों को नहीं मिला है। इस बात का खुलासा रामगढ़ डीसी चंदन कुमार द्वारा जारी किए गए आदेश से हुआ है। डीसी के द्वारा जमाबंदी रद्द किए जाने का फैसला 10 फरवरी 2024 को सुनाया गया था। इस फैसले में यह बताया गया है कि बीएलआर एक्ट के प्रावधान के अनुसार 01/01/1946 के पूर्व से लेकर अद्यतन समय तक भूमि का राजस्व कागजात जैसे जमाबंदी रिटर्न की प्रति लगान भुगतान रसीद व अन्य कोई दस्तावेज प्लांट मालिकों और रैयतों के द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया था। जबकि वह जमीन वन



विभाग की अधिसूचना 2 जनवरी 1953 के आधार पर अधिसूचित की गई थी।

**आयुक्त के आदेश के अनुरूप नहीं कायम है जमाबंदी**

रउता वन क्षेत्र में हजारीबाग कमिश्नर के पत्रांक 382 दिनांक 5 फरवरी 1985 के अनुरूप जमाबंदी कायम नहीं की गई है। उस क्षेत्र में जमींदारी उन्मूलन के पूर्व और पश्चात से कोई भी लगातार लगान रसीद प्रस्तुत नहीं किया गया है। जबकि उस क्षेत्र में जमाबंदी वर्ष 2004 और 2005 के आधार पर कायम की गई है। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के मुख्य सचिव के पत्रांक 2074 दिनांक 13/5/2016 के अनुसार भी यह जमाबंदी विधि सम्मत नहीं है। अधिकारियों ने इस बात का भी हवाला दिया है कि सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका 202/1995 टीएन गोदावरमण में यह निर्णय है कि सर्वे खतियान में दर्ज जंगल, जंगल झाड़ भूमि को वन भूमि माना गया है। फालतः वन भूमि पर बंदोबस्ती सरकार के आदेश के बिना अवैध है।

सरकारी भूमि को क्षति पहुंचाने के लिए कायम की गई जमाबंदी

डीसी की ओर से जारी किए गए आदेश में यह भी स्पष्ट है कि रउता वन क्षेत्र में जमीन की जमाबंदी सरकारी भूमि को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से की गई थी। मांडू अंचल अधिकारी के द्वारा राजस्व कर्मचारी के प्रतिवेदन और राजस्व कागजातों की पूरी छान-बीन की गई थी। जिससे यह स्पष्ट हुआ कि बिना कोई ठोस आधार के अवैध रूप से जमाबंदी कायम की गई। साथ ही यह भी पता चला कि भूतपूर्व जमींदार के द्वारा बिहार भूमि सुधार अधिनियम के उद्देश्य को विफल करने के उद्देश्य से और सरकार को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से जमाबंदी खोल दी गई है। इससे यह स्पष्ट है कि वन क्षेत्र में जमाबंदी पूरी तरीके से फर्जी है।

# घोषणा पत्र के लिए पलामू लोस क्षेत्र में 18416 लोगों से सुझाव लेगी भाजपा

**PHOTON NEWS PALAMU :** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार से पलामू में विकसित भारत-मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान की शुरूआत की। इस सिलसिले में बीजेपी जिला कार्यालय में पलामू के सांसद वीडी राम ने पत्रकारों को संबोधित किया।



मीडिया को जानकारी देते सांसद बीडी राम व अन्य। • फोटोन न्यूज

सांसद ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पूरे देश के एक करोड़ से अधिक लोगों के सुझाव, उनकी आकांक्षाओं और विचारों को जानने का लक्ष्य रखा गया है। पलामू लोकसभा क्षेत्र की बात करें तो यहां 18416 लोगों से सुझाव लिया जायेगा। इसके अंतर्गत आने वाले 6 विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक से 3069 लोगों से सुझाव लिया जायेगा, ताकि विकसित भारत संकल्प पत्र का आधार बनाया जा सके।

सांसद ने कहा कि अभियान को दो चरणों में विभाजित किया गया है। पहला अभियान लांच किया गया है। दूसरा सुझाव एकत्रित के लिए जनसंपर्क गतिविधियां चलायी जायेंगी। कार्यक्रम में सुझाव एकत्रित करने के लिए सुझाव पेटी, मिस्ड कॉल नंबर (9090902024) और नमो ऐप की सुविधा बहाल की गयी है। जन-जन से सुझाव एकत्रित करने के लिए एलईडी प्रचार वाहन चलाया जायेगा।

सांसद ने कहा कि 125 को होर्ट मिलन एवं संवाद कार्यक्रम देश के 125 प्रमुख स्थानों पर विशेष समुदायों जैसे उद्योगपति, स्टार्टअप्स के फाउंडर, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता एवं राष्ट्रीय खिलाड़ियों से संवाद किया जायेगा एवं उनके सुझाव लिये जायेंगे। छह हजार मतपेटियां रखी जायेंगी। गोष्ठी के माध्यम से भी सुझाव एकत्रित किया जायेगा। घर-घर जनसंपर्क चलाया जायेगा एवं 10 लाख बूथों पर डिजिटल माध्यम से सुझाव लिया जायेगा। चतरा संसदीय क्षेत्र के पांकी विधानसभा क्षेत्र का भी सुझाव यहीं से एकत्रित किया जायेगा।

इस मौके पर बीजेपी के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम ओझा, प्रेम सिंह, विनोद सिंह, मंगल सिंह, विजय ओझा, सरेन्द्र विश्वकर्मा सहित अन्य पार्टी नेता मौजूद थे।

# गौ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई 54 पशु बरामद, एक गिरफ्तार


पकड़े गये पशु। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** गौ तस्करों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। एसपी दीपक शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने डुमरी टोल प्लाजा के पास एक कंटेनर वाहन को पकड़ा, जिसके बाद पुलिस की टीम ने उस कंटेनर वाहन से 54 पशु को बरामद किया। इन सभी पशुओं को कसाई खाना लेकर जा रहे थे। पुलिस ने सब्बीर कुरैशी नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में वाहन चालक, खलासी, वाहन के मालिक और पशु तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

जिला पुलिस की ओर से गौ तस्करों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड के रैकेट परेशान हैं। एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए पिछले पांच महीने के दौरान जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र से पिछले पांच महीने में 1115 पशुओं को बरामद किया है. इसके अलावा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पशु तस्करी में शामिल 109 व्यक्तियों को गिरफ्तार और 83 वाहन को जब्त किया है।

# हजारीबाग में 10 वर्षों में 50 हजार करोड़ का हुआ विकास कार्य : जयंत

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH :** सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने बुधवार को हजारीबाग स्थित भाजपा कार्यालय अटल भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान पिछले 10 वर्षों में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में आये परिवर्तन के विषय में विस्तार से बताया। जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 50 हजार करोड़ का विकास हुआ है, जिसने क्षेत्र में क्रांति लायी है।

सिन्हा ने कहा कि 20 हजारीबाग करोड़ का पतरातू सुपर थर्मल पावर प्लांट, 15 हजार करोड़ की खनन परियोजनाएं, पांच हजार करोड़ के राष्ट्रीय राजमार्ग, चार हजार करोड़ की रेल परियोजनाएं, दो हजार करोड़ का जिला खनिज मद, दो हजार करोड़ का मेडिकल कॉलेज व


जयंत सिन्हा।

अस्पताल, एक हजार करोड़ का भारतीय कृषि अनुसन्धान केंद्र और एक हजार करोड़ की कोनार डैम जलापूर्ति और गैस पाइपलाइन की परियोजनाओं को हमने धरातल पर उतारा है। इन सभी परियोजनाओं से क्षेत्र में हजारों रोजगार का सृजन हुआ है।

जयंत सिन्हा ने कहा कि हजारीबाग और रामगढ़ में मोदी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र पर चलते हुए पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक के उत्थान का मार्ग प्रशस्त कर रही है। हजारीबाग को नॉलेज सिटी बनाएंगे, जिससे क्षेत्र आईटी हब के रूप में उभरेगा और युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही बड़ी संख्या में आईटी के रोजगार मिलेंगे।

सिन्हा ने कहा कि युवाओं में कौशल और तकनीकी विकास को बढ़ावा देने के लिए हम विनोबा भावे विश्वविद्यालय को हर साधन देंगे, जिससे उन्हें विश्वस्तरीय शिक्षा मिल पायेगी। हजारीबाग की तरह रामगढ़ में भी मेडिकल कॉलेज को धरातल पर उतारेंगे, जिससे हमारे युवा क्षेत्र में ही डॉक्टरी की पढ़ाई कर सकेंगे। इसके साथ जनता को सहज जीवन देने के लिए क्षेत्र में बेहतर सड़कें, जलापूर्ति, ट्रैफिक व्यवस्था, घरों में गैस पाइपलाइन, चौक-चौराहों पर प्रतिमाओं की स्थापना व सुन्दर पार्कों के निर्माण को और बढ़ावा दिया जाता रहेगा।

# भैंस चरा रहे युवक पर भालू ने किया हमला, चबा डाला दोनों हाथ


अस्पताल में इलाजरत युवक। • फोटोन न्यूज

जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती सेरका गांव के जंगल में मंगलवार को भैंस चराने के दौरान भालू ने एक युवक पर हमला बोल दिया। इस हमले में युवक का दोनों हाथ भालू ने चबा डाला। बुधवार को उसे गंभीर स्थिति में एमआरएमसीएच में भर्ती किया गया। युवक की पहचान सेरका गांव के 32 वर्षीय छठूनाथ सिंह के रूप में हुई है।

इलाज के दौरान छठू ने कहा कि दो अन्य लोगों के साथ सेरका जंगल में भैंस चरा रहे थे। इसी दौरान जंगल से भालू निकला और उस पर हमला बोल दिया। हाथ से बचाव करने पर भालू उसके दोनों हाथ को चबा गया। साथ में भैंस चरा रहे दो अन्य लोगों के कारण उसकी जान बची। छठू के भाई देवेश कुमार सिंह ने कहा कि घटना के बाद गंभीर स्थिति में पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामगढ़ में छठू का इलाज कराया गया। वहां से रेफर करने पर एमआरएमसीएच पहुंचे हैं। भालू ने सिर्फ हाथ को नुकसान पहुंचाया है। पीड़ित परिवार ने वन विभाग से इलाज में मदद करने का आग्रह किया है।

# हर्ल बनाएगा सल्फर कोटेड यूरिया : एसपी मोहंती

**PHOTON NEWS DHANBAD :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक मार्च को धनबाद पहुंच रहे हैं। वह सिंदरी स्थित हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड यानी हर्ल कारखाने का उद्घाटन करेंगे। इसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। बुधवार को हर्ल के निदेशक एसपी मोहंती ने कंपनी के प्रशासनिक हॉल में प्रेस वार्ता कर उद्घाटन और कारखाने के उत्पादन से जुड़ी जानकारी दी।

हर्ल के निदेशक ने कहा कि बड़ी हर्ष की बात है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 मई 2018 को जिस कारखाने की




शिलान्यास किया उसी कारखाने का वह एक मार्च को उद्घाटन करने यहां आ रहे है, जिसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से भी एसपीजी के दिशानिर्देश पर तैयारियां लगभग समापन की ओर है और अब बस उस क्षण का इंतजार है जब देश के प्रधानमंत्री इस कारखाने का उद्घाटन करंगे।

उन्होंने सिंदरी हर्ल के द्वारा की जा रही प्रोडक्शन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस फरवरी माह में सिंदरी हर्ल कारखाने से कुल सात लाख मीट्रिक टन अमोनिया और 11.91 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन किया गया है, जो आने वाले समय मे और बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि यहां से निकलने वाले उत्पाद अभी झारखंड के साथ साथ बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिसा, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ भेजा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में इस फैक्ट्री से सल्फर कोटेड यूरिया जिसे हम यूरिया गोल्ड भी कहते है उसका भी उत्पादन किया जाएगा। इसके अलावा और भी कई तरह के केमिकल बेस यूरिया का उत्पादन यहां से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यहाँ से निकलने वाले यूरिया की क्वालिटी काफी बेहतर है। जिससे किसानों को अपने खेतों में यूरिया छिड़काव में काफी

# बाईपास में सर्विस लेन से हटाया गया अतिक्रमण

**PHOTON NEWS KODERMA :** जिले के झुमरीतिलैया बाईपास में सर्विस लेन पर संचालित हो रहे गैरेज को हटाया जा रहा है। कोडरमा एसडीओ रिया सिंह की अगुवाई में डीटीओ विजय सोनी ने अभियान चला कर सर्विस रोड पर रिपेयरिंग के लिए खड़े ट्रैकों को हटाने का निर्देश दिया। साथ ही सड़क पर गाड़ियों की मरम्मती करने वाले गैरेज संचालकों पर जुमार्ना भी लगाया।

दरअसल तिलैया बाईपास में कई जगह पर फोरलेन का निर्माण कार्य अभी भी जारी है,



ऐसे में सर्विस रोड से लोगों को आवाजाही करने में आसानी होती, लेकिन ट्रकों के खड़े रहने के कारण लोगों को रॉन्ग साइड से फोरलेन पर वाहनों का परिचालन करना पड़ता है, जिसके कारण अक्सर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है और दुर्घटनाएं होती भी रहती है। डीटीओ विजय सोनी ने बताया कि यातायात नियमों के अनुपालन नहीं करने के साथ-साथ सर्विस रोड पर ट्रकों के खड़े रहने से हाल के दिनों में सड़क दुर्घटनाओं के मामले में बढ़ोतरी हुई हैं, जिसके मद्देनजर जिला प्रशासन ने सर्विस रोड को पूरी तरह से खाली करने का निर्णय लिया है और उसी आलोक में यह कार्रवाई की जा रही है।

प्रश्नकाल के दौरान सदन में उठा खूंटी के वेलकीदूरा उच्च विद्यालय का मामला

# दो कमरों में पढ़ते हैं पहली से दसवीं तक के छात्र

**PHOTON NEWS KHUNTI :** तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने बुधवार को विधानसभा के प्रश्नकाल के दौरान सरकार से पूछा कि क्या रनिया प्रखंड के बेलकीदूरा स्थित उच्च विद्यालय का संचालन मात्र दो कमरों में हो रहा है जबकि हर कक्षा के लिए अलग-अलग कमरे का होना जरूरी है। साथ ही पहली से दसवीं तक में मात्र 71 विद्यार्थी हैं और उन्हें पढ़ाने के लिए महज दो शिक्षक कार्यरत हैं। इसके कारण बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं।

इसके जवाब में प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि खूंटी के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बेलकीदूरा में कक्षा एक से कक्षा 10 तक पढ़ाई होती है। सरकार ने स्वीकार किया कि यहां सिर्फ दो कमरों में पठन-पाठन हो रहा है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिला योजना की अनाबद्ध निधि से दो नए अतिरिक्त कमरों की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, जिसका निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि


विधायक कोचे मुंडा।

छात्रों की संख्या बढ़ेगी, तो जरूरत के हिसाब से अन्य कमरों का भी निर्माण किया जाएगा।

इस पर विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि इलाके के छात्र पढ़ना चाहते हैं लेकिन दो कमरों में तमाम कक्षाएं चलने की वजह से पढ़ाई में दिक्कत होती है। इस वजह से सक्षम अभिभावक अपने बच्चों को दूसरे स्कूलों में भेजते हैं या फिर उनकी पढ़ाई बंद हो जाती है। कोचे मुंडा ने बताया कि विभागीय मंत्री ने आश्वस्त किया है कि उस स्कूल के लिए पर्याप्त संख्या में कक्षाओं का निर्माण कराया जाएगा।

# विधानसभा में नीलकंठ सिंह मुंडा ने उठाया नगर निकाय चुनाव नहीं होने का मामला

**KHUNTI :** खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने बुधवार को विधानसभा में नगर निकाय चुनाव कराने से संबंधित ध्यान आकर्षण प्रस्ताव आसन्न के समक्ष लाया। विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि अप्रैल 2023 में ही नगर निकायों का कार्यकाल समाप्त हो गया है। कार्यकाल समाप्त हो जाने की इतने दिनों के बाद भी चुनाव नहीं करना सरकार की मंशा पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। चुनाव नहीं होने के कारण 15वें वित्त की राशि जिससे स्थानीय जनप्रतिनिधि विकास उन्मुखी कार्य के लिए अपने क्षेत्र के लिए योजना का चयन करते हैं, राशि प्राप्त नहीं हो रही है। इसके कारण विकास का कार्य कहीं ना कहीं अवरुद्ध हुआ। विधायक में संबंधित विभाग के मंत्री से जानना चाहा कि नगर निकाय का कार्यकाल पूरा हो गया है, तो समय पर इसका चुनाव क्यों नहीं कराया गया। जवाब देते हुए विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के वाद संख्या डब्ल्यूपीसी 980/2019 किशन राव गवली वाद में यह आदेश पारित किया गया था कि ओबीसी को निर्वाचन प्राप्ति के लिए ट्रिपल टेस्ट किया जाए। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग आयोग को डेडीकेटेड कमिशन के रूप में अधिसूचित किया गया है। पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा रिपोर्ट प्राप्त होने पर नगरपालिका चुनाव अधिसूचित किया जाएगा।

**न्यायालय और सदन दोनों को गुमराह कर ही है सरकार: नीलकंठ**

मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने पुनः मंत्री से पूछा कि सर्वोच्च न्यायालय का मामला आरक्षण से संबंधित है ना कि निर्वाचन नहीं करने से संबंध। मुझे इस बात की जानकारी चाहिए कि चुनाव अपने निश्चित कार्यकाल पर क्यों नहीं किया गया। विधायक नें कहा कि न्यायालय के समक्ष शपथ पत्र में भी छह महीने के दौरान नगर निकाय चुनाव कराने की बात वर्तमान सरकार ने की थी। इस तरह का जवाब देकर झारखंड सरकार न्यायालय एवं सदन दोनों को गुमराह करने का काम कर रही है। माननीय विधायक ने यह भी कहा की नगर निकाय क्षेत्र में चाहे वह नगरपालिका हो नगर पंचायत हो या नगर परिषद चुने ही जनप्रतिनिधियों द्वारा योजना का चयन विकास के लिए किया जाता है लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में योजना चयन से लेकर आवंटन तक नगर निकाय प्रशासक द्वारा किया जा रहा है जो कि स्थानीय प्रतिनिधियों के अधिकार का हनन है। विधायक के प्रश्न का कोई जवाब विभाग के मंत्री के पास नहीं था। इस पर विधायक ने कहा कि जब चुनाव कराना था, तो पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन में सरकार ने कितनी देरी क्यों की। नीलकंठ सिंह मुंडा सरकार को सलाह दी कि पंचायत चुनाव से पूर्व जो व्यवस्था लागू की गई थी, उसी तरह की वैकल्पिक व्यवस्था लागू कर पूर्व में चुने हुए प्रतिनिधियों के उसके अधिकार वापस देने चाहिए, जब तक कि चुनाव ना हो।

प्रीम रोज स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित

# शिक्षा सभी बुराइयों को खत्म करने का एकमात्र रास्ता : मौलाना मंसूर

**PHOTON NEWS RANCHI :** प्रीम रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक मुजाहिदुल इस्लाम ने स्कूल परिसर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय से अच्छे अंकों से यूजी और पीजी उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया. कार्यक्रम में जामा मस्जिद के इमाम व खतीब मौलाना मंसूर आलम मजाहेरी, नई मस्जिद के इमाम व खतीब हाफिज इमामुद्दीन, जेएमएम-युवा मोर्चा के सदस्य आसिफ इकबाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए.

विशिष्ट अतिथि के रूप में आये मौलाना मंसूर आलम मजाहिरी ने कहा कि पवित्र कुरान की पहली आयत उस समय अवतरित हुई जब मक्का मुकर्रमा में कोई भी सामाजिक बुराई नहीं बची थी जो उस समय नहीं पाई जाती थी। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा एक ऐसी चीज है जो सभी बुराइयों को खत्म कर सकती है।

समारोह शुरू होने से पहले



स्कूल के निदेशक ने अतिथियों का स्वागत फूल माला पहनाकर किया. प्रीम रोज पब्लिक स्कूल बड़ागाई राँची के निर्देशक श्री मोजाहिदुल इस्लाम ने कहा कि इस कार्यक्रम को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य मुस्लिम समाज के बीच शिक्षा का स्तर को उपर ले जाना है। आज मुस्लिम समाज में खास कर लड़कियों को लोग आगे पढ़ाना नहीं चाहते है। इस सोच के बावजूद मुस्लिम समाज की बच्चियाँ आज इस मुकाम पर पहुच रही जिसपर हम सभी को उनपर गौरव महसुस होता है। स्कूल के निर्देशक ने अपने संबोधन में कहा कि कभी भी पैसे को अपनी जिंदगी मे बाधक ना बनने दे आज बहुत सी संस्थाएं है जो इस तरह के बच्चों को पढ़ने में सहयोग करने के लिए तत्पर है।

Weather
26.0° Highest Temperature
14.0° Minimum Temperature
Sunrise Tomorrow 18.10
Sunset Today 17.52

CITY

Daily THE PHOTON NEWS सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Thursday, 29 February 2024



BRIEF NEWS

## तुपुदानों में चोरों ने उड़ाया सामान, थाना में केस

**RANCHI :** तुपुदाना इलाके में रहने वाले धीरज मिश्रा ने चोरी होने का केस कराया है। धीरज ने पुलिस को बताया कि उनका एक जमीन है जहां एक कमरा बना हुआ है। चोरों ने कमरे का ताला तोड़ दिया और सारा सामान लेकर फरार हो गए। सीसीटीवी भी लगा हुआ था चोर वह भी अपने साथ लेकर चेल गए। पुलिस का कहा है कि घटना स्थल के समीप लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाला जा रहा है ताकि चोरों की पहचान हो सके।

## आर्दश नगर में रहने वाली नाबालिग लापता, केस

**RANCHI :** सदर थाना क्षेत्र स्थित आर्दश नगर में रहने वाली एक नाबालिग अपने घर से लापता हो गई है। नाबालिग के घरवालों ने बयान पर थाना में केस हुआ है। घरवालों ने पुलिस को बताया कि 22 फरवरी से नाबालिग घर से लापता है। घर में एक मोबाइल रहता था। उस नंबर पर एक अन्य नंबर से बार बार फोन आता था। घरवालों ने शक जताया है कि जिस नंबर से फोन आता था उसी नंबर के धारक ने नाबालिग को झांसा में लेकर फरार हो गया है।

## श्री महावीर मंडल ने किया स्वागत

**RANCHI :** श्री महावीर मंडल रांची एवं विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के द्वारा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी सह विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामेश्वर चौपाल एवं तपोवन मंदिर के महंत ओमप्रकाश शरण का भव्य स्वागत श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समारोह में आए सभी अतिथियों का भव्य स्वागत माला पहनाकर, चुनरी ओढ़ाकर किया गया।

## वित्त रहित मोर्चा का आज महाधरना

**RANCHI :** वित्त रहित मोर्चा के हजारों शिक्षक गुरुवार को विधानसभा के सामने महाधरना देंगे। मोर्चा ने इसके बाद दो मार्च को राज्यभर के सभी वित्त रहित स्कूल, इंटर कालेज, संस्कृत एवं मदरसा विद्यालय में एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल करने की घोषणा की है। इस संबंध में सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने का आग्रह किया है। बुधवार को वित्त रहित मोर्चा के द्वारा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन एवं शिक्षा सचिव को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया गया। मोर्चा ने कई मांगे रखी है जिसमें वित्त रहित संस्थाओं को वर्ष में एक बार मिलने वाले अनुदान की राशि में 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी कमेटी के अनुशंसा के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023-24 से करने की मांग है।

## दिलीप घोष की डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला सुरक्षित

**RANCHI :** जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित दिलीप घोष की डिस्चार्ज पिटीशन पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट में बुधवार को सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा है। कोर्ट 12 मार्च को अपना आदेश सुनायेगा। यह मामला बरियातू की सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन घोटाला मामले से जुड़ा है। मामले के आरोपितों पर अब आरोप गठन होना है। इससे पहले आरोपितों ने आरोप मुक्त कराने के लिए अदालत में अर्जी दी है। दिलीप घोष ने 12 जनवरी को डिस्चार्ज पिटीशन दायर कर इस केस से खुद को आरोप मुक्त कराने का आग्रह अदालत से किया है।

## घोषणा नहीं संकल्प पत्र बनाती है भाजपा : संजय

**RANCHI :** भाजपा भारत की एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो घोषणा पत्र जारी नहीं करती है, संकल्प पत्र जारी करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम घोषणाओं पर नहीं संकल्प लेने बल्कि उसे पूर्ण करने पर विश्वास करते हैं। उक्त बातें रांची के सांसद संजय सेठ ने भाजपा महानगर कार्यालय में विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान के दौरान कही। सेठ ने कहा कि विकसित भारत प्रधानमंत्री का लक्ष्य है। मोदी की गारंटी इस देश की जनता का विश्वास है। इसी लक्ष्य के साथ हमने राष्ट्रीय स्तर पर संकल्प पत्र सुझाव अभियान आरंभ किया है। भाजपा का यह लक्ष्य है कि हम अपने संकल्प पत्र में आम जनता से सुझाव लेने, उनके विचारों को लेने और उसे शामिल कर रहे हैं ताकि 2047 तक विकसित भारत का संकल्प पूर्ण हो। इतने बड़े संकल्प को पूर्ण करने के लिए आम जनता की सहभागिता सबसे आवश्यक है।





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड की राजधानी रांची पहुंची। सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड के दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए यहां आईं महामहिम का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया।

## ज्ञान से बड़ा कोई धन नही : सीएम

**PHOTON NEWS RANCHI :** दीक्षांत समारोह में सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि ज्ञान से बड़ा कोई धन नहीं। इसके जरिये बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। राज्य सरकार राज्य में शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने को संकल्पित है। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को स्वीकार कर लिया गया है। चेरी मनातू परिसर में सेंट्रल यूनिवर्सिटी की



जरूरतों के अनुसार, रैयती भूमि का अधिग्रहण कर उसे देने का निर्णय लिया गया है। भूमि अधिग्रहण में देरी हो रही है, इसे शीघ्र दूर किया जायेगा। विद्युत आपूर्ति निर्बाध हो, इस पर काम हो रहा है। जलापूर्ति भी पर्याप्त हो, इसे तय किया जा रहा है। सड़क निर्माण का कार्य भी जोरों पर है। उन्होंने उम्मीद जताते कहा कि मेडल, डिग्री पाने वाले स्टूडेंट्स के ज्ञान से झारखंड प्रदेश भी लाभान्वित होगा। आदिवासी बहुल क्षेत्र में सेंट्रल यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बहुत जरूरत है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का छात्रों से आग्रह समृद्ध-विकसित भारत के लिए करें काम

### बोलीं- 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने का लक्ष्य, छात्र इसका लाभ उठाएं

**PHOTON NEWS RANCHI :** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होने रांची आयी हैं। वहीं मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन भी दीक्षांत समारोह में मौजूद रहे। द्रौपदी मुर्मू ने दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए छात्रों से समृद्ध और विकसित भारत के लिए काम करने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों से यह संकल्प लेने का आग्रह किया कि वे जिस भी क्षेत्र में काम करें, विकसित भारत के लिए काम करें। द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। जहां 55 प्रतिशत आबादी 25 साल की उम्र से कम है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और यह 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने जा रही है। आगे कहा कि जैसा कि आप जानते हैं कि हमने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है, इसलिए, छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर है। हमें इसी के अनुसार अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

**केवल करियर बनाना जिम्मेदारी नहीं, समाज की बेहतरी में योगदान देना भी है :** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सरकार छात्रों को अनुसंधान और नवाचार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए काम कर रही है। कहा कि सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए भी काम कर रही है। वहीं राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने कहा कि छात्रों की जिम्मेदारी न केवल अपना करियर बनाना है, बल्कि समाज की बेहतरी में योगदान देना भी है।



दीक्षांत समारोह में फोटो सेशन के दौरान राष्ट्रपति, झारखंड के राज्यपाल, सीएम चंपाई सोरेन और अन्य।

## सुबह 10:30 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल और सीएम ने गुलदस्ता देकर किया स्वागत

**RANCHI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने फूलों का गुलदस्ता देकर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का झारखंड की धरती पर स्वागत किया। मुख्य सचिव एल खियांग्ते, झारखंड के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह के साथ-साथ अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों ने भी राष्ट्रपति का स्वागत किया। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने फूलों के गुलदस्ता के साथ-साथ एक शॉल भी भेंट किया। राष्ट्रपति वायुसेना के विशेष विमान से सुबह 10:30 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचीं। एयरपोर्ट पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद वह सीयूजे के दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए सीयूजे रवाना हो गईं। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से रिंग रोड होते हुए राष्ट्रपति सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड के चेरी-मनातू स्थित परिसर पहुंचीं। यहां केंद्रीय विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। स्टूडेंट्स को मेडल दिया। उन्हें संबोधित किया और फिर वहां से ओडिशा के लिए रवाना हो गईं। राष्ट्रपित द्रौपदी मुर्मू ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में 3 विद्यार्थियों को चांसलर मेडल दिया। चांसलर मेडल पाने वाले स्टूडेंट्स में इंटीग्रेटेड एमटेक के शुभम भट्टाचार्य, एमटेक के उत्पल और एमएससी के अभिजीत गांगुली शामिल हैं। राष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह में 67 मेडल प्रदान किए, जिसमें 58 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल मिला। राष्ट्रपति के रांची आगमन की वजह से उनके यहां आने और जाने के दौरान रांची को नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया था।

## जब भी झारखंड आती हूं तो लगता है मैं अपने घर वापस आई हूं : राष्ट्रपति



कार्यक्रम को संबोधित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

**PHOTON NEWS RANCHI :** राष्ट्रपति ने कहा कि मैं जब भी झारखंड आती हूं तो लगता है अपने घर वापस आई हूं। मैंने राज्यपाल के तौर पर यहां काम किया है। बिरसा की धरती पर होने का सौभाग्य मुझे खुशी से भर देता है। झारखंड की 26 प्रतिशत आबादी जनजाति है, जनजाति से मेरा जुड़ाव रहा है। आप सोचते होंगे कि मैं जनजाति से हूं इसलिए इनसे प्रेम करती हूं, लेकिन ऐसा नहीं है। जो पीछे हैं, कमजोर हैं, इसलिए मैं प्यार करती हूं। उन्हें प्रेरणा मिले वो आगे बढ़े। मैं आपसे कहना चाहती हूं कि आप उनके लिए भी सोचिए। जनजाति लोग भी विकास की मुख्य धारा से जुड़े। हम जानते हैं कि जनजातीय लोगों के पास पारंपरिक ज्ञान का भंडार है। इससे वह जीवन बेहतर बना सकते हैं, अगर हम उनकी जीवन शैली और पद्धति से सीख पाएं तो हम ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निपट सकते हैं। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने फूलों का गुलदस्ता और एक शॉल भी भेंट की।

## घरवालों के साथ मारपीट व दीवार गिराने का आरोप

### 15 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज

**CRIME REPORTER RANCHI :** सदर थाना क्षेत्र स्थित तिरिल में रहने वाले राजीव रंजन ने शनिचरवा समेत 15 लोगों के खिलाफ घरवालों के साथ मारपीट करने और घर का दीवार गिराने के आरोप में नामजद प्राथमिकी कराया है। इसके अलावा 50 अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। राजीव रंजन का कहना है कि उनका दीवार गिर गया था। वह दीवार का निर्माण करा रहे थे। तभी शनिचरवा और अन्य लोग मौके पर पहुंचे और गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर मारपीट किया।

## ऑटो चालक के साथ मारपीट, एफआइआर

**RANCHI :** हिंदपीढ़ी इलाके में रहने वाले ऑटो चालक वाहबुद्दीन के साथ मारपीट कर उसका पैसा छीन लेने के आरोप में फरहान और अन्य युवकों के खिलाफ थाना में केस हुआ है। वाहबुद्दीन ने पुलिस को बताया कि वह आटो लेकर घर जा रहा था तो आरोपितों ने उसे रास्ते में रोक लिया। बीच बचाव करने आई वाहबुद्दीन की पत्नी के साथ भी आरोपियों ने छेड़खान कर दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपितों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में सेना के जवान की मौत

**RANCHI :** कांके इलाके में बुधवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सेना के जवान महादेव उरांव की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव स्वजनों के हवाले कर दिया। पुलिस का कहना है कि अज्ञात वाहन के खिलाफ थाना में केस हुआ है। सीसीटीवी से वाहन की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। महादेव उरांव की पत्नी रोज तिर्की ने पुलिस को बताया कि महादेव बिहार रेजिमेंट में थे। उनकी पोस्टिंग जम्मू कश्मीर में थी। एक माह पहले वह छुट्टी पर रांची आए थे। रातू इलाके से वह कांके की ओर जा रहे थे तभी बाजार टांड के पास वह किसी वाहन की चपट में आ गए। मौके पर मौजूद लोगों ने जख्मी हालत में जवान को रिम्स पहुंचाया लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## रांची के रातू में महिला पारा टीचर से बाइक सवार दो अपराधियों ने की एक लाख रुपए की छिनतई

### मकान बनाने के लिए बैंक से निकाले थे पैसे, स्कूटी से लौट रही थी घर

- हेहल जामुनटोली की रहने वाली है सहायक शिक्षिका मीना तिर्की
- बिजुलिया स्कूल में पारा टीचर है मीना तिर्की
- थैले में पैसे के साथ रखे थे कुछ कागजात



**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड की राजधानी रांची के रातू थाना क्षेत्र में एक महिला सहायक शिक्षक (पारा टीचर) से दिनदहाड़े एक लाख रुपए की छिनतई हुई है। घटना रातू थाना क्षेत्र के फुटकलटोली के समीप हुई। बाईक सवार दो अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया। रांची के हेहल जामुनटोली निवासी सहायक शिक्षिका मीना तिर्की थैले में एक लाख रुपए लेकर जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में बाइक सवार दो लोग आए और झपट्टा मारकर उनका थैला लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, मीना तिर्की बिजुलिया स्कूल में पारा टीचर हैं। घर बनाने के लिए बुधवार (28 फरवरी) को अपने पति सोहराई उरांव के साथ बैंक ऑफ इंडिया रातू चट्टी ब्रांच गईं थीं। बैंक से एक लाख रुपए निकाले और थैले में लेकर अपने घर जा रहीं थीं। पिर्रा रोड स्थित एनबी पेट्रोल पंप से अपनी स्कूटी (जेएच 01डीए 8657) से जब घर जा रही थी, तभी फुटकलटोली के समीप पीछे से अचानक बाईक सवार दो अपराधी आये और उनके हाथ से रुपए से भरा थैला झपटकर भाग गए। थैले में कुछ कागजात भी थे। थैला झपटने के बाद दोनों अपराधकर्मी हाजी चौक की ओर भाग गए। इस संबंध में थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ छिनतई का मामला दर्ज कराया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही। फरवरी के महीने में यह तीसरा मौका है, जब बैंक से पैसे निकालकर जा रहे किसी व्यक्ति से इस तरह छिनतई हुई।

### गिरफ्तारी, समन और रिमांड को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिट याचिका पर हुई सुनवाई

# हेमंत सोरेन की रिट याचिका पर हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी, समन और रिमांड को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रेट याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। ईडी की ओर से एएसजीआई एसवी राजू ने पक्ष रखते हुए कहा कि इस याचिका को खारिज किया जाना चाहिए। क्योंकि, हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी के पास प्रर्याप्त सबूत हैं। शेड्यूल ऑफिंस का मामला बनता है। बड़गाई अंचल के उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के सहयोग से हेमंत सोरेन ने बड़गाई अंचल की 8.5 एकड़ पर कब्जा कर रखा था। भानु प्रताप, सीओ मनोज कुमार, सीएमओ के कर्मी और जमीन के केयरटेकर ने भी उक्त जमीन का संबंध हेमंत सोरेन से बताया है। उन्होंने बताया है कि इस जमीन पर हेमंत तीन बार गये भी थे। विनोद सिंह के साथ हेमंत सोरेन के व्हाट्सअप चैट में इस जमीन पर बैंक्वेट हॉल बनाये जाने की बात सामने आयी है। 16 अगस्त को अंचलाधिकारी बड़गाईं को राज कुमार पाहन द्वारा उनकी जमीन पर कब्जे की शिकायत के बाद आनन-फानन में 29 जनवरी को एसएआर कोर्ट ने अंतिम रूप से राजकुमार पाहन को उक्त जमीन का मालिकाना हक दे दिया। यह मालिकाना हक भी उन्हें तब दिया गया जब दिल्ली में हेमंत सोरेन के आवास पर ईडी की छापेमारी हुई थी। पहले समन के बाद ही तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पावर का उपयोग करते हुए इस केस से संबंधित साक्ष्य को नष्ट करने की कोशिश की है। ईडी ने जमीन घोटाला मामले में हेमंत सोरेन को आठ अगस्त, 2023 को पहला समन किया था और उन्हें 14 अगस्त, 2023 को उपस्थित होने के लिए कहा गया था।



## समन की अवहेलना मामले में फैसला चार मार्च को

**RANCHI :** समन की अवहेलना करने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ दर्ज मामले में सीजेएम के के मिश्रा की कोर्ट में बुधवार को दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। मामले में अदालत चार मार्च को फैसला सुनायेगी। इस मामले में ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई है। शिकायतवाद में शिकायतकर्ता ईडी की ओर से बताया गया है कि हेमंत को ईडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। यह ईडी के समन की अवहेलना है। हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष 20 जनवरी को 8 वां समन एवं 31 जनवरी को दसवां समन में उपस्थित हुए थे। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से दलील देते हुए कहा गया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के समन मामले में ईडी ने दिल्ली में सीजेएम कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया था।

## फुलेश्वर गोप की जमानत पर हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआइ द्वारा उगाहे गये लेवी के रुपये शेल कंपनी शिव आदि शक्ति इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड में निवेश करने से संबंधित मामले में आरोपित फुलेश्वर गोप की जमानत याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि फुलेश्वर गोप शिव आदि शक्ति इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर थे लेकिन कंपनी में उनका शेयर मात्र पांच प्रतिशत का था। लेवी का कोई पैसा इस कंपनी में नहीं लगा है। इस



कंपनी में प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआइ के सुप्रीमो दिनेश गोप की पत्नी हीरा देवी भी डायरेक्टर थी। आरोप है कि इस शेल कंपनी के माध्यम से पीएलएफआइ द्वारा अर्जित लेवी का पैसा का विभिन्न कामों में लगाया जाता था। इस मामले में फुलेश्वर गोप तीन साल छह माह से जेल में है। मामले को लेकर बेड़ो थाना कांड संख्या 67/ 2016 दर्ज किया गया था। केंद्र सरकार द्वारा इस मामले को एनआईए जांच के लिए हैंडओवर किया गया था।

# करोड़ों का जीएसटी घोटाला करने वाला आरोपी कोलकाता से धराया

## सिर्फ जमशेदपुर से ही किया था 130 करोड़ का जीएसटी घोटाला, भेजा गया जेल



गिरफ्तार ओरोपी शिव कुमार देवड़ा को ले जाती टीम। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर जीएसटी इंटेलिजेंस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। टीम ने करोड़ों के जीएसटी घोटाले में कोलकाता में छापेमारी कर शिव कुमार देवड़ा को गिरफ्तार किया है। जीएसटी इंटेलिजेंस को कई महीनों से शिव कुमार की तलाश थी। शिव की गिरफ्तारी के लिए जमशेदपुर जीएसटी इंटेलिजेंस को टीम बीते तीन दिनों से कोलकाता में डेरा डाले हुई थी। कोलकाता के जिस फ्लैट से उसकी गिरफ्तारी हुई उसकी कीमत चार करोड़ रुपए आंकी गई है, टीम शिव को लेकर जमशेदपुर पहुंची जहां बुधवार को उसे एमजीएम अस्पताल में मेडिकल कराने के बाद जेल भेज दिया गया।

**जमशेदपुर में 130 करोड़ का जीएसटी घोटाला :** जानकारी के अनुसार बीते दिनों पुलिस ने जीएसटी घोटाले में ही जुगसलाई निवासी विक्की भालोटिया को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में शिव कुमार का नाम सामने आया था। सिर्फ जमशेदपुर में ही शिव ने 130 करोड़ का जीएसटी घोटाला किया है। इसके अलावा जांच में यह आंकड़ा 500 करोड़ के पार जा सकता है। शिव कुमार 20 से ज्यादा फर्जी कंपनी बनाकर फर्जी तरीके से ट्रांजेक्शन करता था। जांच में 780 करोड़ का बोगस ट्रांजेक्शन सामने आया है जो 2000 करोड़ तक जा सकता है। शिव कुमार ने जमशेदपुर के अलावा हैदराबाद, चेन्नई, विजयवाड़ा, दिल्ली और मुंबई समेत देश के अन्य शहरों में भी फर्जी कंपनियां खोल रखी है।

**महिलाओं को नौकरी दिलाने के नाम पर रख लेता था डॉक्यूमेंट :** जांच में यह बात सामने आई कि शिव कुमार महिलाओं को नौकरी दिलाने के नाम पर उनका दस्तावेज रख लेता था और उसका इस्तेमाल कर एक फर्जी कंपनी खोल लेता था। जानकारी मिलने पर जीएसटी इंटेलिजेंस के डीजी राजीव रंजन ने एक टीम का गठन किया और फिर लगातार छापेमारी की। तीन दिनों तक रेकी करने के बाद आखिरकार उसे कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया गया।

# टकलू लोहार हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार



मीडिया को जानकारी देते एसएसपी व पकड़ गए आरोपी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जिले के सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के चौधरी होटल के पास टकलू लोहार की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य शूटर और साजिशकर्ता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों की निशानदेही में पुलिस ने घटना में प्रयुक्त देसी कट्टा और एक कारतूस बरामद किया है।

एसएसपी किशोर कौशल ने बुधवार को बताया कि पुलिस ने मुख्य शूटर सौरभ यादव उर्फ साहिल यादव उर्फ गोलू और साजिशकर्ता रघुनाथ मन्ना उर्फ रघु मन्ना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने साहिल की गिरफ्तारी दिल्ली से की है। इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता माशूक मनीष और शूटर कांडी अब भी फरार हैं। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

उल्लेखनीय है कि सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के चौधरी होटल के पास एक फरवरी को टकलू लोहार की हत्या कर दी गई थी।

**BRIEF NEWS**

## सीएम नवीन पटनायक ने सुंदरगढ़ क्रिकेट अकादमी का किया उद्घाटन



**SUNDARGARH :** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को को कटक बारबाटी स्टेडियम के बदलाव के साथ-साथ विभिन्न जिलों में 41 क्रिकेट अकादमियों का उद्घाटन किया। इसमे सुंदरगढ़ क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन ,सुंदरगढ़ जिला खेल सांसद परिसर का मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से इसका उद्घाटन किया है। इस अवसर पर सुंदरगढ़ में आयोजित उद्घाटन सभा में अतिरिक्त जिलापाल रवि नारायण साहू और अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। यह अकादमी सुंदरगढ़ जिले की क्रिकेट प्रतिभाओं की खोज और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर सुंदरगढ़ खेल संसद के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खेलो इंडिया में राउरकेला की आशा मुंडारी और शुभराजा हुई चयनित



**ROURKELA :** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी लेवल एथलेटिक्स का आयोजन 25 फरवरी-29 फरवरी तक असम के गुवाहाटी में किया जा रहा है। इसमें राउरकेला की लड़की और चन्द्रशेखर खेल संगठन से जुड़ी आशा मुंडारी ने पहली बार खेलो इंडिया वॉलीबॉल में भाग लिया। इसी तरह, संगठन के सबसे सफल सदस्यों में से एक शुभराजा बडजेना फेडरेशन भी तकनीकी अधिकारी के रूप में शामिल हो गए हैं। चन्द्रशेखर खेल संगठन की ओर से कोच एवं प्रमुख देवदत्त जेना ने खेलो इंडिया में भाग लेने वाली इन दोनों प्रतिभाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## गरिमा योजना के तहत श्रमिकों को मिल रहा प्रशिक्षण



**ROURKELA :** कोर स्वच्छता कार्यकर्ताओं के दूसरे बैच के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज ओयूए सैटेलाइट सेंटर, एफएसटीपी, राउरकेला में शुरू हुआ। यह संयुक्त रूप से नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स के सीआईटीआईआईएस कार्यक्रम के सहयोग से ओडिशा शहरी अकादमी द्वारा आयोजित किया जाता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में, सुंदरगढ़, तालचेर, झारसुगुड़ा और राउरकेला के प्रशिक्षुओं को 'सीवर एंट्री पेशेवर' बनने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। ओडिशा सरकार की एक योजना 'गरिमा' के तहत सशक्त बनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कोर स्वच्छता श्रमिकों की सुरक्षा और गरिमा बढ़ाना है।

## सुंदरगढ़ तहसील कार्यालय द्वारा राजस्व मेला का आयोजन



**SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ तहसील कार्यालय ने आज बरगड़ स्थित राजस्व निरीक्षक कार्यालय परिसर में राजस्व मेले का आयोजन किया है। इस अवसर के दौरान लाभार्थियों को आवास भूमि पट्टा वितरित किए गए और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के तहत विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा की गई। कार्यक्रम में सदर तहसील अंतर्गत 8 भूमिहीन लाभार्थियों को बसुंधरा योजना के तहत आवास भूमि पट्टा आवंटित किये गये। साथ ही उपस्थित लोगों को भूमि पट्टा प्राप्त करने हेतु प्रपत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर तहसीलदार कुलमणि रणबिदा, अतिरिक्त तहसीलदार, मुख्य राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे तथा विभाग से उपलब्ध विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों जैसे भूमि बंधक, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, ऑनलाइन की प्रमाणित प्रति के बारे में जनता को जानकारी दी। पट्टा आदि इसी प्रकार राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निदेशों के अनुसार प्राकृतिक आपदाओं (आकाशीय बिजली, गर्मी, भारी बारिश, नाव पलटना, डूबना, सांप काटने आदि) से मृत्यु के क्षेत्रों में वित्तीय सहायता पर अपने ही करने की सलाह दी गई।

### एलबीएसएम कॉलेज में बॉडी लैंग्वेज एंड बिहेवियर पर व्याख्यान आयोजित

# बॉडी लैंग्वेज उम्मीदवार के व्यक्तित्व, ईमानदारी और वास्तविकता के बारे में बहुत कुछ बताता है : डॉ मित्रा



डॉ डीके मित्रा को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते डॉ प्रशांत। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग के साइकोलॉजी क्लब की ओर से आयोजित पर्सनालिटी डिवेलपमेंट व्याख्यामाला की चौथी व अंतिम कड़ी मंगलवार को संपन्न हुई। इसका विषय बॉडी लैंग्वेज एंड बिहेवियर था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा ने की। प्राचार्य डॉ झा एवं मनोविज्ञान विभाग व कार्यक्रम के संयोजक डॉ प्रशान्त व प्रो प्रमीला किस्कू ने मुख्य वक्ता डॉ डीके मित्रा को अंगवस्त्र, तुलसी पौधा और सर्टिफिकेट भेंट कर सम्मानित किया।

प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि बॉडी लैंग्वेज एंड बिहेवियर हमारे व्यक्तित्व को प्रदर्शित करने का एक अशाब्दिक माध्यम है। बिन बोले व्यवहार को समझ पाना वैसे ही एक कठिन काम है, क्योंकि हर इंसान का बॉडी लैंग्वेज प्रस्तुत करने का तरीका अलग होता है। हम अपने भीतर के बातों को किस तरह से संप्रेषित कर पाते हैं, यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे फूल अपनी सुगंध से सभी को अपनी ओर आकर्षित करती है ठीक उसी तरह व्यक्ति का बॉडी लैंग्वेज भी दूसरे व्यक्ति को प्रभावित करता है।

मुख्य वक्ता डॉ डीके मित्रा ने कहा कि भाषा संप्रेषण की एक कला है। भाषा और संप्रेषण जितना प्रभावी होगा उतना ही आप प्रबंधन को प्रभावित कर सकते हैं। व्यक्ति अपनी भावनाओं और अभिव्यक्तियों के लिए प्रायः बॉडी लेंग्वेज का प्रयोग करता है। बॉडी लैंग्वेज किसी साक्षात्कार का एक महत्वपूर्ण पहलू है, क्योंकि यह उम्मीदवार के व्यक्तित्व, ईमानदारी और वास्तविकता के बारे में बहुत कुछ बता सकती है। साइकोलॉजी क्लब के प्रथम सेमेस्टर के छात्र जगरनाथ सरदार ने मंच संचालन किया। प्रथम सेमेस्टर की छात्रा तुलसी तुबिद ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रो पुरषोत्तम प्रसाद, प्रो विनोद कुमार, डॉ विनय कुमार गुप्ता, डॉ दीपंजय श्रीवस्तव, डॉ नुपूर, प्रो मोहन, डॉ सन्तोष, डॉ सुधीर कुमार, प्रो सलोनी रंजने, डॉ रानी, शिक्षकेत?तर कर्मचारी विनय कुमार समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## आंधी, वर्षा व हाथियों से त्रस्त रहे किरीबुरु के लोग

**CHAIBASA :** किरीबुरु-मेघाहातुबुरु एवं सारंडा के विभिन्न क्षेत्रों में 27-28 फरवरी की रात तेज आंधी व वर्षा के बीच हाथियों का किरीबुरु में प्रवेश की वजह से लोग परेशान रहे. वर्षा की वजह से तामपान में भी भारी गिरावट देखी गई. किरीबुरु का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री एवं अधिकतम 26 डिग्री के आसपास पहुंच गया है. उल्लेखनीय है कि 27 फरवरी की रात लगभग 8-9 बजे सारंडा जंगल से तीन हाथियों का समूह किरीबुरु शहर के मुगार्पाडा. व आर सी सिंह हाटिंग के बिल्कुल करीब पहुंच गया था. बस्ती के लोग अपने हाथों में मशाल व टार्च लिये एवं पटाखे फोड़ते उक्त हाथी को भगाने के कार्य में लगे थे. तभी तेज आंधी के साथ वर्षा प्रारम्भ हो गई. इसके बाद सभी जनता अपने-अपने घरों की तरफ भागे. लोगों में भय था कि अगर वर्षा के दौरान हाथी उनकी बस्तियों में घुस आयेगा तो भारी नुकसान पहुंचा देगा। क्योंकि वर्षा के कारण मशाल व आग जल नही पायेगा एवं लोग हाथी भगाने बाहर नहीं निकल पायेंगे, जिससे हाथी अधिक नुकसान पहुंचा देगा। लेकिन अच्छी बात यह रही की वर्षा के दौरान हाथी बस्तियों से दूर ओड़िसा सीमा में प्राकृतिक नाला व जंगलों की तरफ चला गया।

# केंद्रीय विद्यालय में नये शिक्षक शिक्षिकाओं का इंटरव्यू प्रारंभ



इंटरव्यू में शामिल शिक्षक-शिक्षिकाएं। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** केन्द्रीय विद्यालय, मेघाहातुबुरु के प्राचार्य डा0 आशीष कुमार के नेतृत्व में यह विद्यालय निरंतर शिक्षा व अन्य शैक्षणिक, खेल गतिविधियों की तरफ अग्रसर है। विद्यालय की स्थिति व शिक्षा स्तर में व्यापक सुधार हेतु बीते दिनों प्राचार्य डा0 आशीष कुमार ने तमाम वर्गों के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के साथ बैठक की थी। बैठक में अभिभावकों ने प्राचार्य को कुछ विषयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं की कमी को दूर करने समेत अन्य सुझाव दिये थे। अभिभावकों से मिले सुझाव पर त्वरित कदम उठाते हुये प्राचार्य से 28 फरवरी को प्राईवेट शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारम्भ की।

बुधवार को पीजीटी, टीजीटी, पीआरटी, स्पेशल एजूकेटर, बाल बाटिका, डांस, खेल आदि के शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावे नर्स की नियुक्ति प्रक्रिया प्रारम्भ है। इस नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होने के लिये विभिन्न शहरों से लगभग 70 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकायें आये हुये हैं। सभी का पहले रजिस्ट्रेशन एवं वेरिफिकेशन प्रक्रिया जारी है। तत्पश्चात इंटरव्यू होना है। इस नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी व कदाचार मुक्त बनाने हेतु सेल मेघाहातुबुरु के महाप्रबंधक संजय कुमार सिंह एवं महाप्रबंधक ए के पटनायक को विशेष अधिकारी के रुप में नियुक्त किया गया है।

प्राचार्य डा आशीष कुमार ने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु को देश का बेहतर स्कूल बनाना हमारा लक्ष्य है। इस विद्यालय के छात्र-छात्रायें हर बार शत फीसदी रिजल्ट बेहतर अंकों के साथ लाये।

# टाटा कॉलेज के 37 विद्यार्थी शोध के लिए पहुंचे टाटीबा

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** मानव विज्ञान विभाग, टाटा कॉलेज, चाईबासा के स्नातक एक एवं छह सेमेस्टर के 37 सदस्यीय छात्र-छात्राओं का दल विभागाध्यक्ष डा नीलम नाग के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण व शोध हेतु सारंडा जंगल स्थित बिरहोरों की बस्ती टाटीबा एवं बराईबुरु गांव में पिछले 10 दिनों से डेरा डाले हुये है। विभागाध्यक्ष डा नीलम नाग ने बताया कि यह शैक्षणिक दौरा 15 दिनों का है। इसमें 37 सदस्यीय टीम है, जिसमें स्वंय मैं तथा कुछ पीजी के छात्र-छात्रायें भी हैं। यह दौरा पाठ्यक्रम पर आधारित व महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस दौरे के क्रम में तमाम छात्र-छात्रायें जनजातीय समुदाय के लोगों का रहन-सहन, संस्कृति, वेष-भूषा, खान-पान, जीवन शैली समेत तमाम विशेषताओं और उनके संघर्षमय जीवन को देखने, डाटा कलेक्शन आदि उनके बीच रहकर अध्ययन कर सीखें। जब तक हम उनके बीच में नहीं रहेंगे, तब तक में उनकी वास्तविकता को नहीं समझ सकते हैं।

# श्री जय बजरंग अखाड़ा कमेटी पंचतीर्थ मंदिर के अध्यक्ष बने प्रमोद जयसवाल



कमेटी के नवनिर्वाचित सदस्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला जीटी लेन स्थित श्री जय बजरंग अखाड़ा कमिटी पंचतीर्थ मंदिर में बुधवार को रामनवमी को लेकर सदस्यों की बैठक की। कमेटी द्वारा यह बताया गया कि यह अखाड़ा लगभग शहर के पुराने अखाड़ों में से एक है, हर साल की तरह इस बार भी भव्य तरीके से रामनवमी मानने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में नई अखाड़ा कमिटी का गठन किया गया। लगातार 31 सालों से अध्यक्ष पद पर जगदेव सिंह ने इस वर्ष अपने पद से इस्तीफा देते हुए कहा कि नए युवा को मौका मिलना चाहिए। प्रमोद जयसवाल नए अध्यक्ष बनाए गए। जितेंद्र प्रसाद को सचिव पद पर चुना गया।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष जगदेव सिंह, वर्तमान अध्यक्ष प्रमोद जयसवाल, सचिव जितेंद्र प्रसाद, संजय सिंह, राजू जोशी, गौतम भगत, पवन महतो, अर्जुन शर्मा, रामनिवास अग्रवाल, मनन सिंह, पप्पू बारीक, संतोष मिश्रा, रामबली गुप्ता, विद्या सागर मूलचंदानी, विनय सिंह, गुलाब सिंह, बबलू चौरसिया, पप्पू जायसवाल, अशोक साहू, लालू सिंह, शिव कुमार जयसवाल, गोपीचंद मूलचंदानी, सुभाष बारीक, नवप्रीत सिंह, राजा जयसवाल, सुभाष अग्रवाल एवं कपिलाश ओझा शामिल थे।

## ट्रक की टक्कर से चार वर्षीय बालक की मौत



**ROURKELA :** बरसुआं में बुधवार को एक 4 वर्षीय बच्चों की मौत ट्रक के टक्कर से हो गई। बच्चें के माता पिता के सामने उसके ऊपर ट्रक चढ़ जाने से मृत्यु हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर तनाव फैल गया। सुंदरगढ़ जिले के लाहुनी पाड़ा पुलिस थाना के बरसुआं बाजार के पास एक चार साल का बच्चा अपने पिता और मां के साथ पैदल जा रहा था, तभी ट्रक ने बच्चे को कुचल दिया। बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा बुधवार शाम को हुआ। हादसे के बाद घटनास्थल पर तनाव फैल गया। घटनास्थल पर पुलिस पहुंच कर लोगों से पूछताछ किए और दोषी ट्रक चालक पर कानूनी कारवाई का भरोसा दिए।

# शॉट बाउंड्री क्रिकेट प्रतियोगिता में मारुति टीम रही चैंपियन




पुरस्कार के साथ विजेता टीम व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** रघुनाथपल्ली निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर 20 के आजाद बस्ती मैदान में नेहरू क्लब द्वारा आयोजित दूसरा नेहरू क्लब सेक्टर 20 शॉट बाउंड्री क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट पिछले 19 फरवरी से शुरू हुआ और 26 फरवरी को समाप्त हुआ। 26 को फाइनल मुकाबला मारुति टीम बनाम अंबेडकर क्लब के बीच हुआ और मारुति टीम जीत हासिल की। संवित मोहंती को फाइनल मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया और मारुति टीम के कान्हा सुई को प्रत्येक मैच में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद पूरे खेल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

जेंटल परिदा और बीजू जनता दल के रघुनाथपली सभापती राकेश स्वाई उपस्थित हुए और ट्रॉफी और पुरस्कार वितरित किए। टूर्नामेंट को सफल बनाने में सौम्य रंजन जेना, रंजीत महराना, दीपक पांडा, बिस्वजीत नाग, सारत, रितेश पुष्टि, विशाल महालिक, सूरज कुमार, अनमोल सेठी, केबल लाल सेठी, मानस दलई, अमन दत्त, बुबुन, रुद्र, अरुण पुहान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभई ।पिंटू, एसके रियाजुद्दीन, एसके अरमान, एसके इमरान, उदय रजक, रिकी, आयुष राउत ने प्रमुख योगदान दिया।

### करीम सिटी कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, छात्रों के लिए भाषण प्रतियोगिता आयोजित

# विज्ञान की उपलब्धियों में सकारात्मक बढ़ोतरी करें : मोहम्मद रेयाज



कार्यक्रम में शामिल अतिथि व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** करीम सिटी कॉलेज के विज्ञान संकाय की ओर से मंगलवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज ऑडिटोरियम में छात्र-छात्राओं के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था-मेरा पसंदीदा वैज्ञानिक। प्रतियोगिता को अंग्रेजी तथा हिंदी दो श्रेणियों में विभक्त किया गया था। अंग्रेजी में 16 छात्र-छात्राओं तथा हिंदी में पांच छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। प्रत्येक प्रतिभागी ने अपने पसंदीदा वैज्ञानिकों जैसे सर सीवी रमन, मेरी क्यूरी, सुब्रमण्यम भूपति, एपीजे अब्दुल कलाम, जगदीश चंद्र बोस, डॉ हरगोविंद खुराना थॉमस एडिसन, एस स्वामी नाथन व अन्य की जीवानी तथा उपलब्धियों से सभा को अवगत कराया। यह व्यक्त किया कि इन वैज्ञानिकों की उपलब्धियां हमारे लिए आधार हैं, क्योंकि विज्ञान का सफर अनंत है।

प्रतियोगिता में राजनीतिक विज्ञान के अध्यक्ष डॉ अनवर शहाब ने निर्णायक की भूमिका निभाई। अंग्रेजी में फोजिया जन्नत को प्रथम तथा वरुण मंडल को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। हिंदी श्रेणी में शिवम सरोज को प्रथम तथा लक्ष्मीकांत मुर्मू को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम को प्रारंभ करते हुए विज्ञान संकाय के प्रभारी डॉ तुफैल अहमद ने सभी का स्वागत किया और कहा कि हम आज के दिन अपने महान वैज्ञानिक सीवी रमन के रमन इफेक्ट की खोज के उपलक्ष में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मानते हैं, परंतु आज हमें देखना यह है कि विज्ञान के साथ हमने अपनी यात्रा कहां से प्रारंभिक की थी और आज हम कहां तक पहुंचे हैं।

कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ते हुए कहा कि आज हमारे जीवन में जो सुख सुविधाएं हासिल हैं, वे मात्र विज्ञान की देन है। विज्ञान हमारे जीवन के हर कदम पर है। हमें चाहिए कि विज्ञान को लेकर आगे बढ़ें और इसकी उपलब्धियों में सकारात्मक बढ़ोतरी करें। इस अवसर पर कॉलेज के सभी विभागों के प्राध्यापक एवं विशेष रूप से विज्ञान संकाय के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# मिशन शक्ति के तहत जीरो प्रतिशत ब्याज पर बांटा ऋण



कार्यक्रम में उपस्थित सीएम नवीन पटनायक व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला नगर निगम कार्यालय समीप सुभाष चंद्र बोस पार्क में माननीय मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मिशन शक्ति में जीरो प्रतिशत ब्याज पर 10 लाख रुपये तक मिशन शक्ति ऋण, 145 करोड़ रुपये का ब्याज पुनर्भुगतान और 730 करोड़ रुपये की यूनिफॉर्म और ब्लेजर सहायता कार्यक्रम में प्रदान किया। इस दौरान मुख्य अतिथि राउरकेला विधायक सह राज्य सरकार के श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक सामिल हुए। इसके अलाव सहायक आयुक्त पल्लवी नायक,डीपीओ दर्शन एक्का,पूर्व डीपीओ छवि भंति, बीपीसी प्रतिभा लकड़ा,बीएलएफ अध्यक्ष लक्ष्मी सिंगी सभी बीएलएफ और एएलएफ सदस्य एसएचजी सदस्य उपस्थित रहे।

# लैंड फॉर जॉब्स केसःराबड़ी, हेमा और मीसा को रेगुलर बेल

## शर्तों के साथ कोर्ट ने दी जमानत; हृदयानंद चौधरी को भी राहत

**एजेंसी**

पटना लैंड फॉर जॉब्स मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने राबड़ी देवी, मीसा भारती और हेमा यादव को रेगुलर बेल दे दी है। कोर्ट ने शर्तों के साथ जमानत दी है। हृदयानंद चौधरी को भी रेगुलर बेल मिल गई है। इससे पहले 7 फरवरी को मामले में सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने अगली तारीख तक अंतरिम जमानत दी थी। कोर्ट ने तीनों को 1 लाख का बेल बॉन्ड भरने को कहा था। मामले की अगली सुनवाई के लिए 28 फरवरी की तारीख तय की गई थी। पिछली सुनवाई में राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव और हृदयानंद चौधरी की तरफ से कोर्ट में रेगुलर बेल फाइल किया गया था। कोर्ट में आरोपियों की याचिका पर सुनवाई के दौरान ED ने इसका विरोध किया। ED ने रेगुलर बेल के खिलाफ जवाब दाखिल करने की बात कही। ED ने कहा कि मामले



की जांच चल रही है ऐसे में इन्हें रेगुलर बेल नहीं दी जानी चाहिए। एऊकी दलील पर कोर्ट ने कहा कि जब सीबीआई के केस में सभी आरोपी जमानत पर हैं तो इन्हें जमानत मिलनी चाहिए। आरोप है कि लालू प्रसाद ने रेल मंत्री रहते हुए रेलवे में नौकरी देने के बदले अपने और अपने परिवार के लोगों के नाम पर जमीन और फ्लैट की रजिस्ट्री कराई थी।बिहार में सरकार बदलते ही लैंड फॉर जॉब्स मामले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। ED और उइकदोनों जांच एजेंसियों का शिकंजा लालू परिवार पर कसता जा रहा है। एऊ ने 29 जनवरी को लालू प्रसाद यादव से 10 घंटे तक पूछताछ की, तो 30 जनवरी को पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से लगभग 8 घंटे तक सवाल-जवाब किए थे।इससे पहले तेजस्वी यादव ने ED के दो समन 22 दिसंबर और 5 जनवरी



को इग्नोर किया था। लेकिन, सरकार हाथ से जाते ही वे तीसरे समन पर 30 जनवरी को पटना स्थित एऊकार्यालय पहुंच गए। ED ने इस मामले में तेजस्वी यादव के करीबी अमित कात्याल और लालू के ओएसडी रहे भोला यादव को गिरफ्तार कर चुकी है। भोला यादव फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। इनके साथ ही लालू यादव, तेजस्वी, राबड़ी मीसा सभी जमानत पर हैं। केस की सुनवाई दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में चल रही है। ऐसे में लोगों के जेहन में लगातार इस बात की आशंका बढ़ते जा रही है कि क्या लालू परिवार को भी इस मामले में गिरफ्तारी हो सकती है।यूपीए-1 की सरकार (2004 से 2009) में रेल मंत्री रहते लालू प्रसाद यादव ने 7 लोगों को रेलवे के ग्रुप-डी में नौकरी दी थी। इस नौकरी के बदले उनसे औने-पौने दाम में जमीनें लिखाई थीं। सीबीआई की ओर से दायर चार्जशीट के मुताबिक लालू और उनके परिवार वालों पर रेलवे में नौकरी दिलाने के बदले अवैध तरीके से जमीन अपने नाम करवाने का आरोप है।4 करोड़ की जमीन लालू परिवार ने 26 लाख में ली थी उइकके मुताबिक, लालू यादव के परिवार ने रेलवे के 7 अभ्यर्थियों से पटना और बिहटा की 1 लाख स्क्वायर फीट से ज्यादा जमीनें महज 26 लाख रुपए में हासिल कर ली। उस समय के सर्किल रेट के अनुसार जमीन की कीमत करीब 4.39 करोड़ रुपए थी। खास बात ये है कि लैंड ट्रांसफर के ज्यादातर केस में जमीन मालिक को कैश में भुगतान किया गया।

ये पूरा खेला गिफ्ट और सेल डीड के माध्यम से खेला गया था। कैसे सामने आया था लैंड फॉर जॉब्स का घोटाला इस घोटले की सबसे पहली चर्चा संसद में हुई।

# बिहार में भ्रष्टाचार पर नकेल के लिए सरकार लाएगी कानून



**पटना ।** बिहार सरकार भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए नया कानून लाने जा रही है। भ्रष्टाचार को गंभीर अपराध की श्रेणी में रखा जाएगा। नया कानून प्रभावी होने के बाद भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। जिसमें भ्रष्टाचार और माफिया राज पर सख्त कार्रवाई करने के लिए लाए जाने वाले कानून के प्रारूप को स्वीकृति दी गई। बैठक में कुल पांच एजेंडों पर मुहर लगी है। बैठक में गृह विभाग ने भ्रष्टाचार के साथ राज्य की योजनाओं में माफिया तत्वों के स्तर पर होने वाली घटनाओं पर नकेल कसने के लिए नए कानून का प्रारूप सौंपा। सूत्रों की माने तो भ्रष्टाचार पर अंकुश के लिए नया कानून पहले से काफी सख्त होगा। इसमें किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार को गंभीर श्रेणी के अपराध में रखकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अपराध की सजा पांच से सात साल निर्धारित करने के प्रावधान नए कानून में किए जा रहे हैं।बता दें, राज्य में पहले से भ्रष्टाचार से निपटने के लिए तीन-तीन एजेंसियां कार्यरत हैं। इनमें आर्थिक अपराध इकाई, निगरानी ब्यूरो और विशेष निगरानी इकाई शामिल है। इन तीनों एजेंसियों के पास पूर्व से काफी शक्तियां हैं। सूत्र बताते हैं कि इन जांच एजेंसियों की शक्तियां और बढ़ाई जा सकती है।

साथ ही नई जांच एजेंसी की परिकल्पना भी नए कानून में प्रस्तावित है। जानकारी के अनुसार विधानसभा के चालू सत्र में गृह विभाग के प्रस्तावित नए कानून का मसौदा पेश किया जाएगा और इसे ध्वनित मत से पारित कराने की पहल सरकार की होगी।

# जेसीबी से तेजस्वी के काफिला पर फूलों की बारिश

**एजेंसी**

**जमुई।** जमुई,जन विश्वास यात्रा के तहत राजद नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के सड़क मार्ग से जमुई आगमन के मद्देनजर जिले के पाडो चौक, बखारी ,बाबा ढाबा,खैरमा,जिला मुख्यालय सहित कई जगहों पर आरजेडी कार्यकताओं का जोश देखने को मिला। तेजस्वी यादव का काफिला जमुई जिले की सीमा क्षेत्र में रात 11:00 बजे के करीब प्रवेश किया। कार्यकर्ता अपने नेता की एक झलक पाने को लेकर सड़कों पर डटे रहे। कार्यकताओं ने की





जमकर नारेबाजी इस दौरान कई जगहों पर राजद कार्यकताओं के द्वारा जेसीबी मशीन पर चढ़कर फूलों की वर्षा के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया। तेजस्वी यादव और लालू यादव जिंदाबाद के खूब नारे लगे। बिहार के मुख्यमंत्री कैसा हो तेजस्वी यादव जैसा हो के नारे के साथ सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता तेजस्वी यादव के बस के पीछे भागते दिखे। इस दौरान स्कॉट पार्टी को भी तेजस्वी की गाड़ी निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।वहीं जमुई जिला प्रवेश करते सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद देखी गई। जमुई पुलिस जगह-जगह पर सुरक्षा की दृष्टि को लेकर तैनात थे।सड़कों के दोनों तरफ राजद कार्यकताओं की बड़ी संख्या में भीड़ देखी गई। रात ज्यादा होने के कारण तेजस्वी यादव बस से नहीं उतरे, जिसके कारण कार्यकर्ता उदास दिखे। तेजस्वी यादव का काफिला लखीसराय होते हुए मुंगेर के लिए निकल गया।

# तेजस्वी के साथ सेल्फी लेने के दौरान हादसा

**एजेंसी**

**जमुई ।** में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के साथ सेल्फी लेने के दौरान एक युवक की बाइक काफिले की एक गाड़ी से टकरा गई। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में राजद कार्यकताओं ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।जहां युवक को पैर,कमर ओर मुंह में चोट लगी है। फिलहाल युवक की स्थिति खतरे से बाहर है। घायल युवक की पहचान मोहम्मद अल्तमस थाना चौक के रूप में हुए है। घटना मंगलवार रात की है। बताया जाता है कि मंगलवार रात जन विश्वास यात्रा के दौरान तेजस्वी यादव का काफिला जमुई






के आरजेडी ऑफिस के पास से लखीसराय के लिए गुजर रहा था। इस दौरान युवक तेजस्वी यादव के साथ सेल्फी लेने की कोशिश कर रहा था। तभी काफिले में शामिल एक वाहन से युवक की बाइक टकरा गई। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। एक्सीडेंट के बाद मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया था। उसके बाद एंबुलेंस युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।इस घटना के बारे में राजद कार्यकर्ता सह जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि खैरा रामानंद ने बताया कि तेजस्वी यादव के काफिले में बहुत सारे वाहन थे। तेजस्वी के स्वागत में युवाओं में जोश था। तभी तेजस्वी यादव के साथ सेल्फी लेने की कोशिश में काफिले में शामिल एक वाहन से युवक से युवक की बाइक टकरा गई। इससे युवक के पैर,कमर और मुंह में चोट लगी है।युवक का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घायल युवक राजद का युवा कार्यकर्ता है।

# राजीव नगर में बन रहे घर को पुलिस ने रोका

**एजेंसी**

**पटना ।** पटना के राजीव नगर के नेपाली नगर में एक घर के बनने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। जिसकी जानकारी वरीय पदाधिकारियों को हुई। जिसके बाद ये पाया गया कि पुलिस उस इलाके में रोक के बावजूद एक घर बन रहा था इसी की सूचना पर पुलिस वहां रोकने पहुंची थी। इसी का वीडियो किसी ने बना लिया और प्रचारित कर दिया कि पुलिस घर बनवा रही है। जो की बिलकुल गलत है। पुलिस बन रहे घर को रोकने के लिए गई थी। जिसको पुलिस ने रोक दिया है। वहां काम कर रहे मजदूर और ठेकेदार वहां से फरार हो गए। राजीव नगर के



थानाध्यक्ष ने बताया कि फोन पर सूचना मिली कि राजीव नगर थाना क्षेत्र के चन्द्रविहार कॉलोनी, रोड नंबर 8 में आवास बोर्ड की जमीन पर निर्माण कार्य हो रहा है। जिसके बाद जांच के लिए वहां पुलिस को भेजा गया। गश्ती गाड़ी से गश्ती पदाधिकारी जमादार राजीव कुमार वहां पहुंचे। गश्ती गाड़ी को देखते ही सभी मजदूर भाग गए। गश्ती पदाधिकारी को जानकारी मिली कि विवेक पाण्डेय नाम का दो मंजिला मकान के छत की ढलाई का कार्य हो रहा है। गश्ती पदाधिकारी की मुस्तैदी के कारण घर बनने का काम रोक दिया गया। आवास बोर्ड को सूचना दी गई। पुलिस वहां पहुंची तो किसी ने इसका वीडियो बना लिया और वीडियो को सोशल मीडिया पर डाल दिया। वायरल वीडियो में लिखा गया कि पुलिस पैसा लेकर राजीव नगर में घर बनवाने दे रही है। इस संबंध में राजीव नगर थाना में सनहा दर्ज किया गया है। जांच में पाया गया कि माला राय ने राजीव नगर थाना को इस बात की सूचना दी थी। माला राय ने ये वीडियो बनाया था। माला राय पर राजीव नगर थाना क्षेत्र के आवास बोर्ड की जमीन को कब्जा करने से संबंधित कई मामले दर्ज है।

## राशन कार्ड धारक भी बनवा सकते हैं आयुष्मान कार्ड

**पटना ।** पटना में आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थी मुफ्त कार्ड बनवा सकते हैं। इसके लिए उन्हें नजदीकी जन वितरण प्रणाली की दुकान या कॉमन सर्विस सेंटर (वसुधा केंद्र) पर संपर्क करना होगा।जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक के निर्देश पर ये अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 2 से 12 मार्च तक सभी राशन कार्ड धारक आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। वैसे सभी राशन कार्ड धारक जिनका नाम प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की सूची में नहीं है वे सभी मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थी होंगे। आवश्यक कागजात निशुल्क इलाज और आयुष्मान



कार्ड बनवाने के लिए राशन कार्ड या लाभार्थी पत्र अनिवार्य है। पहचान के लिए राशन कार्ड या प्रधानमंत्री का लाभार्थी पत्र परिवार के नाम होना चाहिए। व्यक्तिगत पहचान के लिए आधार कार्ड या सरकार की ओर से मान्यता प्राप्त अन्य फोटो पहचान पत्र होना जरूरी है। तभी कार्ड बन सकता है।

## संक्षिप्त डायरी

### पंच की पत्नी पर धारदार हथियार से हमला



**समस्तीपुर ।** जिले के कल्याणपुर थाने के गोंविंदपुर गांव में मंगलवार देर शाम लोगों ने पंचायत के पंच की पत्नी को हसुंआ से मार कर जख्मी कर दिया। जख्मी पंच उपेंद्र राम की पत्नी मीना देवी को परिवार के लोगों ने दरे शाम उपचार के लिए सदर अस्पताल पहुंचा। जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।जख्मी महिला के पुत्र दीपक राम ने बताया कि गांव के ही रंजीत राम की जमीन की मापी दो दिन पूर्व हुई है। पड़ोसी होने के कारण दीपक के परिवार वाले भी मापी के दौरान थे। जिस कारण गलत मापी नहीं हो पाया। आरोप है कि शाम में अपने आलू खेत की ओर गई। जहां पूर्व से घात लगाए रंजीत राम, मीना देवी, अनु कुमारी, रामवृक्ष राम, तारा देवी, संजीत राम , ज्योति कुमार आदि ने पहले उनकी मां की पिटाई कर दी। बाद में लोगों ने घास काटने वाले हसुंआ से उनके शरीर पर कई स्थानों पर वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। शोर होने पर जब आसपास व परिवार के लोग जुटे तो सभी मौके से फरार हो गए। जख्मी मीना देवी को कल्याणपुर पीएचसी लाया गया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल भेज दिया। जहां महिला का उपचार शुरू किया गया।परिवार के लोगों ने बताया कि महिला अकेली खेत की ओर गई थी। महिला को अकेला पाकर रंजीत राम व उसके परिवार के लोगों ने हमला कर दिया। कल्याणपुर थानाध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि मारपीट की जानकारी मिली है। परिवार के लोग जख्मी को उपचार कराने के लिए सदर अस्पताल ले गए हैं। इस मामले में पीड़ित की ओर से आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### शादी में कढ़ी-चावल खाया,50 बीमार,दुल्हन की चाची की मौत



**आरा ।** भोजपुर में शादी में हल्दी की रस्म के दौरान कढ़ी-चावल खाने से दुल्हन समेत 50 लोगों की तबीयत खराब हो गई। इलाज के दौरान दुल्हन की दूर की चाची बसंती कुंवर(70) ने दम तोड़ दिया। 40 से ज्यादा लोगों का शहर के अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। दुल्हन की चाची शाहपुर थाना क्षेत्र इटवा गांव की रहने वाली थीं। रविवार को हल्दी की रस्म पूरी होने के बाद सभी ने खाना खाया, जिसके बाद देखते-देखते दुल्हन समेत 50 से ज्यादा लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। दुल्हन के माता-पिता का भी इलाज चल रहा। बीमार हालत में ही मंगलवार को लड़की की शादी और विदाई हुई। मामला शाहपुर थाना क्षेत्र के इटवा गांव का है।बंशीधर सिंह की बेटी पारो की शादी थी। दुल्हन भी बीमार थी। इसी हालत में उसकी शादी करा दी गई। दुल्हन के पिता-माता और अन्य परिवार सदर अस्पताल में भर्ती हैं। शाहपुर रेफरल अस्पताल में 18 लोग और बाकी का निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। कार्यक्रम में रविवार को खाना खाने के बाद सभी की तबीयत बिगड़ने लगी थी। देखते-देखते बीमार लोगों की संख्या लगातार बढ़ती चली गई।सभी को इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद इटवा गांव निवासी खुशबू सिंह, अंकुश कुमार, पूजा देवी, बसंती कुंवर, शेखर कुमार, अजीत सिंह, साक्षी सिंह, खुशी कुमारी, शकुंतला सिंह और भगमणि को इलाज के लिए शाहपुर रेफर अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया था।प्राथमिक इलाज के बाद बसंती कुंवर की हालत चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। जिसके बाद परिजन उन्हें पटना न ले जाकर आरा शहर स्थित निजी अस्पताल में उनका इलाज कर रहे थे। जहां इलाज के दौरान मंगलवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि मृतका को 2 बेटे और 2 बेटियां हैं।भाजपा के जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने बताया कि शाहपुर के इटावा में शादी समारोह में फूड पॉइजनिंग से बीमार लोगों से सदर अस्पताल और निजी अस्पताल में मुलाकात की। मरीजों के परिजनों ने अस्पताल की कुव्यवस्था संबंधित जानकारी दी। जिसके बाद जिलाध्यक्ष ने सिविल सर्जन से बात कर व्यवस्था में सुधार और इलाज व्यवस्था करने की बात कही।

### डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में 3 घायल



**जहानाबाद ।** जहानाबाद टेहटा ओपी क्षेत्र के सरथुआ गांव में डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। मोहन दास ने बताया कि संत रविदास जयंती के अवसर पर हम लोग मूर्ति गांव में मूर्ति पूजा हो रही थी। मूर्ति को विसर्जन करने के लिए डीजे के साथ हम लोग जा रहे थे, तभी गांव के ही दीपक यादव ने हम लोगों को गांव के रास्ते से जाने को मना किया। इसी बात को लेकर दोनों में कहा सुनी होने लगी । फिर दीपक यादव ने लाठी डंडे से मार कर मोहनदास राम गोविंद दास रंजीत दास को घायल कर दिया।डीजे बजाने को लेकर हुआ विवाद स्थानीय अस्पताल में हम लोगों ने इलाज कराया। इस सिलसिले में घायल व्यक्ति द्वारा अनुसूचित जनजाति थाना में घटना को अंजाम देने वाले के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कराई है। उन लोगों का कहना है कि हम लोग कमजोर जाति से आते हैं और घटना को अंजाम देने वाला व्यक्ति दबंग प्रवृत्ति का है। घटना को अंजाम देने वाला कहना है कि तुम लोग डीजे नहीं बजा सकते हो इसी को लेकर उन लोगों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है।

# विश्वामित्र महोत्सव को लेकर तैयारी पूरी





**बक्सर ।** बक्सर के किला मैदान में महर्षि विश्वामित्र महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। यह कार्यक्रम बिहार सरकार पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के तत्वाधान में मनाया जा रहा है। इसको लेकर बक्सर के किला मैदान में एक विशाल पंडाल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। जिसमें बड़े स्तर पर स्थानीय कलाकार, राज्य स्तर के कलाकार एवं बॉलीवुड के सिंगर अपनी-अपनी प्रस्तुति देंगे। इसकी जानकारी बक्सर जिला के जनसंपर्क पदाधिकारी विनोद कुमार ने दी।बता दें कि बक्सर में महर्षि विश्वामित्र द्वारा भगवान राम और लक्ष्मण को दिव्यास्त्र की शिक्षा दीक्षा दिया गया। जहां अयोध्या से पहुंचे राम लक्ष्मण द्वारा राक्षसी तड़का का वध किया गया था।किला मैदान में बनाए गए पंडाल में सुरक्षा की दृष्टि से बड़े-बड़े प्रवेश और निकासी द्वार बनाए गए हैं। जहां शाम 4:00 बजे से समारोह प्रारंभ होगा है। इस दौरान कार्यक्रम के आरंभ में स्थानीय कलाकारों के द्वारा अपनी मनोरम प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें विश्वास शर्मा (शास्त्रीय गायन), सोनी कुमारी (शास्त्रीय गायन), भावना पाण्डेय (भोजपुरी लोकगीत),

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बिहार के नन्हें वैज्ञानिकों से मिलिए

**एजेंसी**

**पटना ।** विज्ञान के जरिए इंसानों ने अपने जीवन को और बेहतर बनाया है। उन्होंने नई तरह की तकनीकों का आविष्कार किया है। आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है। भारत की धरती पर जन्में कई महान वैज्ञानिकों की बदौलत ही भारत ने विश्व भर में विज्ञान के क्षेत्र में अपना एक अलग ही ओहदा बनाया हुआ है। बिहार के प्रतिभाशाली बाल वैज्ञानिकों ने अपने आईडिया से नए डिवाइस का आविष्कार किया है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर जानिए बिहार के बाल वैज्ञानिकों के नायाब आविष्कार के बारे में।15 साल के प्रणव सुमन ने 'अक डेंगू केयर' डिवाइस बनाया है जो 5 सेकंड में यह पता लगा देगा कि मरीज डेंगू निगेटिव है या पॉजिटिव। यह मशीन नियर इंफ्रा रेड के प्रिंसिपल पर काम करता है। उन्होंने कहा कि बिहार में



डेंगू के मामले लगातार देखने को मिल रहे हैं। कई लोग आम सर्दी-खांसी समझकर इस पर ध्यान नहीं देते हैं, और बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए दवा खाते हैं। ऐसे करते-करते वह उस स्टेज पर चले जाते हैं जहां पर इलाज न के बराबर संभव होता है। शुरूआती स्टेज में लोगों को डेंगू से पीड़ित होने के बारे में पता ही नहीं चल पाता है, जिसके कारण वह सही से इलाज नहीं करा पाते है। यह डिवाइस मात्र 300 रुपए में मार्केट में उपलब्ध होगा, जो 5 सेकेंड में रिजल्ट देता है। बांका के प्रांशु ने एक स्मार्ट डस्टबिन बनाया है जो पूरी तरह भरने से पहले ही सिग्नल दे देता है। इस डस्टबिन में सेंसर लगे हैं जो कचरे के परसेंटेज को कैलकुलेट करके डाटा भेज देता



है। उन्होंने खुद का एक सॉफ्टवेयर 'बिन लिंक' भी तैयार किया है जिसमें ये सारे डाटा को रीड इससे डस्टबिन को भरने से पहले ही साफ करने का नोटिफिकेशन आ जाता है, ताकि वह ओवरफ्लो ना हो। इस स्मार्ट डस्टबिन की एक और खासियत यह भी है कि यह फ्यूचर प्रिडिकेट करके बता देगा कि अगले 7 दिन में पूरा डस्टबिन कब भरेगा। फल या सब्जी को अच्छी तरह से पानी से धोने के दौरान कई गुना पानी बर्बाद होता है। सिर्फ 10% ही पानी का इस्तेमाल धोने में होता है और बाकी पानी बहकर बर्बाद हो जाता है। ऐसे में पटना के आयुष कुमार ने एक 'सोलर मिस्ट डिवाइस' मॉडल बनाया है, जिसकी मदद से पानी की बबार्दी को रोका जा सकता है। इस डिवाइस में उन्होंने सोलर पैनल का इस्तेमाल किया है जो ट्यूबलाइट के हीट से भी चार्ज हो जाता है। भविष्य में इस डिवाइस को नल में भी फिट किया जा सकता है, जिससे 98% पानी को बर्बाद होने से बचाया जा सकता है।पटना के आर्यन श्री राज ने एक ऐसा डिवाइस बनाया है जो आंख की बीमारी का पता घर बैठे बस एक फोटो क्लिक करके कंप्यूटर प्रोग्राम के जरिए बता सकता है। यह 1 सेकंड में रिपोर्ट देगा। उन्होंने इसका नाम 'एन इनोवेटिव मैथड फॉर द क्वालिटेटिव एंड अर्ली एग्जामिनेशन ऑफ आई डिजीज यूजिंग मशीन लर्निंग' रखा है। अभी फिलहाल यह डिवाइस डायबिटिक रेटिनोपैथी और कैटरेक्ट (मोतियाबिंद) जैसी दो तरह की आंख की बीमारी का पता लगा सकता है।

# राज्यसभा चुनाव

देश के तीन राज्यों- उत्तर प्रदेश, हिमाचल और कर्नाटक से राज्यसभा के पंद्रह सदस्यों के लिए चुनाव में विभिन्न पार्टियों के विधायकों के पाला बदलने की घटनाएं न तो पहली हैं और न ही ये आखिरी होंगी। मगर ऐसी घटनाएं राजनीतिक कौतुक चाहे जितना पैदा करें, इनकी सराहना नहीं की जा सकती, क्योंकि ये हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के भरोसे को कमजोर करती हैं। चाहे वे सपा के विधायक हों या कांग्रेस के या भाजपा या सुभासपा के, इन तमाम पालाबदल विधायकों की आस्था यदि अपने-अपने दल में खत्म हो गई थी, तो उन्हें अपनी विधायकी से इस्तीफा देकर नया जनादेश लेना चाहिए था, पर कोई विरले ही अब ऐसा उदाहरण पेश कर पाता है। ऐसा नहीं है कि किसी दल से विधायक या सांसद चुने जाने के बाद कोई व्यक्ति अगले पांच वर्षों के लिए बौद्धिक रूप से गुलाम बन जाता है, बल्कि विधायी सदस्य देशहित और जनहित में पार्टी लाइन के विरुद्ध बोलने को पूर्ण आजाद हैं और संविधान उन्हें इसका अधिकार देता है। हमारी संसदीय बहसों में ऐसी अनगिनत नजीरें मौजूद हैं, जब सांसदों-विधायकों ने विभिन्न मुद्दों पर पार्टी लाइन के विरुद्ध अपनी राय रखी। भारतीय लोकतंत्र की वैश्विक प्रतिष्ठा में इन असहमत आवाजों का कहीं बड़ा योगदान है। जाहिर है, ऐसे सदस्य अपने मजबूत नैतिक बल के सहारे ही मुखर होते हैं, मगर दुर्योग से हाल के वर्षों-दशकों में सत्ता या स्वार्थ-सिद्धि के लिए जोड़-तोड़ की कोशिशें ही अधिक दिखी हैं। बहरहाल, पाला बदलने वाले सदस्यों के आचरण से इतर ये राज्यसभा चुनाव राजनीतिक दलों के प्रबंध कौशल को भी उजागर कर गए। खासकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के लिए इन नतीजों में गहरे सबक हैं। अव्वल तो सपा के प्रत्याशियों के चयन से ही सहयोगी दलों की नाराजगी खुलकर सामने आ गई थी, फिर इतनी बड़ी संख्या में पार्टी के विधायकों का दामन झटकना साफ बताता है कि नेतृत्व ने उनको भरोसे में नहीं लिया था। आखिर उन्हें संतुष्ट करने की जिम्मेदारी किसकी थी? जब भाजपा ने अपना आठवां उम्मीदवार उतार दिया था, क्या तभी पार्टी नेतृत्व को अतिरिक्त सक्रियता नहीं दिखानी चाहिए थी? हैरानी की बात है कि पार्टी के मुख्य सचेतक की ही प्रतिबद्धता डांवाडोल थी और नेतृत्व इससे गाफिल था? इससे भी बुरा हाल तो हिमाचल में कांग्रेस का रहा। उत्तर भारत में यहां उसकी इकलौती सरकार है और 68 सदस्यीय विधानसभा में उसके पास 40 विधायक हैं, फिर भी उसके उम्मीदवार की जो दुर्गति हुई, वह पार्टी नेतृत्व की कमजोरी को बुरी तरह उजागर कर गई। वहां उसकी सरकार ही अब संकट में है। ऐसे में, वह राज्य से लोकसभा की चार सीटों के लिए कोई उम्मीद कैसे पाल सकती है? आम चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, उनके करीब आने पर विधायकों, सांसदों और नेताओं का पाला बदलना सामान्य बात है। मगर राज्यसभा चुनावों के लिए भाजपा व एनडीए की मोचेबंदी बताती है कि वे किस लक्ष्य से प्रेरित हैं और उच्च सदन में भी अपना बहुमत हासिल करने को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन कितना गंभीर है।

# पाकिस्तान की राजनीति

बीते 8 फरवरी को हुए पाकिस्तान के आम चुनावों में बराबरी का कोई मौका उपलब्ध नहीं था। इस चुनाव में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को सेना समर्थित पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के खिलाफ अपने लोकप्रिय चुनाव-चिन्ह क्रिकेट का बल्ला पर उम्मीदवार खड़ा करने से रोक दिया गया था। फिर भी, मतदाताओं ने पीटीआई का समर्थन किया। इसके निर्दलीय उम्मीदवार 93 सीटों के साथ नेशनल असेंबली में सबसे बड़े समूह के रूप में उभरे, जबकि पीएमएल-एन 75 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही। चुनाव के नतीजे भले ही कई लोगों के लिए चौंकाने वाले रहे, लेकिन चुनाव के बाद की चालें शायद ही हैरतअंगेज रहीं। पीएमएल-एन ने गठबंधन सरकार बनाने के लिए पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और कई छोटे दलों के साथ हाथ मिलाया है, जिसमें पीटीआई शामिल नहीं है। क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान की सरकार के अप्रैल 2022 में अविश्वास मत के दौरान गिर जाने के बाद इमरान खान-विरोधी गठबंधन के हिस्से के रूप में प्रधानमंत्री बनने वाले शहबाज शरीफ, इस पद पर वापस लौटेंगे। पीएमएल-एन के नेता नवाज शरीफ (जो श्री शहबाज के बड़े भाई हैं) की बेटी मरियम नवाज पंजाब की मुख्यमंत्री बन गई हैं, जबकि पूर्व राष्ट्रपति एवं पीपीपी के नेता आसिफ अली जरदारी द्वारा पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी (पीटीआई के) की जगह लेने की संभावना है। इस गठबंधन को पाकिस्तान के जनरलों का पूरा समर्थन हासिल है, जबकि सेना पर दर्जनों सीटों पर धांधली करने का आरोप लगाने वाली पीटीआई का कहना है कि वह विपक्ष में रहेगी और चुनाव के नतीजों को कानूनी रूप से चुनौती देगी। कई मायनों में नया गठबंधन पिछली गठबंधन सरकार की नकल है। बतौर प्रधानमंत्री श्री शहबाज खासे अलोकप्रिय रहे थे। उनकी सरपरस्ती में पाकिस्तान का आर्थिक संकट कई गुना बढ़ गया - मुद्रास्फीति 30 फीसदी पर है, जबकि अर्थव्यवस्था पिछले साल आईएमएफ द्वारा प्रदान की गई तीन बिलियन अमेरिकी डॉलर की जीवनदायी सहायता पर चल रही है। विदेशी मुद्रा भंडार, थोड़ा बेहतर होने के बावजूद, अभी भी 8.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निचले स्तर पर है।

# क्यों यूपी लोकसभा चुनाव में भरेगा भाजपा की झोली?

**ANALYSIS**



आर.के. सिन्हा

**देश में सर्वाधिक जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों की संख्या के मामले में भी आज यूपी अव्वल है। राज्य में डिजिटल लेनदेन में एक साल में तीन गुना की बढ़ोतरी हुई है। यही नहीं राज्य में डी-मैट खातों की संख्या में भी सकारात्मक बढ़ोतरी हुई है। आज अगर यूपी में चौतरफा विकास हो रहा है तो इसका मुख्य श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही जाता है। देश में यूपी की सियासी अहमियत निर्विवाद है। यहां पर भाजपा का प्रदर्शन लगातार सुधर ही रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी जीत को दोहराया ही नहीं है, वह लगातार विपक्ष की राजनीतिक जमीन को कमजोर भी कर रही है। कभी मंडल और कमंडल की राजनीति का गढ़ रहा यह प्रदेश मंदिर का घंटा और सख्त कानून व्यवस्था का डंडा एक साथ बजा रहा है। यूपी में आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष के लिए कोई बहुत अवसर नहीं हैं। योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में यूपी भाजपा का अभेद्य किला बनकर उभरा है।**

अब कुछ हफ्तों बाद ही देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा हो जाएगी। पर उत्तर प्रदेश (यूपी) को छोड़कर देश के लगभग सभी राज्यों की लोकसभा सीटों के लिए कांटे की टक्कर होने की संभावना है । लेकिन, उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर नतीजे कुल मिलाकर लगभग तय हैं। यह बात उत्तर प्रदेश के शिखर सियासी नेताओं से लेकर आम इंसान तक को भलीभांति पता है। कभी जंगलराज, भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार से जूझने वाला यूपी अब भारी-भरकम मोटा निवेश भी खींच रहा है। सात साल पहले तक तो यूपी की गिनती बीमार३ राज्यों में होती थी> लोग मजाक में यूपी को उल्टा प्रदेश भी कहते थे । लेकिन, आज यूपी की पहचान देश के खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में भी होने लगी है। यूपी आज विकास की असीमित संभावनाओं के प्रदेश के रूप में स्थापित हो चुका है। यूपी देश की जीडीपी में हिस्सेदारी के मामले में महाराष्ट्र के बाद दूसरे नंबर पर है। देश में सर्वाधिक जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों की संख्या के मामले में भी आज यूपी अव्वल है। राज्य में डिजिटल लेनदेन में एक साल में तीन गुना की बढ़ोतरी हुई है। यही नहीं राज्य में डी-मैट खातों की संख्या में भी सकारात्मक बढ़ोतरी हुई है। आज अगर यूपी में चौतरफा विकास हो रहा है तो इसका मुख्य श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही जाता है। देश में यूपी की सियासी अहमियत निर्विवाद है। यहां पर भाजपा का प्रदर्शन लगातार सुधर ही रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी जीत को दोहराया ही नहीं है, वह लगातार विपक्ष की राजनीतिक जमीन को कमजोर भी कर रही है। कभी मंडल और कमंडल की



राजनीति का गढ़ रहा यह प्रदेश मंदिर का घंटा और सख्त कानून व्यवस्था का डंडा एक साथ बजा रहा है। यूपी में आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष के लिए कोई बहुत अवसर नहीं हैं। योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में यूपी भाजपा का अभेद्य किला बनकर उभरा है । 2019 में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सूबे की 80 में से 64 सीटें अकेले दम पर जीत ली थीं। वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने अकेले दम पर उत्तर प्रदेश विधानसभा की 403 सीटों में से 225 सीटें जीत कर सत्ता में धमाकेदार वापसी की। अपने सहयोगियों के साथ भाजपा की सीटों का आंकड़ा 272 तक पहुंच गया। इस जीत ने योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता को एक प्रकार से प्रतिष्ठित कर दिया। बेशक अब लोकसभा चुनाव में भी यूपी भरेगा भाजपा की झोली। योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में यूपी का नया फुल फॉर्म भी बताया। वे कहते हैं कि यूपी का मतलब है अनलिमिटेड पोटेंशियल। बीते दिनों ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2024 के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान मुख्यमंत्री योगी के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी लखनऊ में थे। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा, देश और दुनिया के उद्योग जगत ने हम पर और हमारी नीतियों पर विश्वास जताया। उत्तर प्रदेश को अबतक लगभग 40 लाख करोड़ के निवेश प्राप्त हो चुके हैं और आते ही चले जा रहे हैं । इन्हीं प्रयासों को धरातल पर उतारने का आज उत्सव है। नया उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश से अब उद्यम प्रदेश बनकर भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित उत्तर प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। पिछले सात वर्षों में यूपी में निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की दिशा में कई प्रयास किए गए हैं। यूपी पर नजर रखने वालों को पता है कि राज्य में निवेश तो आ ही रहा है। साथ ही सरकार की तरफ से यह भी कोशिश हो रही है ताकि कभी अपनी कपड़ा मिलों और मजदूरों के लिए मशहूर रहे कानपुर को फिर से उसका पुराना गौरव मिल जाए। कानपुर में आईटी सेक्टर के अलावा इलेक्ट्रानिक सामान और ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े उत्पादों का उत्पादन करने की पर्याप्त संभावनाएं हैं। कानपुर से देश के उत्तर, पूर्व तथा पश्चिम राज्यों के बाजारों में पहुंचने की सुविधा है। कानपुर में ऑटो और ऑ पार्ट्स की अनेक इकाइयां खड़ी हो सकती हैं। चूंकि राज्य सरकार अपने यहां आने वाले निवेशकों को टैक्स में भी छूट दे रही है, इसलिए कानपुर में निजी क्षेत्र के निवेश का होना तय है। गुस्ताखी माफ, कुछ साल पहले तक किसने सोचा था कि यूपी खेलों के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाने लगेगा। जरा याद करें चीन के हांगझोऊ शहर में हुए एशियाई खेलों को। भारत के पदकों का शतक पूरा कराने में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा है। एशियाई खेलों के महाकुंभ में पहली बार यूपी से कुल 36 एथलीटों ने अपनी चमक दिखाई। इन खिलाड़ियों ने सात स्वर्ण, आठ रजत और आठ कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यह पहला मौका था जब यूपी के खिलाड़ियों की झोली में इतने सारे पदक आए हों। इससे पहले 2018 के जकार्ता और 2014 के इंचियॉन (दक्षिण कोरिया) में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने 11-11 पदक ही जीते थे। उत्तर प्रदेश की खेल राजधानी के नाम से प्रसिद्ध मेरठ जिले के खिलाड़ियों ने सबसे चौंकाने वाला प्रदर्शन किया। एशियाई खेलों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 13 एथलीटों ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। इनमें से छह मेरठ जिले से हैं और चार ने दो स्वर्ण सहित पांच पदक जीते हैं। खेलों में यूपी के बढ़ते कदम साफ संकेत हैं कि राज्य को अब विकास का रास्ता मिल गया है। जिस राज्य में खेलों का स्तर सुधर रहा हो, समझ लें कि उस राज्य का विकास हो रहा है। जिस यूपी से कुछ साल पहले तक कोई सुकून भरी खबर आती ही नहीं थी वहां से सकारात्मक खबरों का आना सुखद है। यूपी से अब दंगा-फसाद या गैंगवार की खबरें नहीं आती। अब वहां के सरकारी दफ्तरों में काहिल बाबुओं के लिए कोई जगह नहीं बची है। यूपी की विकास यात्रा से पड़ोसी बिहार को भी सबक लेना होगा। तो अगर यूपी बदल रहा है तो साफ है कि वहां की जनता के चेहरे पर खुशी को पढ़ा जा सकता है। इस बदलाव के पीछे योगी आदित्यनाथ का कुशल नेतृत्व है। बदलता-आगे बढ़ता यूपी अपना फैसला लोकसभा चुनाव के वक्त दे देगा। हालांकि उस नतीजे का सबको पता है।

**लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।**

# दाल-रोटी के नेपथ्य में जाने के खतरे

नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस की हालिया रिपोर्ट में रहन-सहन और खान-पान के प्रति देशवासियों में जबरदस्त बदलाव सामने आया है। जहां एक ओर 1999-00 से 2022-23 के दौरान खाने-पीने की वस्तुओं पर खर्च में तेजी से कमी देखी जा रही है, वहीं खाने-पीने से इतर अन्य पर खर्च में बड़ा उछाल सामने आ रहा है। मजे की बात यह है कि यह बदलाव केवल शहरी क्षेत्रों में हो, ऐसा नहीं हैं अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की बयार लगभग समान ही नहीं अपितु शहरी क्षेत्र से अधिक ही है। ऐसा नहीं है कि इस दौरान प्रति व्यक्ति व्यय में कमी आई हो अपितु प्रति व्यक्ति व्यय में लगातार बढ़ोतरी ही देखने को मिल रही है। यह रुझान तेजी से बदलती प्राथमिकताओं को भी स्पष्ट करता है। मजे की बात यह है कि खाद्यान्न (सिरियल्स) के उपयोग में कमी आई हैं वहीं अखाद्य सामग्री की खरीद में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। दरअसल यह बदलाव बदलते परिदृश्य को भी स्पष्ट करता है। इस रिपोर्ट का विश्लेषण किया जाए तो खाने-पीने की वस्तुओं में चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण दोनों ही जगह ब्रेवरेज यानी की पेय पदार्थों और प्रोसेस्ड फूड यानी की डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों का उपयोग बढ़ा है। इन्हें भी शामिल कर लिया जाए तो भी खान-पान पर होने वाला व्यय 1999-00 की तुलना में 2022-23 आते-आते बहुत कम हो गया है वहीं अखाद्य वस्तुओं पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों द्वारा दिल खोलकर पैसा खर्च किया जा रहा है। लगता है जैसे अब लोगों की समान रूप से प्राथमिकताएं बदल गई हैं। बल्कि यह कहना अधिक युक्तिसंगत होगा कि अब रहन-सहन और सुख-सुविधाओं के उपयोग में गांव किसी तरह से भी शहरों से पीछे नहीं रह रहे है। बल्कि रिपोर्ट से तो यही उभर कर आता है कि मॉल संस्कृति के बावजूद अब उत्पादकों को ग्रामीण क्षेत्र में अच्छा बाजार मिलने लगा है। इसे अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत भी माना जा सकता है। सर्वे से स्पष्ट हो रहा है कि अब गांव, गांव नहीं रहे। वह शहरों से कहीं पीछे नहीं रहना चाहते। यही कारण है कि उत्पादकों द्वारा अब ग्रामीण क्षेत्र को भी टारगेट बनाकर रणनीति तैयार की जाने लगी है। देश में दो दशक में ही आए इस बदलाव को आंकड़ों की भाषा में समझें तो ग्रामीण क्षेत्र में 1999-00 में खाद्य सामग्री पर 59.40 प्रतिशत राशि व्यय की जा रही थी, वहीं 2022-23 आते-आते यह घटकर 46.38 प्रतिशत ही रह गई। खास बात यह कि इसमें तेजी से बदलाव खासतौर से पिछले एक दशक में देखा गया है। इसी तरह से शहरी क्षेत्र की बात की जाए तो 1999-00 में खाद्यान्न पर 48.06 प्रतिशत राशि खर्च की जाती थी जो 2022-23 में 39.17 प्रतिशत रह गई। सबसे खास बात यह कि सिरियल्स में जो कमी आई है भले ही उसके पीछे विशेषज्ञ एक कारण सरकार द्वारा खाद्य सामग्री का निःशुल्क व कम कीमत पर वितरण मान रहे हैं पर यह गले उतरने वाली बात इसलिए नहीं है कि खाद्य सुरक्षा के तहत एक सीमा तक ही निःशुल्क खाद्य सामग्री का वितरण हो रहा है। हां, कुछ हद तक खाने-पीने के बदलाव की बात कही जाती है पर यह भी सही नहीं मानी जा सकती क्योंकि डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के उपयोग में उतनी बढ़ोतरी नहीं दिख रही जितनी सिरियल्स के उपयोग में कमी आई है। लगता है जैसे सिरियल्स से लोगों का मोहभंग होता जा रहा है, पर इसे भविष्य के लिए शुभ संकेत भी नहीं माना जा सकता। 1999-00 में ग्रामीण क्षेत्र में सिरियल्स व सिरियल्स सबस्टि्यूट पर 22.23 प्रतिशत राशि व्यय होती थी जो दो दशक में ही कम होते-होते इकाई की संख्या यानी कि 6.92 प्रतिशत पर आ गई है। यह तो गांवों की स्थिति है। शहरों में भी सिरियल्स व सिरियल्स सबस्टि्यूट पर होने वाला व्यय 12.39 से कम होकर 4.51 प्रतिशत रह गया है। दूसरी और खाद्य सामग्री में ही ब्रेवरेज और प्रोसेस्ड फूड को लिया जाए तो इसका उपयोग शहरी क्षेत्र में 6.35 प्रतिशत से बढ़कर 10.64 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 4.19 प्रतिशत से बढ़क र 9.62 प्रतिशत हो गया है। दूसरी और अखाद्य वस्तुओं की खरीद की बात की जाए तो ग्रामीण क्षेत्र में 40.60 प्रतिशत से बढ़कर 53.62 प्रतिशत हो गई तो शहरी क्षेत्र में 51.94 प्रतिशत से बढ़कर 60.83 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसमें भी ज्यादा उछाल डूरेबल आइटम्स में देखा जा रहा है। लोगों की रुचि वाहन, एसी, फ्रीज, ओवन, फ्लेट्स या मकान आदि की और रुझान बढ़ा है। तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि कपड़े-जूते और इसी तरह की निजी उपयोग की वस्तुओं पर व्यय में कमी आई है। दरअसल यह दो दशक में देशवासियों के बदलते मिजाज की तस्वीर है। पर खाने-पीने की वस्तुओं के उपयोग में कमी आना, डिब्बाबंद व पेयपदार्थों के उपयोग में बढ़ोतरी चिंता का विषय होनी चाहिए। इसी तरह से डूरेबल आइटम्स के लिए जिस तरह से पर्सनल और अन्य तरह के लोन लेने व क्रेडिट कार्ड के उपयोग के कारण कर्ज के बोझ तले दबने को भी उचित नहीं कहा जा सकता। देखा जाए तो इनसे आज की पीढ़ी व आज के लोग तनाव, कुंठा, प्रतिस्पर्धा आदि को भी बिना किसी तरह का दाम चुकाए प्राप्त करने लगे है। एक समय था जब दो टाइम की दाल-रोटी पहली आवश्यकता व प्राथमिकता होती थी वह दो दशक में ही नेपथ्य में चली गई लगती है। सर्वे से यह तो साफ हो गया है कि आज ग्रामीण और शहरी क्षेत्र लगभग एक रफ्तार से एक ही दिशा में बढ़ रहे हैं और गांव और शहर का भेद कम हो रहा है पर खाने-पीने की आदतों में बदलाव भविष्य की चिंता का कारण बन सकता है।

# Social Media Corner

सच के हक में...



ये तिरुनेलवेली की विशाल रैली की झलकियां हैं। पिछले दो दिनों में, मुझे तमिलनाडु में अपनी बहनों और भाइयों से बहुत स्नेह मिला है। हमारे कार्यक्रमों में शामिल होने वाले युवाओं और महिलाओं की संख्या जबरदस्त है। ये आशीर्वाद मुझे लोगों के लिए और भी अधिक मेहनत करने की ताकत देते हैं।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली बेटियों को मैं विशेष रूप से शुभाशीष देती हूं। प्रत्येक बाधा एवं अवरोध को पार करके आपके द्वारा प्राप्त की गई सफलता, हमारे समाज के लिए तथा सुनहरे भविष्य का सपना सँजोने वाली हर बेटी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 'एक्स' पर पोस्ट)**



हमारा मानना है कि शिक्षा ना सिर्फ एक व्यक्ति, बल्कि उसके परिवार समेत पूरे समाज में परिवर्तन ला सकती है। इसलिए जहां डबल इंजन की सरकार ने हजारों प्राइमरी स्कूलों को बंद कर दिया था, वहीं हमारी सरकार पंचायत स्तर के 4036 स्कूलों को आदर्श विद्यालय के तौर पर विकसित करेगी।

**(सीएम चंपाई सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# चांद पर बप्पा का संदेश और ब्रह्मविहारी स्वामी

स्वामी नारायण संस्था (बीएपीएस) के प्रबंधन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी जय पटेल हाल ही में यूएई से स्वदेश लौटे हैं। वहां से लौटने पर अहमदाबाद में जय पटेल ने यादगार पलों को हमारे साथ साझा किया। उन्होंने कहा, "बप्पा के संदेश को चांद तक पहुंचने के पीछे की दूरदर्शी शक्ति पूरी तरह से पूज्य ब्रह्मविहारी स्वामी जी के गहन ज्ञान और अटूट भक्ति में निहित है।" उल्लेखनीय है इस संस्था ने कुछ दिन पहले यूईए में भव्यतम हिंदू मंदिर का निर्माण कराया है। जय पटेल कहते हैं, स्वामी जी का तकनीकी पक्ष सबसे अहम है। उनका पूरा फोकस अंतरिक्ष अन्वेषण पर है। स्वामी जी की प्रतिक्रिया सूक्ष्म लेकिन गहन व्यावहारिक है। यूएई प्रवास के दौरान श्रद्धेय गुरु परम पूज्य प्रमुख स्वामी महाराज और परम पूज्य महंत स्वामी महाराज की पवित्र विरासत को ब्रह्माण्ड तक विस्तारित करने के बारे मे गहन चर्चा हुई। इस अनौपचारिक चर्चा ने उस समय असाधारण मोड़ ले लिया जब स्वामीजी ने चांद की शांत छवि, बप्पा के दिव्य चेहरे और एक दिव्य मंदिर से सजे कैलेंडर की और इशारा किया। उन्होंने चांद की सतह पर एक संदेश उकेरने का साहसिक विचार प्रस्तावित किया। यह मानव इतिहास में एक अद्वितीय उपलब्धि है। अटकलों से दूर स्वामी जी ने अपने पूज्य गुरु को श्रद्धांजलि देने और वैश्विक शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के महान उद्देश्य के लिए इस उच्च आकांक्षा को साकार करने के लिये दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह एक ऐतिहासिक क्षण होता है। यही क्षण सीमाओं को पार करता है और दिलों को एकजुट करता है। संस्थापक काम गफरियन और सीईओ स्टीव अल्टेमस की लीडरशिप में इंटुएटिव मशीन्स ने अभूतपूर्व महत्व के एक मिशन की शुरूआत की हे। रिलेटिव डायनेमिक इंक के कुश पटेल के साथ सहयोग करते हुए टीम ने परम पूज्य प्रमुख स्वामी महाराज और परम पूज्य महंत स्वामी महाराज की शिक्षाओं और स्वामी ब्रह्मविहारी के मार्गदर्शन के साथ चांद की सतह पर शांति, एकता और सद्भाव का एक संदेश उकेरा है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि को हासिल करने में कुश पटेल का समर्पण और अटूट प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण है। चंद्रमा पर बप्पा के संदेश को उकेरने की यात्रा ग्लोबल यूनिटी और समझ को बढ़ावा देने की साझा दृष्टि के साथ हुई । निस्वार्थ सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण के लिए परम पूजनीय प्रमुख स्वामी महाराज दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित करते हैं। उनकी शिक्षाएं, परम पूज्य ब्रह्मविहारी स्वामी की शिक्षाओं के साथ मानवता के लिये मार्गदर्शक रोशनी के रूप में काम करती हैं और साथ ही करुणा और सद्भाव के मार्ग को रोशन करती है। गफरियन और स्टीव अल्टेमस, नासा की दूरदर्शी लीडरशिप में इंटुएटिव मशीन्स ने इन सम्मानित आध्यात्मिक लीडर्स की विरासत का सम्मान करने के लिए इस महत्वाकांक्षी प्रयास की शुरूआत की है। आईएम-1 मिशन कोलेबोरेशन (आपसी सहयोग) और इनोवेशन (नवाचार) की शक्ति का एक प्रमाण है जो इतिहास बनाने के लिये दुनिया भर से प्रतिभाओं को एक साथ लाता है। बकौल जय पटेल वो ब्रह्मविहारी स्वामी में तीन उल्लेखनीय व्यक्तियों का अवतार देखते हैं जिसमें परमपूज्य प्रमुख स्वामी महाराज परम स्वामी विवेकानंद और यहां तक कि टाम क्रूज की एक झलक भी। अपने आध्यात्मिक पूर्ववर्तियों की तरह ब्रह्मविहारी स्वामी जी में भी सपनों की हकीकत में बदलने की क्षमता है। बप्पा का शांति और सद्भाव, एक विश्व, एक परिवार का संदेश चांद पर चमक रहा है। आठ अरब आत्माओं को मंत्रमुग्ध कर रहा है। इससे स्पष्ट है कि ब्रह्मविहारी स्वामी की दृष्टि की कोई सीमा नहीं है।

# असहमति की मौत

रूस के आर्कटिक क्षेत्र में दूरदराज की एक जेल में, विभिन्न आरोपों में 30 साल से ज्यादा की सजा काट रहे एलेक्सी नवेलनी की मौत, व्लादिमीर पुतिन द्वारा निर्मित राज्य में असहमति की स्थिति की डरावनी याद दिलाती है। वर्षों से, नवेलनी क्रेमलिन के सबसे मुखर आलोचक थे। वर्ष 2020 में जहर खुमानी में वह जिंदा बच गये थे और इलाज के लिए उन्हें जर्मनी ले जाया गया था। बाद में वह ह्यआजादी की लड़ाईह्व के लिए रूस लौटे, जिसके लिए उन्हें दोबारा कैद में डाल दिया गया। उनकी मौत की वजह अभी तक अज्ञात है। जहर खुमानी की घटना के बाद, वह कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उनके वकीलों ने उन्हें जेल में उचित इलाज नहीं मिलने की शिकायत की थी और वह भूख हड़ताल पर भी गये थे। उनकी पत्नी यूलिया नवेलनाया ने यह कहते हुए कि पुतिन ने ह्यमेरे पति को मार डालाह्व, उनकी लड़ाई जारी रखने की कसम खायी। उनकी मौत की वजह चाहे जो हो, रूसी राज्य इस त्रासदी से खुद को कभी दोषमुक्त नहीं कर सकता। नवेलनी ने जो राजनीतिक विपक्ष बनाया था, रूसी अधिकारी उसे नेस्तनाबूद करने पर तुले हुए थे। रूस की प्रबंधित प्रणाली में, कुछ विपक्षी दल हैं जिन्हें क्रेमलिन बर्दाश्त करता है और कुछ विरोधी हैं जिनसे राज्य के दुश्मन जैसा सलूक किया जाता है। धुर-दक्षिणपंथी जातीय-राष्ट्रवादी के बतौर अपनी राजनीतिक सक्रियता शुरू करने वाले नवेलनी दूसरी श्रेणी में थे। इस दूसरी श्रेणी में आने वाले एक और विपक्षी राजनेता बोरिस नेमत्सोव की 2015 में मास्को में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। रूस को 24 वर्षों से दरअसल राष्ट्रपति पुतिन ने ही चलाया है और इस साल के चुनाव के जरिए उनकी योजना अपने शासन को और छह साल का विस्तार देने की है। अब उन्हें नवेलनी की ओर से कोई बड़ा राजनीतिक खतरा नहीं है। लेवादा सेंटर जैसे स्वतंत्र सर्वेक्षणों के मुताबिक, पुतिन की स्वीकृति ऊंची बनी हुई है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट लेकर फोर्ड कंपनी फिर करेगी भारतीय कार बाजार में प्रवेश

**नई दिल्ली ।**

कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट लेकर फोर्ड कंपनी एक बार फिर भारतीय कार बाजार में प्रवेश करने जा रही है। जानकारी के अनुसार हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों पर फोकस के साथ ऑटो सेक्टर की दिग्गज कंपनी फोर्ड मोटर अपनी कारों के प्रोडक्शन के लिए चेन्नई में अपने मेन्युफेक्चरिंग प्लांट का इस्तेमाल करने की योजना बना रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ईवी की बिक्री तेजी से धीमी होने के कारण फोर्ड अपनी इलेक्ट्रिक वाहन स्ट्रेटिजी का फिर से आंकलन कर यही है। क्योंकि भारत में ज्यादातर ग्राहक इलेक्ट्रिक वाहनों की ऊंची कीमतों और चार्जिंग के खराब इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते ईवी खरीदने को लेकर संकोच करते हैं। ऑटो कंपनी ने अपनी बैटरी से चलने वाली कार मस्टैंग मच-ई के प्रोडक्शन और कीमतों में भी काफी कटौती की है और कंपनी पेट्रोल-इलेक्ट्रिक हाइब्रिड मॉडल के प्रोडक्शन को बढ़ावा देने पर भी जरूरी ध्यान दे रही हैं।




हालों कि पिछले महीने ही एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया कि भारत में इलेक्ट्रिक वाहन की बिक्री के 35 प्रतिशत की कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट से बढ़ने की उम्मीद है। साल 2032 तक सेल्स की सालाना संख्या 2.72 करोड़ यूनिट तक पहुंचने की संभावना है। इसके अलावा फोर्ड की एक गाड़ी की पेटेंट इमेज इंटरनेट पर वायरल हो गई है। इसे देखने में यह लगता है कि यह नया मॉडल हुंडई की क्रेटा, किआ सेल्टोस, मारुति की ग्रैंड विटारा, टोयोटा हायराइडर, होंडा एलिवेट समेत कॉम्पैक्ट मिड-साइज एसयूवी सेगमेंट में अन्य गाड़ियों को टक्कर देगा। ऐसा माना जा रहा है कि कंपनी भारत में एंडेवर के सीबीयू या सीकेडी मॉडल को इम्पोर्ट करके ला सकती है।

# वोडाफोन आइडिया इक्विटी के जरिये जुटाएगी 45,000 करोड़ रुपये

**-बोर्ड की मंजूरी मिलते ही शेयरों पर हुआ असर, 6 फीसदी की हुई बढ़त**

**नई दिल्ली ।**

दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया इक्विटी के जरिये 45,000 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी कर रही है। इससे 4जी सेवा का दायरा बढ़ाने के साथ 5जी नेटवर्क तैयार करने में मदद मिलेगी। वहीं बोर्ड की इस मंजूरी से शेयर बाजार में कंपनी के शेयर 6 फीसदी बढ़ गए हैं। ताजा जानकारी के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल ने कर्ज और इक्विटी के जरिये 45,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव को आज मंजूरी दे दी। कंपनी इस पैसे का इस्तेमाल अपनी 4जी सेवा का दायरा बढ़ाने, 5जी नेटवर्क तैयार करने तथा क्षमता विस्तार पर करेगी। कंपनी ने जारी एक बयान में कहा कि अगली तिमाही तक नया निवेश लाकर इक्विटी और, या इक्विटी से जुड़े दूसरे साधनों के जरिये 20,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की उसकी योजना है। जानकारों की मानें तो बाहरी निवेशक से पूंजी जुटाने पर बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है मगर इसके बारे में ज्यादा खुलासा नहीं किया है। बोर्ड ने पूंजी जुटाने की योजना को अमली जामा पहनाने के लिए कंपनी को बैंकर, वकील और सलाहकार नियुक्त करने की जिम्मेदारी दे दी है। कंपनी ने कहा कि इक्विटी पूंजी बॉन्ड, परिवर्तनीय डिबेंचर, वारंट, ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट, अमेरिकन डिपॉजिटरी रिसीट या विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बॉन्ड के सार्वजनिक निर्गम, निजी नियोजन, तरजीही निर्गम अथवा पात्र संस्थागत नियोजन जैसे किसी भी माध्यम से जुटाई जा सकती है। 2 अप्रैल को शेयरधारकों की बैठक बुलाई जाएगी और इक्विटी पूंजी जुटाने के प्रस्ताव पर उनसे मंजूरी ली जाएगी। इक्विटी जुटाने के प्रस्तावित अभियान में प्रवर्तक भी भागीदारी करेंगे। वोडाफोन आइडिया में आदित्य बिड़ला समूह की 18.1 फीसदी, केंद्र सरकार की 33 फीसदी और ब्रिटेन के वोडाफोन ग्रुप की 32.3 फीसदी हिस्सेदारी है। अतीत में वोडाफोन समूह ने भारतीय इकाई में और पूंजी लगाने से इनकार कर दिया था।

# पिज्जा में नकली चीज की जांच की खबर आते ही मैकडॉनल्ड के शेयर नीचे आए

**नई दिल्ली ।**

भारत में नकली चीज की जांच की खबर आते ही मैकडॉनल्ड की भारतीय फ्रेंचाइजी के शेयर नीचे आ गए हैं। मुख्य रूप से बर्गर बेचने के लिए काफी फेमस ग्लोबल फास्ट फूड आउटलेट मैकडॉनल्ड पर अब महाराष्ट्र सरकार भी जांच शुरू कर सकती है। एक अधिकारी ने जानकारी दी कि महाराष्ट्र सरकार इस बात की जांच करेगी कि क्या वे आउटलेट्स प्रोडक्ट्स में चीज की जगह अन्य विकल्पों का यूज करते थे क्योंकि जांच में ऐसा पाया गया है कि मैकडॉनल्ड के आउटलेट कस्टमर्स को असली चीज बताकर ठगी कर रहे थे। महाराष्ट्र सरकार की तरफ से शुरू हुई कार्रवाई का असर अब अन्य फास्ट फूड ग्लोबल ब्रांड्स पर देखने को मिल सकता है। इसमें मुख्य रूप से जिन फूड प्रोडक्ट्स पर जांच बढ़ने की संभावना है, उसमें पिज्जा और बर्गर बड़े तौर पर शामिल हो सकते हैं।

भारत की जनता को अपने प्रोडक्ट्स से जोड़ने के लिए कभी-कभी कंपनियां अपनी क्वालिटी के साथ खिलवाड़ कर देती हैं। क्योंकि सभी भारतीयों की ऐसी इनकम नहीं होती है कि वे ऐसे महंगे आउटलेट्स में जाकर खा सकें तो ऐसे में कंपनियां फायदा कमाने के लिए और ज्यादा से ज्यादा कस्टमर्स को जोड़ने के लिए डिस्काउंट तो देती हैं मगर क्वालिटी में गिरावट ला देती हैं। अगर भारत की फूड रेगुलेटर्स खाने के क्वालिटी को लेकर सख्ती बरतती हैं तो इनका असर कंपनी की बिक्री पर देखने को पड़ सकता है। बता दें कि मैकडॉनल्ड एक ग्लोबल फास्ट फूड चेन हैं जिसका भारत में कारोबार वेस्टलाइफ फूडवर्ल्ड करती है, ये भारतीय फैंचाइजी है। पिछले शुक्रवार को कंपनी ने अपने प्रोडक्ट्स में सिर्फ शुद्ध 'चीज़' का ही इस्तेमाल होने का दावा किया था और कहा था कि वह इस बारे में 'सक्षम अधिकारियों' के साथ सहयोग कर रही है।

एक मीडिया रिपोर्ट में बताया कि मैकडॉनल्ड्स फ्रेंचाइजी जांच एजेंसी की कार्रवाई से भले ही सहमत नहीं दिख रही हो, लेकिन दिसंबर में उसने राज्य में बेचे जाने वाले कई बर्गर और नगेट्स के नाम से 'चीज' शब्द हटा दिया। गौरतलब है कि महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने 23 फरवरी को मैकडॉनल्ड की अहमदनगर में स्थिति एक आउटलेट पर कार्रवाई करते हुए आरोप लगाया कि वह अपने कुछ प्रोडक्ट्स में असली चीज के बजाय वनस्पति तेल की मिलावट से बने चीज एनालॉग का यूज किया गया था। नियमों का उल्लंघन करने के मामले में आउटलेट पर तुरंत कार्रवाई की और इसका लाइसेंस निलंबित कर दिया।

# अडानी ग्रुप डिफेंस सेक्टर में करेगा 3 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश




**नई दिल्ली ।**

अब डिफेंस सेक्टर में भी अडानी ग्रुप अपनी पकड़ मजबूत करने जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार अदाणी समूह की अदाणी डिफेंस एंड एरोस्पेस उत्तर प्रदेश के कानपुर में बड़ा निवेश करने की तैयारी में है। इस मामले में कंपनी के सीईओ आशीष राजवंशी ने बताया कि डिफेंस एंड एयरोस्पेस साल 2027 तक कानपुर में अपने नए गोला-बारूद और मिसाइल परिसरों में 3,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश करेगा। गौरतलब है कि 26 फरवरी को ही कानपुर के इस मिसाइल कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया गया था। यहां पर दक्षिण एशिया में सबसे बड़ी गोला-बारूद निर्माण की सुविधा होगी। इस कॉम्पलेक्स की शुरुआत 1,500 करोड़ रुपये के शुरुआती इंवेस्टमेंट से हुई है। उम्मीद की जा रही है कि इससे करीब लगभग 4,000 लोगों को नौकरियों का मौका भी मिलेगा। इसके साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम और स्थानीय कंपनियों में भी 20,000 नौकरियों के अवसर बनेंगे। इस मामले में अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी करण अदाणी ने बताया कि मात्र 15 महीने में 5 हजार एकड़ में बनकर तैयार हो रहा है। अदाणी समूह का ये उत्पादन कॉम्प्लेक्स दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स बनने जा रहा है। इसकी क्षमता प्रतिवर्ष 150 मिलियन राउंड एम्युनेशन उत्पादन की है। यहां रायफल, लाइट मशीन गन (एलएमजी), एके-47 और कार्बाइन की गोलियां बनेंगी। अगले चरण में आर्टिलरी गन, गोला-बारूद, तोपें और हैंड ग्रेनेड समेत सेना के जवानों के लिए अलग-अलग तरह के अस्त्र-शस्त्र व सुविधाओं संबंधित उत्पाद निर्मित किए जाएंगे। 15 सौ करोड़ से शुरू हुआ ये प्रोजेक्ट अगले पांच साल में 3 हजार करोड़ तक पहुंच जाएगा।

# रिलायंस कैपिटल के लिए 9,650 करोड़ रुपये की समाधान योजना को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली ।**

रिलायंस कैपिटल के लिए 9,650 करोड़ रुपये की समाधान योजना को मंजूरी मिल गई है। मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंगलवार को हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स की रिलायंस कैपिटल के लिए 9,650 करोड़ रुपये की समाधान योजना को मंजूरी दे दी। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने कर्ज के बोझ से दबी कंपनी के लिए बोली के दूसरे दौर में जून 2023 में आईआईएचएल द्वारा प्रस्तुत योजना को मंजूरी दे दी। इस मामले में विस्तृत आदेश आने वाला है। भारतीय रिजर्व बैंक ने नवंबर 2021 में अनिल धीरूभाई अंबानी समूह की कंपनी द्वारा प्रशासनिक मुद्दों और भुगतान चूक पर रिलायंस कैपिटल के निदेशक मंडल को हटा दिया था। केंद्रीय बैंक ने नागेश्वर राव वाई को प्रशासक नियुक्त किया था, जिन्होंने कंपनी का अधिग्रहण करने के लिए फरवरी 2022 में बोलियां आमंत्रित की थीं। इस दौरान रिलायंस कैपिटल पर 40,000 करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज था और चार आवेदकों ने शुरू में समाधान योजनाओं के साथ बोली लगाई थी।




हालांकि, लेनदारों की समिति ने कम बोली मूल्यों के लिए सभी चार योजनाओं को खारिज कर दिया और एक चुनौती तंत्र शुरू किया गया जिसमें आईआईएचएल और टोरेंट इन्वेस्टमेंट्स ने भाग लिया था। हिंदुजा समूह की कंपनी को पिछले साल जून में समिति द्वारा 9,661 करोड़ रुपये की अग्रिम नकद बोली के लिए चुना गया था। बता दें कि रिलायंस कैपिटल का अतिरिक्त 500 करोड़ रुपये का नकद शेष भी अब ऋणदाताओं के पास ही जाएगा।

## पैट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेज की कीमतों के गिरावट के साथ ही घरेलू बाजार में भी पैट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव आया है। सुबह ब्रेंट क्रूड 83.33 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। वहीं घरेलू बाजार में भी तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव किया है। इससे असम, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड सहित कुछ राज्यों में पेट्रोल और डीजल महंगा हुआ है जबकि कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उड़ीसा , पंजाब और आंध्रा प्रदेश में ईंधन की कीमतें बढ़ी हैं। वहीं नोएडा में पेट्रोल 96.64 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। इसके अलावा गाजियाबाद में 96.58 रुपये और डीजल 89.75 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.47 रुपये और डीजल 89.66 रुपये प्रति लीटर पर बना हुआ है जबकि बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 107.24 रुपये और डीजल 94.04 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। चारों महानगरों की बात करें तो दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 90.08 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.74 रुपये और डीजल 94.33 रुपये प्रति लीटर प्रति लीटर है।




## महिंद्रा ने थार के अर्थ एडिशन को लांच किया

**मुंबई ।** महिंद्रा ने थार अर्थ एडिशन को लांच किया है। इस 15.4 लाख से 17.6 लाख रुपये की कीमत पर पेश किया गया है। इस स्पेशल एडिशन की कीमत उस एलएक्स ट्रिम से 40,000 रुपये ज़्यादा है। महिंद्रा थार अर्थ एडिशन को मैट पेंट में पेश किया गया है, जिसे कंपनी डेजर्ट फ्यूरी कहती है, और बी-पिलर्स और रियर फेंडर पर विशेष अर्थ एडिशन बैज भी मिलते हैं। इंटीरियर में बेज और ब्लैक डुअल कलर टोन में लैदर अपहोलस्ट्री दी है। वहीं इसमें स्टीयरिंग व्हील, कपहोल्डर्स, गियर नॉब और गियर कंसोल पर महिंद्रा लोगो जैसे एलिमेंट्स पर डार्क क्रोम फिनिश दी है। महिंद्रा थार अर्थ एडिशन केवल 4×4 वेरिएंट पर उपलब्ध है। इसमें पेट्रोल और डीजल इंजन का ऑप्शन दिया है। इसमें 2.0-लीटर पेट्रोल यूनिट 152 एचपी 300एनएम जेनरेट करता है और इसे 6-स्पीड ऑटो या 6-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के साथ जोड़ा जा सकता है। दूसरा 2.2-लीटर डीजल इंजन मिलता है, जो 132एचपी, 300एनएम जेनरेट करता है। थार अर्थ एडिशन के लांच को महिंद्रा द्वारा थार 4डब्ल्यूडी की बिक्री की संख्या बढ़ाने के कदम के रूप में देखा जा सकता है महिंद्रा ने हाल ही में यह भी पुष्टि की है कि 5-डोर थार इस साल लांच किया जाएगा.

## रिलायंस जिओ की मदद से चिपमेकर ला रही सबसे सस्ता 5जी स्मार्टफोन

**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी चिपमेकर कंपनी सबसे सस्ता स्मार्टफोन लेकर आ रही है। यह रिलायंस जिओ की मदद से लांच करने जा रही है। जानकारी के अनुसान चिपमेकर क्वालकॉम भारतीय स्मार्टफोन बाजार में एक खास प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। क्वालकॉम एक नया चिपसेट बनाने में जुटी है जो इस कैलेंडर वर्ष के अंत तक बाजार में दस्तक दे सकता है। इस चिप की मदद से कंपनी एक ऐसा 'किफायती' स्मार्टफोन बाजार में पेश सकती है जो 5पी पर चलेगा। किफायती इसलिए क्योंकि इस स्मार्टफोन की कीमत 99 डॉलर (करीब 8,000 रुपये) से भी कम हो सकती है। कंपनी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि लेटेस्ट चिपसेट भारत में 2जी यूजर्स को 5जी में शिफ्ट होने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है। इसके अलावा रिपोर्ट में कहा गया कि क्वालकॉम स्मार्टफोन को डेवलप और लॉन्च करने के लिए भारत के टॉप टेलीकॉम ऑपरेटर, रिलायंस जियो और मूल उपकरण निर्माताओं के साथ भी काम कर रहा है। इस पर क्वालकॉम के अधिकारियों ने कहा कि गीगाबिट 5जी स्मार्टफोन डिवाइस 5जी स्टैंडअलोन आर्किटेक्चर का सपोर्ट करेगा, जो जिओ वर्तमान में पेश कर रहा है। क्वालकॉम के एसवीपी और हैंडसेट के जनरल मैनेजर क्रिस पैट्रिक ने बार्सिलोना में मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2024 के मौके पर बताया कि गीगाबिट 5जी स्मार्टफोन एसएस-2आरएक्स क्षमता का उपयोग करके एक समर्पित कम लागत वाले प्रोसेसर द्वारा ऑपरेट होगा, जो 5जी नेटवर्क पर गीगाबिट स्पीड देने में सक्षम है। बता दें कि एमडब्ल्यूसी 2024 का आयोजन 26 से 29 फरवरी तक बार्सिलोना में किया जा रहा है। बता दें कि अगस्त 2022 में, रिलायंस इंडस्ट्रीज की वार्षिक आम बैठक के दौरान, मुकेश अंबानी ने पूरी दुनिया के लिए 5जी प्रोडक्ट लाने जियो और क्वालकॉम के बीच साझेदारी की घोषणा की थी।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 790 , निफ्टी भी 247 अंक टूटा

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट भारी मुनाफावसूली से आई है। इसके अलावा दुनिया भर के बाजारों से प्राप्त मिलेजुले संकेतों से भी बाजार पर दबाव पड़ा। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 790.34 अंक नीचे आकर 72,304.88 अंक पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 247.20 अंक नीचे आकर 21,951.15 अंक पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज , आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, मारुति सुजुकी, महिंद्रा ऐंड महिंद्रा ,एचडीएसफसी बैंक और एलएंडटी के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। इसके अलावा सरकारी बैंकों , वाहन क्षेत्र सेक्टर और तेल व प्राकृतिक गैस कंपनियों के शेयरों में करीब 2 फीसदी से लेकर 3.5 फीसदी तक की गिरावट आई। इससे बाजार पर नकारात्मक प्रभाव हुआ। इसके साथ ही

बीएसई मिडकैप इंडेक्स में भी 1.8 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.9 फीसदी की गिरावट से भी बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। आज कारोबार के दौरान हिंदुस्तान यूनिलिवर, इंफोसिस, टाटा कंसल्टैंसी और टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल के शेयरों में तेजी आई। वहीं पावर ग्रिड , इंडसइंड बैंक, मारुति, विप्रो, टाटा स्टील, जेएसडब्यू स्टील, एशियन पेंट, महिन्द्रा एंड महिन्द्रा व रिलायंस और अल्ट्राटेक के शेयरों में गिरावट रही। एशियाई बाजारों में सियोल का बाजार ऊपर आया। वहीं टोक्यो , शंघाई और होंगकांग के बाजार में गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में भी अधिकतर गिरावट देखी गयी। वहीं गत दिवस अमेरिकी बाजार बढ़त पर बंद हुए थे। वहीं गत दिवस विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 1,509.16 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची थी।




इससे पहले आज सुबह बाजार हल्की तेजी के साथ खुला। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिश्रित संकेतों के बीच ही तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 26.42 अंक करीब 0.04 फीसदी बढ़कर 73,121.64 जबकि पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 8.00 अंक तकरीबन 0.04 फीसदी बढ़कर 22,206.30 पर दिख रहा है। कारोबार के दौरान करीब 1519 शेयर उछले हैं जबकि 770 शेयर टूटे हैं। इसके अलावा 125 शेयरों में कोई बदलाव नहीं आया है। कारोबार के दौरान भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, टाटा कंज्यूमर, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, हीरो मोटोकॉर्प के शेयर बढ़े जबकि विप्रो, अपोलो हॉस्पिटल्स, पावर ग्रिड कॉर्प, अल्ट्राटेक सीमेंट और बीपीसीएल के शेयर नीचे आये। वहीं गिफ्ट निफ्टी हल्की बढ़त के साथ ही 22200 के ऊपर कारोबार कर रहा था

## वोल्वो बाजार में बेचेगी कुल ब्रिकी की एक तिहाई इलेक्ट्रिक कार

**नई दिल्ली ।** वोल्वो कार इंडिया कुल ब्रिकी की एक तिहाई कार बाजार में बेचने का लक्ष्य बना रही है। कंपनी ने अनुमान जताया है कि वर्ष 2024 में उसकी कुल बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का योगदान एक-तिहाई होगा। 2023 में लक्जरी कार निर्माता ने 2,423 वाहनों की बिक्री की थी। 2023 में उसकी कुल बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों का योगदान 28 प्रतिशत रहा। ईवी मॉडलों में एक्ससी40 और सी40 ने 510 और 180 वाहनों की बिक्री दर्ज की थी। वोल्वो ने वर्ष 2030 तक संपूर्ण रूप से इलेक्ट्रिक कार निर्माता बनने का लक्ष्य रखा है। भारत में इस समय इलेक्ट्रिक वाहन बाजार के लक्जरी सेगमेंट के अंतर्गत वोल्वो 24 प्रतिशत भागीदारी के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं बीएमडब्ल्यू इस सेगमेंट में पहले स्थान पर है। वर्ष 2023 में वोल्वो कार इंडिया ने कुल 2,423 वाहन बेचे, जिनमें 690 ईवी थे। इससे सालाना आधार पर 31 प्रतिशत वृद्धि का पता चलता है। वोल्वो ने वर्ष 2025 तक भारतीय बाजार में दो अन्य इलेक्ट्रिक वाहन पेश करने की अपनी योजनाओं की भी पुष्टि की है। नए मॉडलों में ईएक्स30 और ईएक्स90 इलेक्ट्रिक एसयूवी शामिल हैं जिन्हें अगले साल पेश किया जाएगा। इस मामले में वोल्वो इंडिया की प्रबंध निदेशक ज्योति मल्होत्रा ने मंगलवार को मीडिया के साथ बातचीत में कंपनी की ईवी योजनाओं के विस्तार की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि वोल्वो के लिए 2030 तक विजन बेहद स्पष्ट है। वोल्वो इलेक्ट्रिक कार कंपनी बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रही है। यह विशेष रूप से बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों (बीईवी) पर केंद्रित है।' कंपनी इस समय 25 आउटलेटों के साथ परिचालन करती है और उसने अपनी सेवाओं का विस्तार करने पर जोर दिया है।




# अडानी समूह ने विदेशी रोड शो की सीरीज शुरू की, निवेशकों का विश्वास बढ़ाने

**नई दिल्ली ।**

अडानी समूह ने अपने नए बॉन्ड की बिक्री से पहले अपने कारोबार में निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के लिए और बॉन्डधारकों के लिए विदेशी रोड शो की सीरीज शुरू की है। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने कहा कि वह 18 साल की डोर-टू-डोर अवधि के साथ बांड के माध्यम से 409 मिलियन डॉलर जुटाने की योजना बना रही है। रोड शो के द्वारा समूह निवेशकों को अपने विवेकपूर्ण वित्तीय योजना, परिचालन दक्षता और अपने लोन की देनदारी को पूरा करने की क्षमता के बारे में आश्वस्त करने का प्रयासों कर रहा है। अदाणी समूह रिन्युएबल एनर्जी, पोर्ट, एयरपोर्ट और इंफ्रास्ट्रक्चर सहित कई क्षेत्रों में अपनी विस्तार योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने में लगा है। कारोबार से जुड़े लोगों के हवाले से लिखा कि भारत की बढ़ती बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं और नवीकरणीय ऊर्जा और बंदरगाह के नेतृत्व वाले विकास को अपनाने जैसी पहलों पर सरकार के जोर के साथ, समूह का लक्ष्य उभरते अवसरों को भुनाना और वैश्विक बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करना है। बता दें, समूह के पास 2024 में देय 1.9 बिलियन डॉलर के विदेशी मुद्रा बांड हैं। इसने अपनी बकाया परिपक्वताओं के एक बड़े हिस्से का निपटान कर दिया है। समूह ने विनियामक फाइलिंग के माध्यम से निवेशकों को बताया है कि वह 2019 में बेचे गए और अगले साल सितंबर में मैच्योर होने वाले अदाणी ग्रीन की होल्डिंग कंपनी के 750 मिलियन डॉलर का भुगतान करने के लिए नकदी बनाने पर काम कर रहा है। समूह ने जुलाई तक अदाणा पोर्ट्स और स्पेशल इकोनॉमिक जोन के 650 मिलियन डॉलर के बांड किश्त का नकद भुगतान करने का भी वादा किया है, जिसमें से वह इस साल 325 मिलियन डॉलर का भुगतान पहले ही कर चुका है। अदाणी के शीर्ष बांडधारकों में ब्लैकरॉक, पीआईएमसीओ, फिडेलिटी और मेटलाइफ शामिल हैं। वहीं अडानी समूह ने कहा है कि वह अपने बंदरगाहों, बिजली और सीमेंट परिचालन को बिजली की आपूर्ति करने के लिए अगले दशक में हरित ऊर्जा में 100 अरब डॉलर का निवेश करेगा, क्योंकि इसका लक्ष्य 2050 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जक बनना है। 30 सितंबर तक ग्रुप के पास कुल संपत्ति 4.48 लाख करोड़ रुपये थी।

## 26 गोल्ड बॉन्ड में मैच्योरिटी से पहले मिलेगा कमाई का मौका

**नई दिल्ली ।**

अगले वित्त वर्ष में 26 गोल्ड बॉन्ड में मैच्योरिटी से पहले कमाई का मौक मिल सकता है। जानकारी के अनुसार 2024-25 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के लिए आरबीआई ने सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के प्रीमैच्योर रिडेम्पशन को लेकर कैलेंडर जारी कर दिया है। देश के केंद्रीय बैंक के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही के दौरान निवेशकों को सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की कुल 26 अलग अलग सीरीज में प्रीमैच्योर रिडेम्पशन का मौका मिलेगा। बता दें कि आरबीआई की तरफ से 27 फरवरी को जारी जारी इस कैलेंडर में अलग अलग सीरीज के लिए उस निर्धारित समय सीमा का भी जिक्र है जिस दौरान बॉन्ड धारक प्रीमैच्योर रिडेम्पशन के लिए अप्लाई कर सकते हैं। अगले वित्त वर्ष की शुरुआत में सबसे पहले वित्त वर्ष 2016-17 के लिए जारी सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की तीसरी सीरीज यानी छठे गोल्ड बॉन्ड में 17 मई 2024 को प्रीमैच्योर रिडेम्पशन का मौका मिलेगा। जिसके लिए बॉन्ड धारक 16 अप्रैल और 7 मई के बीच अप्लाई कर सकते हैं। यह बॉन्ड 17 नवंबर 2016 को 3007 रुपये प्रति यूनिट के इश्यू प्राइस पर जारी किया गया था। आईबीजेए के मुताबिक इस समय गोल्ड 24 कैरेट (999) का मौजूदा भाव 62,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर चल रहा है।



# प्रकृति और संस्कृति का संगम है कोच्चि

केरल का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण शहर कोच्चि अपने आप में कई ऐतिहासिक धरोहर समेटे हुए है। ऐतिहासिक स्थल, किला, पुराने चर्च, समुद्री तट, झरने, स्नेक बोट रेस और संग्रहालय कोच्चि की सुंदरता में चार चांद लगा देते हैं। भारत के पश्चिमी तटीय क्षेत्रों में कोच्चि दूसरा सबसे महत्वपूर्ण शहर है। कोच्चि को अरब सागर की रानी भी कहा जाता है। इस शहर को हाल ही में स्मोक फ्री सिटी का दर्जा मिला है।

कोच्चि प्राकृतिक सुंदरता का संगम है। यहां प्रकृति संस्कृति और इतिहास से जुड़े कई रंग देखने को मिलते हैं। यहां अरब, ब्रितानी, चाइनीज, डच और पुर्तगालों की कई ऐतिहासिक झलक दिखती हैं। केरल का सबसे महत्वपूर्ण व्यवसयिक और औद्योगिक शहर है कोच्चि। समुद्र किनारे बसा यह खूबसूरत शहर भूमध्य रेखा के करीब है। समुद्र के साथ-साथ यहां मौजूद पहाड़ इस छोटे से शहर को और भी अद्भुत बनाते हैं। कोच्चि में पूरे केरल से सबसे ज्यादा पर्यटक आते हैं।





कोच्चि में देखने के लिए बहुत कुछ है। जैसे बोलगट्टी आइलैंड- इस आइलैंड को डच पैलेस कहा जाता है, जिसे अब केरल पर्यटक विकास निगम ने होटल में बदल दिया है। साथ ही यहां छोटा सा गोल्फ कोर्स भी है। इस पिकनिक स्पॉट से आप कोच्चि के बंदरगाह और हवाई अड्डे का बेहतरीन नजारा देख सकते हैं।

चेरई बीच पर यहां तैराकी के साथ-साथ दूसरी कई गतिविधियों का मजा ले सकते हैं।

हिल पैलेस- कोच्चि के राजा का बनवाया यह महल यहां का सबसे मशहूर पर्यटक स्थल है। इसे संग्रहालय में बदल दिया गया है। राजाओं के इस्तेमाल में आने वाली तमाम चीजें यहां देखने को मिलती हैं।



मंगलवन बर्ड सेंक्चुरी- केरल हाईकोर्ट के बगल में इस अभयारण्य में पक्षियों की कई दुर्लभ और विशेष प्रजातियां देखी जा सकती हैं। यह प्रवासी पक्षियों के लिए भी बेहतर जगह है।

मट्टनचेरी पैलेस को डच पैलेस भी कहा जाता है। यहां रामायण और महाभारत काल की कई पुरानी तस्वीरें उकेरी गई हैं।

सेंटर क्रूज बेसिलिका- 1505 में बना यह चर्च को 1795 में ब्रिटिश शासकों ने नष्ट कर दिया था। पुर्तगालों के इस चर्च को 1905 में बनवाया गया। 1984 में पोप जॉन पॉल-2 ने इसे बेसिलिका की उपाधि दी।

सेंट फ्रांसिस चर्च- यूरोपियन का बनवाया यह भारत का सबसे पुराना चर्च है। कहते हैं वास्को-डि-गामा का पार्थिव शरीर यहीं दफन किया गया।

वास्को हाउस- रोज स्ट्रीट स्थित इस स्थल पर पुर्तगाल वास्तुकला को देखा जा सकता है। इसे देश का सबसे पुराना पुर्तगाल हाउस कहा जाता है। ऐसा माना जाता है कि वास्को-डि-गामा यहां आकर रहे थे।

इसके अलावा कोच्चि में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, कोच्चि फोर्ट, मरीन ड्राइव, परीक्षित थंपुर म्यूजियम, वीगा लैंड, देखा जा सकता है। साथ में सेंट फ्रासेंस चर्च, त्रिचूर मंदिर, चेरामन मस्जिद, जैन मंदिर, कलेडी, त्रिक्ककारा मंदिर भी दर्शनीय हैं। यहां समुद्री किनारा होने के कारण बोट राइड और बीच वॉक का मजा ले सकते हैं। फोर्ट कोच्चि के ऐतिहासिक शहर को यदि अच्छी तरह देखना हो तो पैदल चलना सबसे अच्छा विकल्प है। विश्राम के बाद सूती कपड़े, मुलायम जूते और और हां, स्ट्रॉ हैट पहन कर बाहर निकलें। इतिहास में पगे इस द्वीप के हर हिस्से में आपके लिए कुछ न कुछ आकर्षक जरूर मौजूद मिलेगा। यहां की दुनिया अपने आप में अनूठी है जिसमें बीते युग की छवि स्पष्ट नजर आती है और अपने अतीत पर इसे अब भी गर्व है। यदि आप इतिहास के गंध को पहचान सकते हैं तो कोई भी बाधा आपको इन सड़कों पर निकलने से नहीं रोक सकतीं।

के. जे. मार्शल स्ट्रीट से सीधे निकलकर और बायीं ओर मुड़ने पर आपको फोर्ट इमेनुएल की झलक मिलेगी। यह किला कभी पुर्तगालियों का हुआ करता था और यह कोचीन के महाराजा और पुर्तगाली के शासक (जिसके नाम पर इस किले का नाम पड़ा) के बीच गठबंधन का प्रतीक है। इस किले का निर्माण 1503 में करवाया गया था और 1538 में इसका सुदृढ़ीकरण हुअ। थोड़ा और आगे चलकर आप डच कब्रगाह पहुंच जाते हैं। 1724 में प्रतिष्ठापित और दक्षिण भारत के चर्च के देखरेख के तहत आने वाले इस कब्रिस्तान के कब्रों के पत्थर यहां आने वाले पर्यटकों को उन यूरोपीय लोगों की याद दिलाते हैं जिन्होंने अपने देशों के औपनिवेशिक प्रसार के लिए अपना घर-बार छोड़ा था।

अगला दर्शनीय स्थल है ठाकुर हाउस जो औपनिवेशिक युग के कंक्रीट निर्मित नमूने के रूप में खड़ा है। यह भवन सादगी पूर्ण ढंग से सुंदर है। पहले इसे कुनल या हिल बंगलो के नाम से जाना जाता था। ब्रिटिश शासन के दौरान यह यह नेशनल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधकों का आवास हुआ करता था। अब यह चाय के प्रसिद्ध व्यापारिक फर्म ठाकुर एंड कम्पनी की मिल्कियत है। आगे बढ़िए और आपको एक अन्य औपनिवेशिक संरचना देखने को मिलेगी- डेविड हॉल। इसका निर्माण 1695 के आस-पास डच ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा करवाया गया था। इस हॉल का मूल संबंध प्रसिद्ध डच कमांडर हेनरिक एड्रियन वान रीड ड्रैकेस्टन से था, जिनकी ख्याति केरल की प्राकृतिक वनस्पतियों पर लिखी गई उनकी किताब- होर्टस मलाबैरिकस को लेकर अधिक फैली। यद्यपि, डेविड हॉल का नाम इसके परवर्ती मालिक डेविड कोडर के नाम पर पड़ा।

चार एकड़ में फैले परेड ग्राउण्ड को पार करने के बाद, जहां कभी पुर्तगाली, डच और ब्रिटिश मिलिट्री परेड आयोजित किया करते थे, आप सेंट फ्रांसिस चर्च पहुंचेंगे। यह चर्च भारत में सबसे पुराना यूरोपियन चर्च है। 1503 में पुर्गालियों द्वारा बनाए जाने के बाद से यह कई चरणों से होकर गुजरा है। यह वही चर्च है जहां वास्को डि गामा को दफनाया गया था। इस कब्र के पत्थर को आज भी देखा जा सकता है।

चर्च रोड पैदल भ्रमण करने के लिए बहुत ही उपयुक्त है जहां टहलते हुए आप अरब सागर से आने ठंडी हवा को अपने शरीर पर महसूस कर सकते हैं। समुन्दर के थोड़ा और करीब जाएं। आप कोचीन क्लब पहुंचेंगे। यहां एक समृद्ध पुस्तकालय और खेल की ट्रॉफियों का भव्य संग्रह है। यह क्लब एक सुन्दर दृश्यों वाले पार्क में स्थित है। इस क्लब का माहौल आज भी ब्रिटिश युग की याद दिलाता है।



चर्च रोड पर वापस आकर बायीं ओर आपको एक अन्य शानदार दुर्ग- बैस्टियन बंगलो दिख पड़ेगा। इंडो-यूरोपियन स्टाइल की यह अद्भुत संरचना सन 1667 में बनकर तैयार हुई थी और इसका नाम पुराने डच किले के स्ट्रॉम्बर्ग बैस्टियन के स्थान के नाम पर पड़ा जहां यह अवस्थित है। अब यह उप समाहर्ता का आवास है।

पास में ही वास्को डि गामा स्क्वॉयर है। थोड़ी देर सुस्ताने के लिए उपयुक्त यह एक संकरा सागर तट (प्रोमिनेड) है। यहां आपको स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों और नारियल पानी के स्टॉल मिलेंगे। थोड़ी देर इन सबका आनंद उठाइए और उठते-झुकते चाइनीज फिशिंग नेट की ओर नजर डालिए। ये नेट्स कुबलाय खान के दरबार के व्यापारियों द्वारा 1350 और 1450 के बीच लगवाए गए थे।

तरोताजा होकर अब आप पीयर्स लेस्ली बंगलो की ओर जा सकते हैं। यह बंगलो एक खूबसूरत किला है जो कभी एक जमाने में पीयर्स लेस्ली एंड कंपनी नामक कॉफी मर्चेंट का दफ्तर हुआ करता था। इस भवन पर पुर्तगाली, डच और स्थानीय प्रभाव दिखाई पड़ता है। जल के सम्मुख पड़ने वाला इसका बरामदा इसकी भव्यता में चार चांद लगा देता है। दायीं ओर मुड़कर आप पुराने हार्बर हाउस पर आ पहुंचते हैं जिसका निर्माण 1808 में हुआ था और यह प्रसिद्ध चाय व्यापारी कैरिएट मोरन एंड कम्पनी की मिल्कियत था। पास में ही शानदार कोडर हाउस है जो कोचीन इलेक्ट्रिक कम्पनी के मालिक सैमुअल एस. कोडर द्वारा 1808 में बनवाया गया था। इस भवन की स्थापत्य कला औपनिवेशिक से इंडो-यूरोपियन स्थापत्य की ओर संक्रमण को दर्शाता है।

पुनः दायीं ओर मुड़ें और आप प्रिंसेस स्ट्रीट जा पहुंचेंगे। यहां की दुकानों से आप ताजे फूल खरीद सकते हैं। इस इलाके की प्राचीनतम सड़कों में से एक इस सड़क के दोनों ओर यूरोपियन शैली के भवन बने हैं। यहीं लोफर्स कॉर्नर अवस्थित है। यह कोच्चि के मौजमस्ती एवं क्रीड़ा पसंद लोगों के लिए एक पारंपरिक स्थल रहा है।

लोफर्स कॉर्नर से उत्तर की ओर बढ़ने पर आप सांता क्रूज बैसिलिका पर आ पहुंचेंगे जो पुर्तगालियों द्वारा निर्मित एक ऐतिहासिक चर्च है। इसे 1558 में पोप पॉल द्वारा दरजा बढ़ाकर कैथेड्रल घोषित कर दिया गया। 1984 में पोप जॉन पॉल द्वद्ध ने इसे बैसिलिका का दरजा दे दिया। बर्गर स्ट्रीट और डेल्टा स्टडी पर एक नजर डालने के बाद आप फिर से प्रिंसेस स्ट्रीट और उसके बाद रोज स्ट्रीट पहुंचेंगे। डेल्टा स्टडी एक हेरिटेज बंगलो है जिसका निर्माण 1808 में हुआ था। यह अब एक हाई स्कूल के रूप में बदल गया है। रोज स्ट्रीट पर वास्को हाउस स्थित है। माना जाता है यह वास्को डि गामा का आवास था। यह पारंपरिक और विशुद्ध यूरोपियन भवन कोच्चि के सबसे पुराने पुर्तगाली भवनों में से एक है।

बायीं ओर मुड़ने पर आप रिड्सडेल रोड पर आ पहुंचते हैं जहां आपको गेट दिखाई पड़ता है जो परेड ग्राउंड के सम्मुख है। इस गेट का निर्माण 1740 में हुआ था और इसका यह नाम इस पर अंकित डच ईस्ट इंडिया कंपनी के मोनोग्राम के कारण पड़ा। इसके पास ही युनाइटेड क्लब है जो कभी कोच्चि के अंग्रेजों के चार एलीट क्लबों में से एक था। अब यह पास में स्थित सेंट फ्रांसिस प्राइमरी स्कूल की कक्षाएं चलती हैं।

अब यहां से सीधे चलिए तो आप सड़क के अंतिम सिरे पर पहुंच जाएंगे और वहां आपको बिशप हाउस मिलेगा जिसका निर्माण 1506 में हुआ था। कभी यह पुर्तगाली गवर्नर का आवास हुआ करता था। यह परेड ग्राउंड के पास एक छोटी सी पहाड़ी पर स्थित है। भवन का सम्मुख भाग विशाल गोथिक मेहराबों से युक्त है और यह भवन डायोसीज ऑफ कोचीन के 27वें बिशप डॉम जोस गोम्स फेरेरिया के अधीन था जिनका अधिकार क्षेत्र भारत के अतिरिक्त बर्मा, मलाया और सिलोन तक था।

यहां रेल, सड़क और हवाई यातायात के अलावा जल मार्ग से भी पहुंचा जा सकता है। कोच्चि में विश्वस्तरीय हवाई अड्डा है, जो पूरे विश्व के मुख्य शहरों से इसे जोड़ता है। यहां आप अक्टूबर से लेकर मार्च तक कभी भी जा सकते हैं।



## रुस से कच्चा तेल लेकर आ रहे तीन टैंकरों पर अमेरिका की ढ़ेडी नजर

नई दिल्ली ।फरवरी 2022 में शुरू हुए रूस–यूक्रेन युद्ध के बाद से ही भारत रूस से भारी मात्रा में रियायती कीमतों पर तेल खरीद रहा है।अगले कुछ सप्ताह में भी तेल लदे रूसी टैंकर भारत पहुंचने वाले हैं।लेकिन उन तीन टैंकरों की चर्चा हो रही है, जिन्हें अमेरिका ने बैन कर दिया है। इसके बावजूद तीनों टैंकर तेल लेकर भारत आ रहे हैं। अगले कुछ सप्ताह के दौरान भारतीय रिफाइन कंपनियों को कच्चा तेल पहुंचाने वाले टैंकर में कम से कम तीन टैंकर हैं, जिन्हें हाल ही में अमेरिका ने बैन किया है। अमेरिका ने 14 रूसी तेल टैंकरों को ब्लैक लिस्ट में डाल दिया था, क्योंकि वे पश्चिम देशों की ओर से लगाए गए प्राइस कैप से ज्यादा कीमत पर तेल निर्यात कर रहे थे।पश्चिमी देशों की ओर से रूसी तेल की प्राइस कैप 60 डॉलर प्रति बैरल है।भारत आ रहे तीन टैंकरों में से एक जॉर्जी मैस्लोव इस सप्ताह के अंत में सिक्का बंदरगाह पहुंचेगा। वहीं, एक अन्य टैंकर अनातोली कोलोडकिन भी अप्रैल में सिक्का बंदरगाह पर पहुंचेगा।इस महीने की शुरुआत में अनातोली कोलोडकिन टैंकर ने वाडिनार बंदरगाह पर कच्चे तेल की डिलीवरी की थी।ब्लैक लिस्ट में शामिल एक और टैंकर एनएस कैप्टन भी मार्च और अप्रैल में वाडिनार बंदरगाह पर तेल लेकर पहुंचेगा।हालांकि, उद्योग से जुड़े अंदरूनी सूत्रों का मानना है कि ब्लैक लिस्टेड टैंकर से डिलीवरी से किसी बड़ी समस्या की कोई आशंका नहीं है।क्योंकि अमेरिका ने ब्लैक लिस्टेड टैंकर को 45 दिनों तक तेल निर्यात करने की अनुमति दी है।रिपोर्ट के मुताबिक, रूस एक महीने में भारत को चार दर्जन कार्गो की डिलीवरी करता है।सूत्रों के अनुसार, ब्लैक लिस्टेड टैंकर के 45 दिन हो जाने के बाद भारतीय रिफाइन कंपनियां इन टैंकरों की मदद से तेल नहीं आयात करेगी।सूत्रों के मुताबिक, भारत सरकार नहीं चाहती है कि भारतीय रिफाइन कंपनियां खुलेआम जी–7 के प्राइस कैप का उल्लंघन करे। पिछले कुछ महीनों के दौरान भारत आने वाले रूसी टैंकरों द्वारा प्राइस कैप का उल्लंघन के मामले सामने आए हैं। जिसके कारण भारतीय रिफाइन कंपनियों ने कार्गो को स्वीकार करने से इंकार कर दिया है।

## पेटीएम के फील्ड मैनेजर की आत्महत्या के बाद पत्नी ने खाया जहर

इंदौर ।इंदौर में पदस्थ पेटीएम के फील्ड मैनेजर गौरव गुप्ता की खुदकुशी से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।घटना के तीसरे दिन गौरव की पत्नी ने भी जहर खाकर अपनी जान देने की कोशिश की है।लेकिन गनीमत रही कि समय रहते उनकी पत्नी को अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया, जिससे उनकी जान बच गई।पूरा घटनाक्रम बुधवार की सुबह का है।जब मृतक गौरव की पत्नी मोहिनी ने अपने घर में जहर खा लिया। मोहिनी बाथरूम में जब लड़खड़ाकर गिर गई तब परिजनों ने मोहिनी को संभाला। उसकी बिगड़ती हुई हालत को देखकर जब ससुराल पक्ष के परिजनों ने उससे पूछताछ की, तब पता चला कि उसने जहर खा लिया है।आनन–फानन में मोहिनी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया।उपचार के बाद फिलहाल मोहिनी की हालत में सुधार बताया गया है।खास बात यह है कि पूरे मामले में मृतक गौरव के ममेरे भाई नीरज गुप्ता ने सनसनीखेज खुलासा कर पूरे घटनाक्रम को एक नया मोड़ दे दिया है।नीरज गुप्ता ने दावा किया है कि मोहिनी 7 दिन पहले भी जहर खाना चाहती थी, और इस बात से गौरव भी परेशान था। दरअसल, पत्नी मोहिनी का कहना था कि पति गौरव नौकरी जाने के डर से परेशान थे और इसीलिए उन्होंने अपनी जान दे दी। जबकि मृतक के भाई नीरज ने दावा किया कि गौरव को नौकरी की कोई परेशानी नहीं थी। गौरव का सालाना 9 लाख का पैकेज था। साथ ही गौरव को अन्य कंपनियों से भी जॉब के ऑफर थे।भाई का दावा है कि उसकी गौरव से बात हुई थी।उसने किसी भी प्रकार की परेशानी से इंकार किया था।

## सीबीआई ने अखिलेश यादव को भेजा समन, आज दिल्ली में पेश होने बुलाया

नई दिल्ली ।उत्तर प्रदेश में अवैध खनन मामले में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन (सीबीआई) ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव को तलब किया है। अखिलेश को 29 फरवरी को दिल्ली में सीबीआई के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया।अखिलेश से बतौर गवाह पेश होने के लिए कहा गया है। सीबीआई ने अखिलेश को सीआरपीसी की धारा 160 के तहत नोटिस जारी किया है।उन्हें 21 फरवरी को नोटिस जारी किया गया है।अखिलेश को 29 फरवरी को दिल्ली में सीबीआई के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। नोटिस में कहा गया है कि जवाब देने के लिए अखिलेश को सीबीआई के सामने उपस्थित होना होगा। दरअसल अखिलेश को जनवरी 2019 में दर्ज की गई सीबीआई की उस एफआईआर के संबंध में तलब किया है, जो हमीरपुर में 2012–2016 के बीच कथित अवैध खनन से संबंधित है। जनवरी 2019 में तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट, खनन अधिकारी और अन्य सहित कई लोक सेवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एफआईआर में आरोप है कि सरकारी कर्मचारियों ने हमीरपुर में खनिजों का अवैध खनन होने दिया।

## इस मामले में एमपी एमएलए कोर्ट ने जया प्रदा को भगौड़ा घोषित किया


नई दिल्ली ।पूर्व सांसद और फिल्म अभिनेत्री जया प्रदा फिर चर्चा में हैं।यूपी की कोर्ट ने चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में जयाप्रदा को फरार घोषित किया है। उनके खिलाफ 5 साल पुराने आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं और दोनों मामलों की सुनवाई के दौरान वे हाजिर नहीं हुई हैं।सात बार गैर जमानती वारंट भी जारी हुए हैं। जिसके बाद एमपी एमएलए की विशेष अदालत ने जयाप्रदा को भगौड़ा घोषित किया है। दरअसल 2019 में बीजेपी ने जयाप्रदा को लोकसभा चुनाव में अपना उम्मीदवार बनाया था। उनके सामने समाजवादी पार्टी से कैंडिडेट आजम खान थे। आरोप है कि प्रचार के दौरान जयाप्रदा ने आचार संहिता का उल्लंघन कर नूरपुर गांव में सड़क का उद्घाटन कर दिया था। मामले में जयाप्रदा के खिलाफ स्वार थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। इसी चुनाव प्रचार के दौरान जयाप्रदा जब पिपलिया मिश्र गांव में जनसभा को संबोधित कर एक आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी।यह मामला भी थाने पहुंचा था और एफआईआर दर्ज की गई। यानी दोनों मामले 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित हैं। कैमरी और स्वार थाना पुलिस ने दोनों मामलों में जांच पूरी की और एमपी–एमएलए की स्पेशल कोर्ट में चार्जशीट दायर की थी। अभियोजन पक्ष की गवाही पूरी हो चुकी है और अब सीआरपीसी की धारा 313 के तहत जया प्रदा का बयान दर्ज किया जाना है। पिछली कई तारीखों पर सुनवाई हुई, लेकिन जयाप्रदा अदालत में नहीं पहुंचीं। उनके खिलाफ 7 बार एनबीडब्लू (गैर जमानती) वारंट जारी किए गए। इसके वाबजूद जया कोर्ट में हाजिर नहीं हुई।

## चेन्नई में अवैध मस्जिद और मदरसे पर चलेगा बुलडोजर

### –सुप्रीम कोर्ट ने मामले में दखल देने से किया इंकार

नई दिल्ली ।चेन्नई के कोयमबेडु में स्थित मशहूर मस्जिद और मदरसे को बहुत जल्द बुलडोजर से ध्वस्त किया जाएगा।सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर चेन्नई में बनाई गई मस्जिद और मदरसे को गिराने के हाईकोर्ट के आदेश में किसी भी तरीके से दखल देने से मना कर दिया।सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि कोयमबेजु स्थित मस्जिद अवैध संरचना है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश पर मुहर लगा दी, जिसमें चेन्नई के कोयमबेडु में स्थित मस्जिद और मदरसे को ध्वस्त करने का निर्देश दिया गया था।सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा कि यह संरचना पूरी तरह से अवैध रूप से निर्मित है।सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने निर्दिष्ट भूमि पर संरचनाओं यानी मस्जिद और मदरसे को हटाने के लिए 31 मई तक का समय दिया।दरअसल, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें यह माना गया था कि मस्जिद का निर्माण बिना किसी भवन स्वीकृति योजना के अवैध रूप से किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान सार्वजनिक स्थानों या सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाए गए धार्मिक स्थलों को हटाने के अपने पुराने आदेश का हवाला देकर कहा कि अथॉरिटीज की जिम्मेदारी है कि वह इसतरह के अवैध निर्माण हटाएं। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि अवैध रूप से बनाई गई इमारत धर्म की शिक्षा का स्थान नहीं हो सकती। दरअसल, मस्जिद जिस जमीन पर बनी है, वह चेन्नई मैट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी की है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता संस्था अवैध कब्जेदार है।कभी भी इमारत का प्लान मंजूर कराने के लिए आवेदन नहीं किया। निर्माण पूरी तरह अवैध है। अथॉरिटीज की तरफ से नौ दिसंबर, 2020 को

# राजनाथ सिंह ने कहा- माफियाओं के चंगुल से मुक्त कराएंगे आंध्र प्रदेश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ ने दावा करते हुए कहा है कि आंध्र प्रदेश में रेत,खनन,जमीन और शराब माफिया सक्रिय है। इनकी वजह से प्रदेश के विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। आम जनता काफी परेशान है। जनहित और जनकल्याण कोसो दूर चला गया है। इस बार आंध्र प्रदेश की जनता ने राज्य की वाईएसआरसीपी सरकार को सबक सिखाने का मन बना दिया है। रक्षा मंत्री ने दावा किया कि इस बार यहां भाजपा की सरकार आते ही सबसे पहले इस माफिया के चंगुल से आंध्र प्रदेश को मुक्त कराएंगे।

राज्य के एक दिवसीय दौरे पर आए राजनाथ सिंह ने इससे पहले विजयवाड़ा में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित किया और विशाखापत्तनम में बुद्धिजीवियों को भी संबोधित किया। उन्होंने पार्टी की कोर ग्रुप बैठक की भी अध्यक्षता की, जिसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डी. पुरंदेश?वरी और अन्य नेता शामिल हुए।पिछले 10 वर्षों के दौरान भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा चौथी बार भी सत्ता में आएगी।भाजपा नेता ने रुपये के लिए वाईएसआरसीपी की आलोचना की। राज्य पर 7.5 लाख करोड़ का सार्वजनिक कर्ज है।उन्होंने कहा, यह वाईएसआरसीपी सरकार द्वारा टैक्स बढ़ाने के बावजूद है। मैं पूछना चाहता हूं कि पैसा किसकी जेब में जा रहा है। इसका पता लगाने की जरूरत है। उन्होंने पोलावरम परियोजना को पूरा नहीं करने के लिए वाईएसआरसीपी की आलोचना की और आरोप लगाया कि राज्य सरकार इसे पूरा करने में ईमानदार नहीं है।उन्होंने कहा, केंद्र ने पोलावरम के लिए 15,000 करोड़ रुपये दिए। इसे बहुत पहले ही पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन राज्य सरकार की कमजोरी के कारण यह पूरा नहीं हो सका। उन्होंने राज्य में सड़कों की खराब हालत पर भी राज्य सरकार की आलोचना की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वाईएसआरसीपी केंद्रीय योजनाओं को लागू करने में भी लापरवाही बरत रही है।उन्होंने कहा, केंद्र ने जल जीवन मिशन के लिए 4,000 करोड़ रुपये दिए हैं, लेकिन चूंकि राज्य सरकार का कोई योगदान नहीं है, इसलिए इसे यहां लागू नहीं किया जा सका। यह एक जनविरोधी और क्रूर सरकार है।उन्होंने कहा कि जहां अन्य पार्टियां अपने परिवारों को भगवान मानती हैं, वहीं भाजपा लोगों को भगवान मानती है और गरीबों के कल्याण के लिए काम करती है

## मनमोहन से ज्यादा विदेश यात्राएं पीएम मोदी ने की, लेकिन विदेश में दिन कम बिताए

नई दिल्ली ।प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त अरब अमीरात और कतर की तीन दिवसीय यात्रा से हाल ही में लौटे थे, संभवत: उनके वर्तमान कार्यकाल में उनकी आखिरी विदेश यात्रा थी। विदेश मंत्रालय और पीएमओ की वेबसाइटों पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 15–16 जून, 2014 को भूटान की अपनी पहली यात्रा के बाद से मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में 76 विदेशी यात्राएं की हैं। उनके पूर्ववर्ती डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने 10 साल के शासनकाल में 73 विदेशी दौरे पूरे किए, इसमें 29 जुलाई 2004 को बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए थाईलैंड की उनकी पहली यात्रा से लेकर 3 मार्च 2014 को उनकी आखिरी म्यांमार यात्रा शामिल थी।आंकड़ों से पता चलता है कि हालांकि पीएम मोदी ने अपने पूर्ववर्ती की तुलना में विदेश में कम दिन बिताए हैं, 275 दिन बनाम सिंह के 306 दिन, लेकिन उन्होंने किसी भी अन्य भारतीय प्रधान मंत्री की तुलना में अधिक व्यापक और कठिन यात्राएं की हैं।मोदी ने दक्षिण एशिया में देश के निकटतम पड़ोस और दक्षिण पूर्व, मध्य और पश्चिम एशिया में इसके विस्तारित इलाकों के साथ उच्चतम राजनयिक स्तर पर भारत की भागीदारी बढ़ा दी है। डॉ. सिंह ने अपने पहले कार्यकाल में 35 और दूसरे कार्यकाल में 38 विदेश दौरे किए।मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में 49 और दूसरे कार्यकाल में 27 विदेशी दौरे किए।कोरोना महामारी के दो वर्षों का मतलब है कि मोदी ने 2020 में एक भी विदेशी यात्रा नहीं की और 2021 में केवल तीन, जबकि 2020 में कम से कम 16 द्विपक्षीय और बहुपक्षीय आभासी शिखर सम्मेलन और 2021 में कम से कम नौ में भाग लिया।



# कांग्रेस नेता का बयान, पाकिस्तान बीजेपी के लिए दुश्मन देश है, हमारे लिए नहीं




**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक कांग्रेस के पार्षद बीके हरिप्रसाद ने बुधवार को यह कहकर विवाद पैदा कर दिया कि भाजपा के लिए पाकिस्तान %दुश्मन देश% हो सकता है, लेकिन कांग्रेस उसे केवल पड़ोसी देश मानती है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, राज्य भाजपा ने कांग्रेस पर ÷राष्ट्र-विरोधी भावनाओं÷ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। हरिप्रसाद ने यह टिप्पणी भाजपा के उन आरोपों के जवाब में की कि मंगलवार को राज्य में कांग्रेस की राज्यसभा जीत के बाद पाकिस्तान समर्थक नारे लगाए गए थे।

हरिप्रसाद ने विधान परिषद में कहा कि वे दुश्मन देश के साथ हमारे रिश्ते के बारे में बात करते हैं। उनके मुताबिक पाकिस्तान एक दुश्मन देश है। हमारे लिए पाकिस्तान कोई दुश्मन देश नहीं है; यह हमारा पड़ोसी देश है। उनका कहना है कि पाकिस्तान हमारा दुश्मन देश है। हाल ही में, उन्होंने लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया, जो लाहौर में जिन्ना की मजार पर गए और कहा कि उनके जैसा कोई दूसरा धर्मनिरपेक्ष नेता नहीं है। क्या तब पाकिस्तान दुश्मन देश नहीं था?

हरिप्रसाद के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, कर्नाटक भाजपा ने भारत के खिलाफ चार बार युद्ध छेड़ने के बाद भी पाकिस्तान को ÷शत्रु राष्ट्र÷ नहीं कहने के लिए कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि पार्टी ÷राष्ट्र-विरोधी भावनाएं÷ रखती है। कर्नाटक बीजेपी ने एक्स पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान के प्रति कांग्रेस का रुख और रुख क्या है बीके हरिप्रसाद ने सदन में साफ कर दिया। पाकिस्तान को भाजपा के लिए दुश्मन और पाकिस्तान को कांग्रेस कर्नाटक के लिए पड़ोसी बताकर यह स्पष्ट कर दिया है कि जवाहरलाल नेहरू और मोहम्मद अली जिन्ना के बीच घनिष्ठ संबंध वर्तमान पीढ़ी तक भी जारी है। भाजपा ने आगे लिखा कि विधानसभा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वालों के साथ खड़े होने के अलावा कांग्रेसियों की इस मानसिकता का अपमान किया जाए कि भारत के खिलाफ चार बार युद्ध की घोषणा कर चुका पाकिस्तान दुश्मन देश नहीं है, तो शब्द कम पड़ जाएंगे। हरि प्रसाद जैसी राष्ट्रविरोधी भावनाएँ कांग्रेस के सभी स्तरों पर व्याप्त हैं।

# राजस्थान में फिर चौंका देगी भाजपा, आधे से अधिक नए चेहरों को मौका

**जयपुर (एजेंसी)।** दो महीने बाद होने वाले आम चुनाव के लिए भाजपा ने प्रत्याशियों के चयन की कवायद शुरू कर दी है। प्रत्याशियों के चयन के लिए 22 फरवरी को दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व की बैठक हो चुकी है। आगामी एक दो दिन में पार्टी के शीर्ष नेताओं की एक और बैठक होने वाली है। इस बार भाजपा आधे से ज्यादा प्रत्याशी बदलने के मूड में है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भी 6 प्रत्याशी बदल गए थे और नागौर सीट पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के साथ गठबंधन किया था। इस बार भाजपा किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करने वाली है। सभी 25 सीटों पर बीजेपी के प्रत्याशी ही चुनाव मैदान में उतरने वाले हैं। प्रत्याशियों के चयन को लेकर भाजपा हर बार चौंकाती रही है। चाहे लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव हर बार मोदी और शाह ने चौंकाया है। प्रत्याशियों का चयन केंद्रीय नेतृत्व अपने विवेक से लेता है। वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राजस्थान की सभी 25 सीटों पर जीत दर्ज की थी। सब जानते हैं कि बीजेपी प्रत्याशियों की जीत की सबसे बड़ी वजह नरेंद्र मोदी का नाम ही रहा। दोनों ही बार मोदी लहर रही और बीजेपी के प्रत्याशियों की जीत हुई। पिछले चुनाव में बीजेपी ने 6 सीटों पर प्रत्याशी बदले थे। इस बार आधे से ज्यादा यानी करीब 15 सीटों पर प्रत्याशी बदलने जाने की संभावना है। इसका एक कारण यह है कि पार्टी ने इस बार 6 लोकसभा सांसदों को विधानसभा चुनाव में उतारा था। विधानसभा चुनाव जीतने वाले तीन सांसद अब विधायक बन चुके हैं। इसके बाद इन 3 सीटों पर प्रत्याशी बदलना तय है। जो 3 सांसद लोकसभा चुनाव में हार गए थे। पार्टी उन्हें भी लोकसभा चुनाव में उतारने के मूड में नहीं है। दूसरा कारण यह है कि कई सांसदों को बीजेपी तीसरी बार रिपीट करने के मूड में बिल्कुल नहीं है। जिन सीटों पर प्रत्याशी बदले जा सकते हैं। उसमें जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, राजसमंद, अलवर, अजमेर, जालोर सिरोही, झुंझुनूं, टोंक सवाई माधोपुर, करौली धौलपुर, उदयपुर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, भीलवाड़ा, दौसा और डूंगरपुर बांसवाड़ा शामिल है। इन सीटों में पार्टी नए प्रत्याशियों को अवसर देगी। हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले महेंद्रजीत सिंह मालवीय को पार्टी लोकसभा चुनाव में उतार सकती है।

# सीएम केजरीवाल देने जा रहे थे मुफ्त में बिजली, एलजी ने लगा दिया अड़ंगा

नई दिल्ली ।दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल बीके सक्सेना के बीच टकराव थमता नहीं दिखाई दे रहा है। दिल्ली सरकार ने आरोप लगाया है कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली सोलर पॉलिसी 2024 को रोक दिया है। दिल्ली सरकार का दावा था कि इस पॉलिसी के लागू होने के बाद दिल्ली में हर बिजली उपभोक्ता का बिल जीरो हो जाएगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 29 जनवरी को एक प्रेस कांफ्रेंस करके खुद इसे लॉन्च किया था। बता दें कि दिल?ली सरकार ने नई सोलर नीति लागू करने का ऐलान किया था। इसके तहत अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगाने वाले लोगों को फ्री बिजली मुहैया कराने की तैयारी थी। हाल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जनवरी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राजधानी में दिल्ली सोलर पॉलिसी 2024 लॉन्च करने का ऐलान किया था। इस पॉलिसी के तहत दिल्ली के सभी लोगों को घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा. जिसके लिए दिल्ली सरकार की तरफ से सब्सिडी भी दी जाएगी। सरकार ने योजना को लुभावना बनाने के लिए लोगों के लिए इंसेंटिव देने का भी ऐलान किया है। लोग जितनी बिजली इससे प्रोड्यूस करेंगे, उनके खाते में उसके हिसाब से पैसे भी डाले जाएंगे।

## बिहार में गहराया जल संकट, फरवरी में ही सूखने लगी प्रमुख नदियां

**पटना (एजेंसी)।** ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण की वजह से पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। असंतुलन की वजह से मौसम पर असर पड़ रहा। बारिश नहीं होने की वजह से नदियां फरवरी के महीने में ही सूखने लगी हैं। गर्मी शुरू होने से पहले ही बिहार की कई नदियों के सूखने से चिंता बढ़ गई है। नदियों में पानी की जगह सफेद बाली की धुल उड़ने लगी है। नेपाल के पहाड़ी इलाके से निकलने वाली उत्तर बिहार की सबसे बड़ी गंडक नदी, जिसे नारायणी नदी के नाम भी जानते हैं, सूखने लगी है। गोपालगंज के इलाकों में गंडक सूख गई है। गंडक के साथ घोघारी, दाहा, छाड़ी, स्याही, खनुआ, धमई नदियों का जलस्तर भी तेजी से सूखने लगी है। इलाके के किसान नदियों के सूखने से चिंतित हैं। क्षेत्र के किसान बताते हैं कि एक जमाना था कि किसी भी कोने में बीस फीट की गहरायी पर पीने योग्य पानी उपलब्ध था। तब यहां से बहने वाली गंडक सहित तमाम छोटी-बड़ी नदियों में सालों भर पानी रहता था। समय के साथ गर्मी के समय में नदियां सूखने लगीं और इसका असर जलस्तर नीचे गिरने के रूप में दिखा है। किसानों का कहना है कि फरवरी में ही गंडक, छाड़ी, घोघारी सहित अन्य नदियां पूरी तरह सूखने के कगार पर है, इसके बाद भी प्रशासनिक स्तर पर ध्यान नहीं दिया गया तब भविष्य के लिए जल संकट की मुसीबत आ सकती है। गंडक नदी गोपालगंज के किसानों के लिए लाइफलाइन मानी जाती है। नदी के पानी से कई छोटी नदियां और सारण प्रमंडल के मुख्य नहर में पानी जाता है। इन नदियों और नहरों से इलाके के किसान खेतों में सिंचाई करते थे। गंडक नदी यूपी के कुशीनगर के अहिरौलीदान से प्रवेश करती है और गोपालगंज के कुचायकोट प्रखंड, सदर प्रखंड, मांझा, बरौली, महम्मदपुर और बैकुंठपुर प्रखंड होकर सारण जिला के सोनपुर में गंगा में मिल जाती है।

# जयराम रमेश ने पीएम मोदी पर लगाया कांग्रेस की सरकारों को गिराने का आरोप



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पीएम मोदी पर राज्यों में कांग्रेस की सरकारों को ?गिराने का आरोप लगाया है। बता दें कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का सियासी संकट अब एक कदम और आगे बढ़ चुका है क्योंकि वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। वहीं सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी क्लीयर कर दिया कि उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया है और बजट के दौरान उन्होंने अपना बहुमत साबित कर दिया है। इस पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पीएम मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मोदी जी की एक ही गारंटी है कि सभी कांग्रेस सरकारों को गिराओ। उन्होंने दावा किया कि राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के जरिए हमारी सरकार को गिराने की साजिश रची गई। हमारे तीन बड़े नेता शिमला में हैं, हमें कड़े फैसले लेने होंगे। हम कठोर फैसले लेने से पीछे नहीं हटेंगे। जयराम रमेश ने कहा कि हमारे पर्यवेक्षक सभी विधायकों से बातचीत कर शिकायतों को दूर करने की कोशिश करेंगे।

उन्होंने दावा किया कि जो जनादेश हमें मिला है, उसे पूरा करेंगे। कांग्रेस पार्टी और संगठन सर्वोपरि है। हमारी प्राथमिकता हिमाचल प्रदेश में सरकार बचाना है क्योंकि वहां की जनता ने बीजेपी को नकारकर स्पष्ट बहुमत हमारी पार्टी को दिया था। वहीं राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस महासचिव जयराम ने कहा, हम राज्य सभा नहीं जीत पाए, उससे हम इनकार नहीं कर रहे हैं। अभिषेक मनु सिंघवी ये सीट नहीं जीत पाए। हम इस बात को स्वीकार कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की ओर से हिमाचल प्रदेश में तीन पर्यवेक्षक भेजे गए हैं। इनमें हरियाणा के पूर्व सीएम भूपिंदर सिंह हुड्डा, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल और कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार शामिल हैं।

# झारखंड के बाद अब बिहार में खेला की तैयारी, इंडिया गठबंधन बिखरने की कगार पर

**पटना (एजेंसी)।** इंडिया गठबंधन अब बिखरने की कगार पर पहुंच गया है। इसका अंदाजा झारखंड के बाद अब बिहार में हो रही हलचल को देखकर लगाया जा सकता है। दरअसल पिछले 24 घंटे के अंदर देश की सियासत में खलबली मच गई है। विपक्षी दलों के नेता भाजपा को लगातार ज्वाइन कर रहे हैं। बिहार में आरजेडी और कांग्रेस के तीन और विधायकों ने पाला बदल लिया। सोमवार तक विधानसभा में विपक्ष में बैठने वाले तीनों विधायक मंगलवार को सत्ता पक्ष की ओर बैठे दिखे। विश्वासमत के दिन 12 फरवरी को आरजेडी के तीन विधायक- चेतन आनंद, प्रहलाद यादव और नीलम देवी सत्ता पक्ष में आकर बैठ गए थे। बिहार में नीतीश कुमार के विश्वासमत के दौरान आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने खेल करने की धमकी दी थी। उनकी योजना थी कि किसी तरह सत्ता पक्ष के सात-आठ विधायकों को तोड़ लिया जाए, ताकि नीतीश कुमार की सरकार गिर जाए। कहा जाता है कि टूटने के लिए सत्ता पक्ष के विधायकों को लोकसभा का टिकट, सरकार बनने की स्थिति में मंत्री पद और नकद का प्रलोभन दिया गया था।

लेकिन तेजस्वी का दांव उल्टा पड़ गया। उनके ही तीन विधायकों ने पाला बदल लिया था। उसके बाद मंगलवार को विपक्ष के फिर तीन विधायक टूट गए। उन्होंने भाजपा जॉइन की है। इसके बाद भी विधायकों के पाला बदलने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को टूटने वाले विधायकों में दो कांग्रेस के हैं, जबकि एक विधायक राजद के हैं। कांग्रेस के मुरारी गौतम और सिद्धार्थ सौरव ने पाला बदला तो राजद की मोहनिया से विधायक संगीता देवी ने तेजस्वी का साथ छोड़ दिया है। वहीं सोमवार को झारखंड के सिंहभूम की कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा और उनके पति पूर्व सीएम मधु कोड़ा ने भाजपा दफ्तर पहुंच कर सदस्यता जॉइन की थी।

जानकार बता रहे हैं कि विपक्ष की जो हालत बनती जा रही है, उसमें अब विपक्षी पार्टियों को अपना घर संभालना मुश्किल हो रहा है। यूपी में समाजवादी पार्टी के विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में खुलेआम क्रास वोटिंग की। हिमाचल प्रदेश में क्रास वोटिंग हुई। झारखंड, बिहार और महाराष्ट्र से कांग्रेस और आरजेडी में टूट की खबरें आईं। बंगाल में ममता ने कांग्रेस और वामपंथियों से हाथ मिलाने से अब मना कर



दिया है। पंजाब में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को ठेंगा दिखा दिया। ऐसे में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के उनके सपने टूटते जा रहे है।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Thursday, 29 February 2024

## माली में हादसा, पुल से नीचे गिरी बस, 31 की मौत

बामाको ।अफ्रीकी देश माली में मंगलवार को बड़ा सड़क हादसा हुआ है।जिसमें 31 लोगों की मौत हो गई।यह घटना पश्चिमी शहर के केनीबा में उस समय हुई, जब एक बस नदी पर बने पुल से नीचे जा गिरी।इस सड़क हादसे में 10 लोगों के घायल होने की खबर है।घटना को लेकर परिवहन मंत्रालय ने कहा कि मंगलवार को माली में 31 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए।यह हादसा उस समय हुआ जब बुर्किना फासो की ओर जा रही एक बस देश दक्षिण-पूर्व स्थित एक पुल से गिर गई।ये हादसा स्थानीय समयानुसार शाम पांच बजे हुआ। इस दुर्घटना का कारण वाहन से ड्राइवर के नियंत्रण हटने को बताया जा रहा है। पश्चिम अफ्रीका में सड़क दुर्घटनाएं अधिक होती हैं, जहां सार्वजनिक परिवहन अक्सर अत्यधिक भरा होता है और खराब तरीके से नियंत्रित होता है।संयुक्त राष्ट्र के 2023 के आंकड़ों से पता चलता है कि दुनिया में यातायात से होने वाली मौतों में से लगभग एक चौथाई मौतें अफ्रीका में होती हैं।

## मालदीव से रवाना हुआ चीन का जासूसी जहाज

माले ।चीन का रिसर्च जहाज मालदीव से रवाना हो गया।रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले हफ्ते चीन का 4500 टन वाला हाई टेक रिसर्च जहाज मालदीव पहुंचा था, जो बुधवार को वहां से रवाना हुआ। इस लेकर आधिकारिक तौर पर कहा गया कि चीनी जहाज जियांग यांग होंग 3 अपने कर्मियों के रोटेशन और पुन:पूर्ति के लिए एक पोर्ट कॉल करने के लिए मालदीव आया था।जानकारी में बताया कि 22 फरवरी को माले में डॉकिंग के बाद जियांग यांग होंग 03 मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र की सीमा पर लौट आया है।हालांकि, माले बंदरगाह से जाने करने के बावजूद ट्रैकिंग साइटों ने दो दिन पहले हुलहुमाले के पास जहाज का आखिरी संकेत दिखाया है।हुलहुमाले माले से लगभग 10 किमी उत्तर पूर्व में है।जहाज 23 फरवरी को माले के पश्चिम में लगभग 7.5 किमी दूर थिलाफुशी में ठहरा हुआ था। रिपोट्स के मुताबिक, ऐसी संभावना जताई जा रही है कि जहाज ने 22 जनवरी को माले के रास्ते में ट्रैकिंग सिस्टम को बंद दिया होगा।जियांग यांग होंग 03 को साल 2016 में चीन के राज्य महासागरीय प्रशासन के बेड़े में शामिल किया गया था।इस जहाज की लंबाई 100 मीटर और वर्तमान में इसका वजह 4,500 टन है।चीन 2019 से इस जहाज का इस्तेमाल डिस्टेंट वाटर और डीप सी सर्वे के लिए करता है।इससे पहले 5 जनवरी को श्रीलंका ने चीनी जहाज को अपने जल क्षेत्र में दाखिल नहीं होने दिया था।

## इजरायल और हमास जंग से भूखमारी की कगार गाजा, लोगों को नहीं मिल रहा खाना

गाजा ।गाजा में इजरायल और हमास के बीच चल रही भीषण जंग के बीच हालात बेहद नाजुक होते जा रहे हैं।सबसे ज्यादा वहां के आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।लाखों फिलिस्तीनी भूखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं।इसी बीच जॉर्डन से हवाई मदद जरूर पहुंची है। लेकिन ये मदद भी नाकाफी साबित हो रही है। क्योंकि भूखे लोगों की संख्या लाखों में हैं, जबकि मदद के चंद पैकेट ही आसमान से नीचे बरसाए जा रहे हैं।इसी बीच हमास और इजरायल के बीच सीजफायर की सूचना भी सामने आ रही है।वहीं जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला की तरफ से खाद्य और चिकित्सा मदद हवाई ड्रॉप ऑपरेशन के ज़रिए पहुंचाया गया।इसके लिए चार सी-130 विमान तैनात किए गए।हालांकि इस हवाई ड्रॉपिंग के दौरान कुछ कुछ सामाग्री समुद्र में गिर गया। इस नावों से वापस लाया गया। इजरायली हमलों की वजह से गाजा की 23 लाख की आबादी में से 85 फीसदी लोग भूखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं।इस बीच सबसे बड़ी राहत की बात ये है कि इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के थमने के आसार दिख रहे हैं। गाजा में सीजफायर के लिए जहां फ्रांस, कतर और मिस्र में कई दौर की बातचीत हुई हैं।वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उम्मीद जाहिर की हैं कि अगले सोमवार तक इजरायल-हमास संघर्ष में युद्धविराम हो जाएगा।

## अमेरिका को दरकिनार कर गैस पाइपलाइन परियोजना पर काम कर रहा पाकिस्तान

इस्लामाबाद ।पाकिस्तान ने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंध उस समय ईरान-पाकिस्तान (आईपी) गैस पाइपलाइन परियोजना पर लागू नहीं हो सकते हैं, जब वे अपने क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने जा रहा है।पाकिस्तान कह रहा है वहां बस पाइपलाइन बिछा रहा है, उस ईरान से नहीं जोड़ रहा है, इसकारण अमेरिकी प्रतिबंध उस पर लागू नहीं हो सकते।पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार ऊर्जा मंत्री मुहम्मद अली ने कहा, मुझे नहीं लगता कि ईरान-पाकिस्तान प्रोजेक्ट के इस स्टेज पर कोई प्रतिबंध लगना चाहिए।पाकिस्तान ने ईरान पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद आईपी प्रोजेक्ट से जुड़ी पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया है।इस लेकर जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान को यह फैसला इसलिए लेना पड़ा है क्योंकि वे पाइपलाइन में देरी को लेकर किसी तरह का जुर्माना नहीं भरना चाहता।जब पाकिस्तानी मंत्री से आईपी प्रोजेक्ट पर अमेरिकी प्रतिबंधों को लेकर सवाल किया गया तब उन्होंने कहा कि आईपी गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट के संबंध में अमेरिकी क्या चाहते हैं, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है, हालांकि, उन्होंने कहा कि फिलहाल पाकिस्तानी क्षेत्र में 80 किलोमीटर पाइपलाइन पर काम होगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी क्षेत्र में पाइपलाइन प्रोजेक्ट को पूरा करने में लगभग 1.5 साल लगेगा।पाकिस्तानी मंत्री ने कहा, गैस की आपूर्ति के लिए उस ईरान से जोड़ने में अभी काफी समय लगेगा। कार्यवाहक मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने साल 2009 में गैस पाइपलाइन के लिए ईरान के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया था।इसके तहत पाकिस्तान प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए बाध्य है।पाकिस्तान ने पिछले साल मई में कहा था कि अगर वे आईपी प्रोजेक्ट को आगे नहीं बढ़ाता है, तब पाकिस्तान को ईरान को 18 अरब डॉलर का जुर्माना देना पड़ेगा।पाकिस्तान के पास न इतना पैसा है और न ही वे अमेरिकी प्रतिबंधों को पूरी तरह नजरअंदाज कर सकता है।

## फिलीपींस में आग लगने से चार की मौत

मनीला, ।फिलीपींस में लुसेना शहर के एक आवासीय इलाके में शुक्रवार को आग लग गई। जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।लुसेना पुलिस ने कहा कि मृतकों में दो बुजुर्ग व्यक्ति, 18 तथा 8 साल की उम्र के दो अन्य लोग शामिल हैं।यह सभी जले हुए घरों में से एक में एक साथ रह रहे थे।स्थानीय समयानुसार सुबह 3.45 बजे लगी आग को और सुबह 6.26 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया।पुलिस ने कहा कि पीड़ित घर के अंदर फंस गए और उनके शव दमकलकर्मियों को मिले।जबकि, गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## नेपाल में आर्थिक अनियमितता के मामले में दो बैंक के सीईओ सहित 10 गिरफ्तार

नेपाल।नेपाल पुलिस की केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने करोड़ों रुपये की आर्थिक अनियमितता के आरोप में दो बैंकों के सीईओ समेत 10 कर्मचारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सहकारी बैंक घोटाले की जांच में जुटी सीआईबी को एक सहकारी कंपनी के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले की जांच के दौरान पता चला कि दोनों बैंक ने आय स्रोत और डिपॉजिट से अधिक लोन मुहैया कराया है।उसकी जांच होने पर उसमे बैंक के क्रेडिट विभाग के कर्मचारी, बैंक मैनेजर से लेकर बैंक के सीईओ तक की संलिप्तता पाई गई।सीआईबी की प्रमुख एवं नेपाल पुलिस की एआईजी किरण बज्राचार्य ने मीडियाकर्मियों को बताया कि प्रभु बैंक के सीईओ मनोज न्यौपाने, सेंचुरी बैंक के सीईओ तुलसीराम गौतम सहित 10 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है।उन्होंने बताया कि देउराली सहकारी घोटाला मामले की जांच के बाद पिछले महीने गिरफ्तार इस बैंक के संचालक रवीन्द्र चौलागाइ के बयान और उनके पास से बरामद दस्तावेजों के आधार पर कर्मचारी और सीईओ को गिरफ्तार किया गया है। बज्राचार्य के मुताबिक़ नेपाल राष्ट्र बैंक ने लोन देने के लिए जो गाइडलाइन जारी किया है उसके मुताबिक किसी भी व्यक्ति या कंपनी को उसके द्वारा बैंक में रखे गए आय स्रोत और संपत्ति का सिर्फ 40 प्रतिशत ही लोन दिया जा सकता है, लेकिन सेंचुरी बैंक और प्रभु बैंक ने देउराली सहकारी बैंक के संचालक रवीन्द्र चौलागाई को उनके द्वारा बैंक में दिखाए गए 1.14 अरब की संपत्ति के बदले 2.11 अरब रुपये का लोन दिया है।बैंक से लोन लेने के बाद फरार चल रहे चौलागई को सीआईबी ने कड़ी मशक्कत के बाद विदेश से गिरफ्तार किया था और नेपाल नेकर आई थी। सीआईबी प्रमुख का कहना है कि इस तरह के कई अन्य सहकारी घोटाले की जांच चल रही है जिसमे कुछ और बैंकों के अधिकारियों की गिरफ्तारी हो सकती है।




वारसा में पोलेंड के किसानों ने प्रदर्शन के दौरान आग लगा दी जिसके कारण चारों ओर धूआं उठने लगा।

## ट्रंप और बाइडन का राष्ट्रपति पद के लिए फिर हो सकता है मुकाबला



वॉशिंगटन।जिस तरह से अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार चुनाव जीत रहे हैं उससे संभावना जताई जा रही है कि आने वाले समय में वाइडेन और ट्रंप का आमना सामना हो सकता है।जो बाइडन ने मिशिगन में डेमोक्रेटिक प्रेसिडेंशियल प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी डीन फिलिप्स को डेमोक्रेटिक प्रेसिडेंशियल प्राइमरी चुनाव में मात दी है।इस जीत के साथ ही राष्ट्रपति जो बाइडन साल 2024 में होने वाले चुनाव की रेस में एक कदम और आगे बढ़ गए हैं।इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रिपब्लिकन की तरफ से मिशिगन प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की है।इससे पहले ट्रंप ने आयोवा, न्यू हैम्पशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स और निक्की हेली के गृह राज्य साउथ कैरोलिना में जीत हासिल की थी।दोनों नेताओं को मिशिगन चुनाव में मिली जीत के साथ ही राष्ट्रपति पद के रेस में जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच सीधा मुकाबला होने के प्रबल आसार हैं।हालांकि, निक्की हेली ने साउथ कैरोलिना चुनाव में हार के बाद भी राष्ट्रपति पद की रेस में बने रहने की बात कही है। उन्होंने एक बयान में कहा कि वह अपने चुनावी अभियान को आगे भी जारी रखेंगी।

## महत्वपूर्ण सत्र से पहले चीनी संसद में क्या हो गया? बर्खास्त चीनी मंत्री किन गैंग ने अपनी सदस्यता से दिया इस्तीफा



**बीजिंग (एजेंसी)।** पिछले साल अनौपचारिक रूप से बर्खास्त किए जाने के बाद लापता होने वाले पूर्व चीनी विदेश मंत्री किन गैंग ने अगले सप्ताह चीन की राष्ट्रीय विधायिका के प्रमुख वार्षिक सत्र से पहले इस्तीफा दे दिया। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) की स्थायी समिति ने मंगलवार को यहां अपना सत्र समाप्त कर एक बयान में कहा कि तियानजिन म्यूनिसिपल पीपुल्स कांग्रेस ने आगामी वार्षिक संसदीय सत्र में एक प्रतिनिधि के रूप में किन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के एजेंडे की नियमित मंजूरी के लिए एनपीसी को चीन की रबर-स्टैंप संसद माना जाता है, जिसका वार्षिक सत्र 5 मार्च को शुरू होने वाला है, जिसमें कई नए कानूनों पर कानून बनाया जाएगा और देश की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के कदमों पर चर्चा की जाएगी, जो मंदी में है। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, एनपीसी के बयान में कहा गया है कि किन को एनपीसी से बर्खास्त या निष्कासित नहीं किया गया है, बल्कि उन्होंने इस्तीफा दे दिया है।

राष्ट्रपति शी जिनपिंग के करीबी विश्वासपात्र माने जाने वाले 57 वर्षीय किन को सात महीने के कार्यकाल के बाद जुलाई में एक बड़े राजनीतिक आश्चर्य में बर्खास्त कर दिया गया था। बाद में एनपीसी ने एक प्रस्ताव पारित कर किन को बर्खास्त कर दिया और उनके पूर्ववर्ती वांग यी को फिर से नियुक्त किया, जो सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के विदेश मामलों के आयोग के निदेशक भी हैं। यह पहली बार है जब किन का नाम एनपीसी से उनके इस्तीफे के रूप में सामने आया, जिसे तकनीकी आवश्यकता माना जाता है।

## प्रयास सफल हुए तो गाजा में रमजान के दौरान रहेगी शांति



**यरुशलम (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि संघर्ष विराम समझौता अगले सप्ताह तक लागू हो सकता है। बाइडन की टिप्पणियों पर इजरायल की प्रतिक्रिया नहीं आई है, वहीं हमास के अधिकारी अहमद अब्देल-हादी ने संकेत दिया कि समझौते के बारे में कुछ भी कहना अभी जल्दबाजी है। उन्होंने कहा, हम अपनी किसी भी मांग को नहीं छोड़ने वाले। अभी समझौता नहीं हुआ है। समझौते को लेकर कतर में मंगलवार को भी बातचीत हुई है। वार्ता में कतर, मिस्त्र और अमेरिका मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। मिस्त्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि संघर्ष विराम समझौते के मसौदे में 300 फलस्तीनी कैदियों के बदले में 40 बंधकों की रिहाई शामिल है - जिनमें ज्यादातर महिलाएं, नाबालिग और बुजुर्ग लोग शामिल हैं।एक अधिकारी ने कहा कि प्रस्ताव है कि छह सप्ताह के संघर्ष विराम में हर दिन सैकड़ों ट्रकों को गाजा में अत्यंत आवश्यक सहायता लाने की अनुमति दी जाएगी। इस दौरान शेष बंधकों की रिहाई पर बातचीत जारी रहेगी। रमजान की शुरुआत अगले महीने से हो रही है। इससे पहले नवंबर के अंत में लगभग 240 फलस्तीनियों के बदले लगभग 100 बंधकों को रिहा किया गया था, इनमें ज्यादातर महिलाएं, बच्चे और विदेशी नागरिक थे।


इस बीच इजरायली रक्षा बलों ने मंगलवार को कहा कि इजराइली सैनिकों ने गाजा सिटी जिले में हथियार फैक्ट्री और रॉकेट लॉन्चर को नष्ट कर दिया है। सेना ने एक सुरंग के अंदर कई आतंकियों को भी मार गिराया।अनुसार ईरान समर्थित सशस्त्र संगठन हिजबुल्ला ने मंगलवार को इजरायली हवाई निगरानी अड्डे पर रॉकेटों की बौछार की। इजरायल ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए हिजबुल्ला के सैन्य ठिकानों पर लड़ाकू विमानों से हमले किए। इजरायली सेना ने पुष्टि की कि लेबनान से लगभग 35 रॉकेट उत्तरी इजरायल के माउंट मेरोन में एक सैन्य हवाई नियंत्रण इकाई को निशाना बनाते दिखे। रिपोर्ट के अनुसार किसी के मरने या घायल होने की सूचना नहीं है। इजरायल ने सोमवार को भी लेबनान में हवाई हमला किया था। इस हमले में हिजबुल्ला के दो लड़ाके मारे गए थे। इजरायल ने यह हमला तब किया जब उसके एक हमलावर ड्रोन को हिजबुल्ला लड़ाकों ने मार गिराया। संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों ने सभी पक्षों से संघर्ष खत्म करने का आग्रह किया है।

## भारती एंटरप्राइजेज के मालिक सुनील भारती मित्तल को ब्रिटेन का नाइटहुड सम्मान, भारत-ब्रिटेन के व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने का श्रेय

**लंदन (एजेंसी)।** भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल किंग चार्ल्स III द्वारा मानद नाइटहुड, नाइट कमांडर ऑफ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय नागरिक बन गए हैं। केबीई ब्रिटिश संप्रभु द्वारा नागरिकों को दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। इसके जरिए विदेशी नागरिकों को मानद उपाधि से सम्मानित किया जाता है।

यूके कैबिनेट कार्यालय द्वारा अनावरण किए गए मानद ब्रिटिश पुरस्कारों की सूची में, मित्तल को ब्रिटिश साम्राज्य के सबसे उत्कृष्ट आदेश के तहत केबीई प्राप्त होता है जो ब्रिटिश सम्राट द्वारा दिए गए सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। 66 वर्षीय उद्यमी ने एक बयान में कहा कि वह किंग चार्ल्स की ओर से मिले सम्मान से बहुत आभारी हैं। ब्रिटेन और भारत के ऐतिहासिक संबंध हैं, जो अब बढ़ते सहयोग और सहयोग के एक नए युग में प्रवेश कर रहे हैं। मैं हमारे दो महान देशों के बीच आर्थिक और द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

उन्होंने कहा कि मैं यूके सरकार का आभारी हूं, जिसका समर्थन और व्यापार की जरूरतों पर गहरा ध्यान देश को एक आकर्षक निवेश गंतव्य बनाने में महत्वपूर्ण रहा है। किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाने वाला केबीई, विदेशी नागरिकों को मानद क्षमता से प्रदान किया जाता है। जबकि यूके के नागरिकों को दी जाने वाली नाइटहुड उन्हें सर या डेम की उपाधि देती है, गैर-यूके नागरिकों को उनके नाम के बाद KBE (या महिलाओं के लिए DBE) सम्मान से सम्मानित किया जाता है। मानद केबीई के पिछले भारतीय प्राप्तकर्ताओं में रतन टाटा (2009), रविशंकर (2001) और जमशेद ईरानी (1997) शामिल हैं, जिन्हें दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा प्रदान किया गया था।



## भारत के गगनयान मिशन पर पाकिस्तानियों ने अपनी सरकार को कोसा

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** भारत अंतरिक्ष में एक नई कामयाबी हासिल करने वाला है। भारत गगनयान मिशन के द्वारा चार अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस में भेजेगा। पीएम मोदी ने इन अंतरिक्ष यात्रियों के नाम की घोषणा की है। अंतरिक्ष यात्री अभी ट्रेनिंग प्रकिया से गुजर रहे हैं। लेकिन अंतरिक्ष में यह नई छलांग पाकिस्तान को दर्द दे रही है। पाकिस्तान की आवाम ने कभी चंद्रयान-2 मिशन के फेल होने का जश्न मनाया था। लेकिन चंद्रयान 3 की कामयाबी के बाद पाकिस्तानी अवाम अपने हुक्मरानों को कोसने लगी। अब गगनयान मिशन पर पाकिस्तानी बौखला गए हैं। पाकिस्तान के पास भी अपनी स्पेस एजेंसी है, जिसका नाम सुपारको है। लेकिन अंतरिक्ष के क्षेत्र में इसका कोई योगदान नहीं दिखता। पाकिस्तान में कई लोग हैं, जो भारत से स्पेस में प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं। इसतरह के कुछ लोगों से पाकिस्तान की यूट्यूबर ने बात की। इसमें एक शख्स ने कहा कि भारत कामयाब हो या न हो, लेकिन वह मेहनत कर रहा है। क्या पाकिस्तान ने उसकी एक फीसदी भी कोशिश की है?

पाकिस्तान के नौजवान शख्स कह रहे हैं कि स्पेस में जाने के कई फायदे हैं। हम इससे पैसा भी कमा सकते हैं। वहीं कामयाबी से पूरे देश को प्रेरणा मिलती है। जब उस शख्स से पूछा गया कि क्या भारत को कामयाबी मिलेगी, उस शख्स ने कहा कि जरूरी नहीं कि कामयाबी मिले, अच्छी बात है कि वह मेहनत कर रहे हैं। बिलाल नाम के शख्स ने कहा, हम इंडिया से बहुत पीछे हैं। आईटी और स्पेस टेक्नोलॉजी में भारत हमसे 100 साल आगे है। एक अन्य पाकिस्तानी ने कहा, चार लोग जा रहे हैं। इसमें काफी पैसा लगेगा। अंतरिक्ष में जाने वालों की जिंदगी बेहद महत्वपूर्ण होगी, इसके बाद भारत ने पूरी गणना की होगी। उन्होंने कहा, मोदी साहब बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। हमारी सरकार को भी उसी तर्ज पर काम करना चाहिए।

## भारत के पड़ोसी देश में घुसे 3 लाख रूसी और 20 हजार यूक्रेनी, मच गया बवाल



**(एजेंसी)।** भारत के पड़ोसी देश में रूस और यूक्रेन के लाखों लोग घुस आए हैं। यूक्रेन और रूस जंग के बीच इन दोनों देशों के लोग बड़ी संख्या में जहां होंगे वहां बवाल होना तय है। अब भारत के पड़ोसी देश को इसी बवाल का डर सता रहा है। ये देश श्रीलंका है जहां रूस और यूक्रेन के लाखों लोग आ गए हैं। हालात ये हो गई है कि श्रीलंका ने इन लोगों को जल्द ही देश छोड़ने के लिए कहा है। श्रीलंका ने यूक्रेन युद्ध के कारण समाप्त हो चुके विस्तारित वीज़ा पर द्वीप राष्ट्र में रह रहे हजारों रूसियों और यूक्रेनियों को दो सप्ताह के भीतर छोड़ने के लिए कहा है। यह निर्णय सोशल मीडिया पर अवैध रूप से चल रहे रूसी-संचालित व्यवसायों और केवल श्वेत नीति के साथ संचालन करने और स्थानीय लोगों को अनुमति नहीं देने पर प्रतिक्रिया के बीच आया है। आव्रजन अधिकारियों ने श्रीलंका के पर्यटन मंत्रालय को एक नोटिस जारी किया है कि रूसी और यूक्रेनी पर्यटकों को 23 फरवरी से शुरू होने वाले दो सप्ताह के भीतर द्वीप राष्ट्र छोड़ देना चाहिए क्योंकि उनके वीजा की अवधि समाप्त हो गई है।

### वीजा खत्म होने के बाद भी श्रीलंका में टिके

3 लाख रूसी और 20 हजार यूक्रेनी श्रीलंका पहुंच गए। श्रीलंकाई पर्यटन मंत्रालय ने कहा कि उन्हें रूसियों और यूक्रेनियन लोगों द्वारा लंबे समय तक श्रीलंका में रहने और अपने रेस्तरां और नाइट क्लब स्थापित करने, विदेशियों को रोजगार देने और स्थानीय प्रणालियों को दरकिनार करते हुए सेवाओं के लिए भुगतान विधियों का उपयोग करने की शिकायतें मिली हैं। श्रीलंका के पर्यटन मंत्री हरिन फर्नांडो ने डेली मिरर को बताया कि मंत्रालय को कुछ रूसियों के देश के दक्षिणी हिस्से में अवैध कारोबार चलाने की शिकायतें मिली थीं। द इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि आव्रजन विभाग के साथ परामर्श के बाद छापे मारे गए।

### श्रीलंका को सता रहा डर

हालाँकि, राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के कार्यालय ने एक नोटिस जारी किया जिसमें यूक्रेनियन और रूसियों को कैबिनेट की मंजूरी के बिना छोड़ने के लिए कहने के फैसले की जांच का आदेश दिया गया। राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग के अनुसार, श्रीलंकाई सरकार ने यूक्रेनी और रूसी पर्यटकों को दिए गए वीज़ा विस्तार को रद्द करने के लिए आधिकारिक तौर पर कोई निर्णय नहीं लिया है।

## इमरान खान के परमानेंट रूप से जेल में रहने का किया जा रहा इंतेजाम, कोर्ट ने पत्नी बुशरा को भी लपेटा

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी तीसरी पत्नी बुशरा बीबी को मंगलवार को इस आरोप में दोषी ठहराया कि उन्होंने अपने प्रधानमंत्रित्व काल के दौरान अपने कार्यालय का दुरुपयोग करके कथित तौर पर रिश्वत के रूप में जमीन प्राप्त की थी। नए आरोप 8 फरवरी के राष्ट्रीय चुनाव से पहले के महीनों में खान के खिलाफ दोषसिद्धि की श्रृंखला के बाद आए हैं, जहां उनके समर्थकों ने कुल मिलाकर सबसे अधिक सीटें जीती थीं।

71 वर्षीय खान अन्य मामलों के सिलसिले में अगस्त से जेल में हैं और पहले आरोपों से इनकार कर चुके हैं। उन्हें पहले ही चार मामलों में 14 साल तक की जेल की सजा के साथ दोषी ठहराया गया था जिसमें दो भ्रष्टाचार के आरोप भी शामिल थे, जिसने उन्हें 10 साल तक राजनीति में भाग लेने से भी अयोग्य घोषित कर दिया था। सुरक्षा कारणों से उनकी सुनवाई जेल परिसर में हो रही है।

एनएबी ने अल कादिर यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के नाम पर सैकड़ों नहर भूमि के कथित अधिग्रहण के संबंध में इमरान खान, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ जांच शुरू की थी, जिसके परिणामस्वरूप सरकारी खजाने को 190 मिलियन पाउंड का नुकसान हुआ था। आज सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि मामले में 58 गवाहों के बयान दर्ज किये जायेंगे। न्यायाधीश ने पीटीआई संस्थापक के खिलाफ आरोप तय करते समय उनसे पूछा कि क्या वह दोषी हैं या नहीं। इस पर खान ने कहा कि जब मैं जानता हूं कि इसमें क्या लिखा है तो मुझे आरोप पत्र क्यों पढ़ना चाहिए? खान और उनकी पत्नी दोनों ने तब अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया था।





## मरे ने हार्ड कोर्ट पर 500वीं जीत दर्ज की

### अब मेरे पास खेलने के लिए अधिक समय नहीं बचा

**दुबई ।** ब्रिटेन के टेनिस स्टार एंडी मरे ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप के पहले दौर में डेनिस शापोवालोव को हराकर हार्ड कोर्ट पर अपनी 500वीं जीत दर्ज की। मरे ने तीन सेट तक चले मुकाबले में शापोवालोव को 4-6, 7-6 (5), 6-3 से हराया। मरे अब अगले दौर में उगो हम्बर्ट और गेल मोनफिल्स के बीच होने वाले मैच के विजेता से खेलेंगे। पहले दौर में मिली जीत से उत्साहित मरे ने कहा, 'मुझे अब भी प्रतिस्पर्धा अच्छी लगती है पर उम्र बढ़ने के साथ युवा खिलाड़ियों से प्रतिस्पर्धा करना और शरीर को फिट तथा कठिन होता जा रहा है। इसलिए अब मेरे पास खेलने के लिए अधिक समय नहीं बचा है पर इन अंतिम महीनों में मैं जितना संभव हो उतना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करूंगा। मरे ने इससे पहले भी संन्यास के संकेत दिये थे पर बाद में उसे टाल दिया था। ओपन युग में मरे के अलावा केवल चार खिलाड़ियों रोजर फेडरर 783, नोवाक जोकोविच 700, आंद्रे अगासी 592 और रफेल नडाल 518 ने ही हार्ड कोर्ट पर 500 से अधिक मुकाबले जीते हैं।

# सचिन ने दुनिया को 'जम्मू-कश्मीर का अनुभव लेने' के लिए आमंत्रित किया

**नई दिल्ली,**

क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर, जो अपनी पत्नी अंजलि और बेटी सारा के साथ कश्मीर गए थे, ने अपनी छुट्टियों का एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने दुनिया को भारत के कई रत्नों में से एक की सुंदरता को आने, देखने और अनुभव करने के लिए आमंत्रित किया। इंस्टाग्राम पर तेंदुलकर ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें उनकी पूरी यात्रा का सारांश है, और वीडियो की शुरुआत में लिखा, मेरी कश्मीर यात्रा के शीर्ष क्षण, और एक वाकये के साथ समाप्त हुआ, कश्मीर इतना सुंदर था कि मैं मंत्रमुग्ध रह गया। वीडियो में उनकी यात्रा के हर पल को कैद किया गया है; मंदिर के दौरे से लेकर, कश्मीर विलो बैट निर्माताओं के साथ बातचीत, स्थानीय चाय की दुकानों पर रुकने से लेकर बर्फबारी का आनंद लेने, बिना हाथ वाले पहलवान अमीर हुसैन लोन से मुलाकात और भी बहुत कुछ। जम्मू और कश्मीर मेरी स्मृति में एक सुंदर अनुभव बना रहेगा। चारों ओर बर्फ थी लेकिन लोगों के असाधारण आतिथ्य के कारण हमें गर्मी का एहसास हुआ। उन्होंने कैप्शन में लिखा, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा कि हमारे देश में देखने के लिए बहुत कुछ है। खासकर इस यात्रा के बाद इससे अधिक सहमत नहीं हो सकता। तेंदुलकर ने विशेष रूप से कश्मीर विलो से तैयार किए गए बल्लों की सराहना की और इसे मेक इन इंडिया का एक बेहतरीन उदाहरण बताया। उन्होंने अनंतनाग जिले के अवंतीपोरा के चेरसू इलाके में एमजे क्रिकेट बैट निर्माण फैक्ट्री का दौरा किया था। फैक्ट्री के मालिक दो भाई मंजूर अहमद और जावेद अहमद हैं, जो चेरसू इलाके से हैं। कश्मीर विलो बैट मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के महान उदाहरण हैं। उन्होंने दुनिया भर में यात्रा की है, और अब मैं दुनिया भर के लोगों और भारत को सलाह देता हूं कि वे आएं और जम्मू-कश्मीर का अनुभव लें, जो




देश के कई रत्नों में से एक है। क्रिकेट के इस महान खिलाड़ी ने गुलमर्ग स्की रिसॉर्ट में भी तीन दिन बिताए थे, जहां प्रकृति ने ताजा बर्फ से उनका और उनके परिवार का स्वागत किया था। पूर्व क्रिकेटर ने अपने कश्मीर दौरे के कई वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए। मंगलवार को, उन्होंने अपने परिवार के साथ शिकारा की सवारी का आनंद लिया और लुभावनी डल झील की झलक देखी।

# अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों में खेल विज्ञान के महत्व पर जोर दिया

**नई दिल्ली,**

खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को यहां भारत खेल विज्ञान सम्मेलन को संबोधित करते हुए देश के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों में खेल विज्ञान के महत्व पर जोर दिया। एक दिवसीय सम्मेलन में भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा, 2003 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंजू बॉबी जॉर्ज और भारतीय क्रिकेटर दीपक चाहर सहित कई वर्तमान और पूर्व एथलीटों ने भी भाग लिया। विज़न ओलंपिक 2036 के उद्देश्यों और लक्ष्य सेटिंग्स के आधार पर भारत को एक खेल महाशक्ति बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, भारत स्पोर्ट्स साइंस कॉन्क्लेव में अनुराग ठाकुर और विशिष्ट एथलीटों ने खेल विज्ञान को ज्ञान और समझ का एक अनूठा निकाय बताया जो एथलीटों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेल मंत्री ने कहा,ट्रांसस्टेडिया और भारत सरकार द्वारा आयोजित उद्घाटन भारत खेल विज्ञान सम्मेलन 2024 में शामिल होना खुशी की बात है। ट्रांसस्टेडिया जैसे संगठन को पहल करते हुए और इस तरह के एक महत्वपूर्ण सम्मेलन का आयोजन करते हुए देखना खुशी की बात है। खेल विज्ञान विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खिलाड़ियों का यह ज्ञान और समझ का एक अनूठा भंडार है। हमारे बच्चों के लिए, खेल विज्ञान उन्हें उनकी शारीरिक सीमाओं को समझने में मदद करता है, जो उन्हें अपनी शक्ति और क्षमता को समझने में विशिष्ट रूप से सक्षम बनाता है, जिससे उन्हें अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर बढ़ने का साहस मिलता है। उन्होंने आगे कहा, खेल विज्ञान के तत्वों का उपयोग एथलीटों को उनके प्रशिक्षण में समर्थन देने के लिए किया जाता है ताकि उन्हें अपनी ताकत को समझने, सुधार करने और अपने लक्ष्यों के प्रति अपनी ताकत को चुनौती देने में मदद मिल सके। हम देखते हैं कि खेल विज्ञान वास्तव में एथलीटों के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे हम सीखते हैं कि शक्ति, संघर्ष और समर्थन के संयोजन से, हर कोई अपने सपनों को प्राप्त कर सकता है, चाहे वह किसी भी प्रकार की चुनौती का सामना कर रहा हो। खेल विज्ञान ने खेल विधाओं में सबसे प्रमुख एथलीटों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसलिए, हम देश में अपने राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों में एक खेल विज्ञान विभाग की उपस्थिति भी सुनिश्चित कर रहे



हैं। अभिनव बिंद्रा ने भी एथलीटों के जीवन में खेल विज्ञान की आवश्यकता पर विचार किया और प्रशिक्षकों से इसे अपने कार्यक्रमों में भी अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, भारत खेल विज्ञान सम्मेलन में जमावड़ा खेल विज्ञान के क्षेत्र में हमारे देश के दूरदर्शी दृष्टिकोण की अग्रणी भावना का प्रमाण है।

अपने समृद्ध एजेंडे और बातचीत और विचार-विमर्श के साथ इस सम्मेलन का आयोजन इस बात को रेखांकित करता है कि एथलेटिक प्रदर्शन और कल्याण के विकास और वृद्धि में खेल विज्ञान का महत्व है। यह रचनात्मक अन्वेषण की भावना है जिसे मैं भारत खेल विज्ञान सम्मेलन में उपस्थित खेल वैज्ञानिकों, अभ्यासकर्ताओं और उत्साही लोगों के काम में प्रतिबिंबित देखता हूं।

## आईपीएल से ठीक पहले धोनी के बल्लेबाज ने आक्रामक शतक लगाकर अपने इरादे जाहिर किये

**नई दिल्ली ।**

अगले माह शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से ठीक पहले मुंबई के तुषार देशपांडे ने रणजी ट्रॉफी में अपने आक्रामक अंदाज को दिखाया है। तुषार ने क्वार्टर फाइनल में 11वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए केव 129 गेंदों पर ही 123 रन बना दिये। तुषार ने अपनी इस पारी में 10 चौके और 8 छक्के लगाये थे। इस प्रकार उन्होंने 123 में से 88 रन केवल चौके और छक्के से ही लगा दिये।

आईपीएल में तुषार चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम में हैं। ऐसे में अब आईपीएल में भी उनसे धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद है। सीएसके ने तुषार को 2022 में अपनी टीम में शामिल किया था। उन्हें 20 लाख रुपए के आधार मूल्य पर टीम से जोड़ा गया था पर तुषार ने अपनी कीमत से कहीं बेहतर प्रदर्शन करते हुए 23 मैच में 25 विकेट ले लिए।



तुषार के नाम अब तक आईपीएल के 23 मैचों में 21 रन हैं। इसीलिए रणजी में उनके शतक को देखकर सभी को हैरानी हुई। हालांकि, यह नहीं कहा जा सकता कि तुषार ने पहली बार बल्लेबाजी में ये कारनामा कमाल किया है। आईपीएल के पिछले सत्र में अब तक 23 मैचों में ही तीन बार उन्हें बल्लेबाजी का अवसर मिला था। इसमें वह दो बार वे नाबाद रहे थे। रणजी ट्रॉफी में भी उनके नाम पहले से एक अर्धशतक था। इसीलिए उन्हें कमजोर बल्लेबाज नहीं माना जा सकता।

उन्होंने बड़ौदा के खिलाफ अपनी शतकीय पारी के दौरान 10वें नंबर के बल्लेबाज तनुष कोटियान के साथ 232 रन की साझेदारी की थी।

## डबल्यूपीएल : मंधाना की आक्रामक बल्लेबाजी से आरसीबी ने गुजरात जायंट्स को हराया

**नई दिल्ली ।**

कप्तान स्मृति मंधाना की शानदार बल्लेबाजी से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की टीम ने महिला प्रीमियर लीग (डबल्यूपीएल) टूर्नामेंट में गुजरात जायंट्स को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ ही आरसीबी अंक तालिका में 4 अंक लेकर नंबर एक पर पहुंच गयी है। गुजरात जायंट्स से मिले 108 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की टीम ने मुकाबला 12.3 ओवर में ही जीत लिया। आरसीबी की ओर से मंधाना ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए केवल 27 गेंदों पर ही 8 चौके और एक छक्का लगाकर 43 रन बना दिये। इस दौरान मंधाना के



साथ सबनेनी मेघना की अच्छी साझेदारी रही। सलामी बल्लेबाज सोफी डिवाइन के 6 रनों पर ही आउट होने के बाद मेघना ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 28 गेंदों पर ही 36 रन बना दिये। मंधाना और मेघना के बीच दूसरे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी हुई।

72 रन पर दूसरा विकेट गिरने के बाद मंधाना और पेरी 23 ने अच्छी बल्लेबाजी कर अपनी टीम को जीत दिलायी। इस मैच में मंधाना ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। उसका ये फैसला सही हुआ और गुजरात जाएंट्स विमेन के शुरुआती बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। गुजरात जायंट्स की कप्तान बेथ मूनी 8 और पी. लिचफील्ड 5 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। इसके बाद विकेट गिरने का सिलसिला जारी रहा।

# रांची में मिली हार से सीख सकती है इंग्लैंड : नासिर हुसैन

### भारत जैसी मजबूत टीम से हारने में शर्म की बात नहीं

**रांची ।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा है कि भारत जैसी मजबूत टीम से हारना कोई शर्म की बात नहीं है। हुसैन ने कहा कि भारतीय टीम अभी विश्व क्रिकेट में काफी अच्छी है। इसी कारण वह एक मैच पहले ही सीरीज जीतने में सफल रही है। भारतीय टीम ने रांची में तीन मैचों की सीरीज के चौथे टेस्ट में पांच विकेट की जीत के साथ ही 3-1 की सीरीज अपने नाम कर ली है। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि अगर उनकी टीम चाहे तो रांची टेस्ट से काफी कुछ सीख सकती है। हुसैन ने कहा, इंग्लैंड ने आज खेल नहीं हारा, वे कल ही खेल हार गए थे। भारतीय टीम ने एकदम से बाजी पलटी। मेरा मानना है कि भारतीय टीम ने पूरी सीरीज में जिस तरह से खेला है उसको देखते हुए वे जीत के अधिकारी थे। भारतीय टीम अपने कुछ अनुभवी खिलाड़ियों के बिना ही उतरी थी फिर भी वह अपने युवा खिलाड़ियों के बल पर बेहतर प्रदर्शन में सफल रही। हुसैन ने साथ ही कहा कि कई बड़े खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद टीम इंडिया के घरेलू रिकॉर्ड को तोड़ना संभव नहीं है। इसी कारण उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा है पर इसके बाद भी इंग्लैंड को सीरीज में मिली हार से निराश नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, उनका घरेलू रिकॉर्ड बिल्कुल अद्भुत है, इसलिए इस भारतीय टीम से हारना कोई शर्म की बात नहीं है। किसी भी टेस्ट श्रृंखला या यहां तक कि किसी भी टेस्ट मैच की तरह, आप प्रमुख क्षेत्रों को देखते हैं, जहां आपके हाथ से खेल निकल जाता है ओर यही हमारी टीम के साथ हुआ। इसी कारण जो बढ़त 100 रन की हो सकती थी वह 46 रन पर ही रह गयी। चौथे टेस्ट को जीतने के लिए इंग्लैंड को चौथे दिन सभी दस विकेट की जरुरत थी और तीसरे दिन के अंत तक भारतीय बल्लेबाजों ने हमें सफल नहीं होने दिया। भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को मैच में वापसी करायी। वहीं बल्लेबाजी के औरान शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल के बीच हुई 72 रनों की साझेदारी ने टीम को जीत दिला दी। हमारी टीम शुरुआत पांच विकेट लेने के बाद भी भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना पायी जिससे उसे हार का सामना करना पड़ा। हुसैन ने कहा, इंग्लैंड ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, उन्होंने जितना संभव हो सके उतना संघर्ष भी किया, उन्होंने चौथे



दिन विकेट हासिल किए और जब लंच के तुरंत बाद उन्होंने सरफराज और जडेजा को आउट किया तो लगा की अब मैच हाथ में आ गया पर इसके बाद शुभमन और ध्रुव ने मैच हमारे हाथ से छीन लिया।

## जतिन की आक्रामक बल्लेबाजी से छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने तेलंगाना को हराया

**ग्रेटर नोएडा ।**



जतिन सक्सेना ने इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) में आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया है। जतिन ने 33 गेंदों पर ही 92 रन बना दिये। जतिन के अलावा नमन ओझा ने 23 गेंदों पर 49 रन बनाये। इसकी बदौलत छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने तेलंगाना टाइगर्स को 9 विकेट से हराया। तेलंगाना टाइगर्स ने इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 150 रन बनाए। इसके बाद छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने जीत के लिए मिला लक्ष्य नमन ओझा और जतिन सक्सेना की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत 11वें ओवर में ही हासिल कर लिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए तेलंगाना की शुरुआत अच्छी थी पर क्रिस गेल का विकेट गिरने से टीम मुश्किल में फंस गयी। गेल के आउट होने के बाद एसएस भरत कुमार और शैख समीर भी पेवेलियन लौट गये। इसके बाद रिकार्डो पॉवेल और मनप्रीत गोनी ने अच्छी साझेदारी कर टीम को संभाला। पॉवेल ने 18 गेंद पर 37 रन और गोनी ने 19 गेंद पर 30 रन बनाए। इसके बाद 151 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की ओर से नमन ओझा और जतिन सक्सेना ने अच्छी शुरुआत कर पहले विकेट के लिए 141 रन बनाये। टीम को जीत करीब पहुंचाने के बाद जतिन 92 रनों पर आउट हो गए। उसके अन्य बल्लेबाजों ने टीम को जीत दिलायी।

## अंतिम टेस्ट में पाटीदार की जगह पडिक्कल को मिल सकता है मौका



**मुम्बई ।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में पहले ही 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। ऐसे में अब धर्मशाला में होने वाला अंतिम मैच औपचारिकता भर है क्योंकि उसके परिणाम से सीरीज पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसको देखते हुए 7 मार्च को होने वाले अंतिम मैच से युवा बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को डेब्यू का अवसर मिल सकता है। पडिक्कल इस समय शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले चार मैचों में 3 शतक और एक अर्धशतक लगाये हैं। इसी कारण उन्हें टीम इंडिया में जगह भी मिली है पर अब तक अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिल पायी है। भारतीय टीम ने पहले ही सीरीज पर कब्जा कर लिया है। इसलिए वह इस मैच में कुछ बदलाव कर सकती है। इन हालातों में रजत पाटीदार का बाहर होना तय है क्योंकि अपने अवसरों का इस्तेमाल नहीं कर पाये। पाटीदार के नाम 3 टेस्ट मैच की 6 पारियों में केवल 63 रन ही हैं। इसको देखते हुए कप्तान रोहित शर्मा धर्मशाला टेस्ट में रजत की जगह पडिक्कल को अवसर दे सकते हैं। पडिक्कल बाएं हाथ के बैटर हैं। उन्होंने दो टी20 इंटरनेशनल मैच खेल हैं। वह आक्रामक बल्लेबाजी भी करते हैं। उनकी टाइमिंग भी शानदार होती है। उन्होंने अबतक 31 फर्स्ट क्लास मैच में 44 से ज्यादा की औसत से 2227 रन बनाये हैं।

### संक्षिप्त समाचार



## बीसीसीआई के सख्त रुख के बाद रणजी टीम में लौटे अय्यर

**मुंबई ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की धमकी के बाद बल्लेबाज श्रेयस अय्यर तमिलनाडु के खिलाफ 2 मार्च से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिए मुम्बई टीम से खेलने के लिए तैयार हो गये हैं। इसके बाद उन्हें मुंबई की 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। इससे पहले मुम्बई ने बड़ौदा के खिलाफ मुम्बई का क्वार्टर फाइनल मैच ड्रॉ रहा था जिसके बाद मुंबई ने पहली पारी की बढ़त के कारण सेमीफाइनल में जगह बनायी। वहीं इससे पहले अय्यर को इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम 3 टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया था। इसके बाद अय्यर और ऑलराउंडर शिवम दुबे ने फिटनेस का हवादा देकर क्वार्टर फाइनल मैच नहीं खेला था। वहीं इससे नाराज भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने कहा था कि राष्ट्रीय टीम में जगह के लिए सभी फिट खिलाड़ियों के लिए घरेलू टीम में खेलना जरुरी है। इसके बाद एनसीए में हुई फिटनेस जांच में अय्यर पूरी तरह से ठीक पाये गये। इसी के बाद अय्यर ने रणजी खेलने का फैसला किया।

**मुंबई टीम इस प्रकार है-** अजिंक्य रहाणे, श्रेयस अय्यर, पृथ्वी साव, भूपेन लालवानी, अमोघ भटकल, मुशीर खान, प्रसाद पवार, हार्दिक तमोरे, शार्दुल ठाकुर, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, आदित्य धूमल, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, रॉयस्टन डायस और धवल कुलकर्णी।

## नामीबिया के निकोल ने लगाया टी20 का सबसे तेज शतक



**कीर्तिपुर ।** नामीबिया के यान निकोल ने त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज के पहले ही मैच में नेपाल के खिलाफ 33 गेंद में शतक लगाकर एक नया रिकार्ड बनाया है। इसी के साथ ही निकोल टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इसी के साथ ही निकोल ने नेपाल के कुशाल मल्ला के 34 गेंद में शतक के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। मल्ला ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों के दौरान सबसे तेज शतक लगाया था। निकोल ने केवल 36 गेंद में ही 101 रन बना दिये। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और 8 छक्के लगाए और इस दौरान 280.55 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी पारी में 92 रन केवल बाउंड्री से ही बना दिये। यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय शतक है। निकोल के अलावा सलामी बल्लेबाज मलान क्रूगर ने भी नाबाद 59 रन बनाये। इससे नामीबिया ने 4 विकेट पर 206 रन बनाए। वहीं इसके जवाब में नेपाल की टीम 19वें ओवर में 186 रन ही बना पायी। नेपाल की ओर से दीपेंद्र सिंह ऐरी ने सबसे ज्यादा 48 रन बनाये।



## कॉनवे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर हुए , निकोल्स शामिल

**वेलिंगटन ।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अंगूठे में लगी चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह बल्लेबाज हेनरी निकोल्स को टीम में जगह दी गयी है। कॉनवे को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के दौरान बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी। इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था। वहीं न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि स्कैन जांच के बाद कॉनवे को बाहर करने का फैसला किया गया। इसमें पता चला कि उनके बाएं अंगूठे में चोट लगी है। वहीं कोच गैरी स्टीड ने कहा, डेवोन के लिए एक अहम मैच से ठीक पहले बाहर होना निराशाजनक बात है। वह हमारे लिए शीर्ष क्रम पर बल्लेबाजी करने वाला शानदार खिलाड़ी है। वहीं स्टीड ने उनकी जगह निकोल्स की टीम में वापसी का स्वागत करते हुए कहा, हेनरी जैसी क्षमता वाले खिलाड़ी को टीम में शामिल करना अच्छा है क्योंकि उनके पास काफी टेस्ट अनुभव है। न्यूजीलैंड टीम अभी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिक में सबसे आगे है जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम तीसरे स्थान पर है।

**न्यूजीलैंड टीम इस प्रकार है -** टिम साउदी (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), हेनरी निकोल्स, मैट हेनरी, स्कॉट कुगलेइजन, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विल ओरूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, नील वैगनर (सेवानिवृत्त), केन विलियमसन और विल यंग।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Thursday, 29 February 2024



# मैं डार्क सिनेमा बनाने वाला निर्देशक नहीं बनना चाहता

लेखक, गीतकार और कॉमेडियन के रूप में वरुण ग्रोवर ने खासा अच्छा काम किया है। सेक्रेड गेम्स जैसी चर्चित सीरीज का यह लेखक दम लगा के हाइशा में मोह मोह के धागे के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी पा चुका है। कई फिल्मों और गीतों का लेखन कर चुके वरुण ग्रोवर इन दिनों चर्चा में हैं अपनी पहली फिल्म ऑल इंडिया रैंक के लिए, जिसे उन्होंने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म से उन्होंने बतौर डायरेक्टर डेब्यू किया है। हाल ही वरुण ग्रोवर से उनकी फिल्म, करियर और अन्य मुद्दों पर ातचीत की।

**आप बचपन में क्या बनना चाहते थे?**

मैं तो राइटर बनना चाहता था। हालांकि मुझसे कभी यह पूछा ही नहीं गया कि मुझे क्या बनना है? मैं पढ़ने में अच्छा था, मगर मुझे यह नहीं समझ में आता था कि मैं 16 साल का हूं और मुझे अभी से पूरी जिंदगी क्यों तय करनी है? मैं यही सोचता था कि अभी मैं 16 का हूं और अभी मैंने चुन लिया कि मुझे डॉक्टर या इंजीनियर बनना है, तो सारी जिंदगी मैं वही रहूंगा। मुझे कोई तीसरी चॉइस दी ही नहीं गई। मैं लिखता था, मगर मेरे पास आर्ट्स पढ़ने की चॉइस नहीं थी। मुझसे न कभी पूछा गया और ना कहा गया और मुझ में भी हिम्मत नहीं थी कि मैं कह सकूं कि मैं राइटर बनना चाहता हूं।

**हाल ही में विक्की कौशल ने आपकी फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया था, उनसे आपकी कैसी बॉन्डिंग है?**

विक्की से मेरा बहुत प्यारा रिश्ता है। बतौर स्क्रीन राइटर मसान मेरी पहली फिल्म थी और वह विक्की की भी एक्टर के रूप में पहली फिल्म थी। उस समय भी जब हम सेट पर मिलते थे, तो हमारी बहुत अच्छी दोस्ती हो गई थी। विक्की भी इंजीनियरिंग छोड़कर अपने सपनों को पूरा करने इंडस्ट्री में आए। मसान के समय हमारी जो दोस्ती बनी, वो इतनी पक्की थी कि आज तक कायम है। आज भी हम कहीं न कहीं टकरा ही जाते हैं। मुझे विक्की के अंदर की ईमानदारी बहुत आकर्षित करती है।

**आपकी फिल्म ऑल इंडिया रैंक 12वीं फेल से प्रेरित है?**

यह सवाल मुझे कई लोग पूछ रहे हैं कि ये फिल्म आपने उसके बाद बनाई क्या? तो इसके जवाब में मैं यही कहना चाहूंगा कि हमारी फिल्म का प्रीमियर पिछले साल 5 फरवरी को ही हो गया था और 12अद्ध फेल तो बाद में आई। इस फिल्म की स्क्रिप्ट मैंने 2014 में लिखी थी। फिल्म हमने 2022 में शूट कर ली थी, तो एक तरह से इसे बनाने में मुझे दस साल लग गए। पिछले साल इन्ही दिनों हम रोटरडैम में थे। हमारी फिल्म वहां के फेस्टिवल में दिखाई गई थी। हमारी फिल्म का 12वीं फेल से कुछ लेना-देना नहीं है। बस ये दोनों फिल्में एक समय पर आ गई हैं और इसलिए इनकी तुलना हो रही है। ये मेरी पर्सनल कहानी है।

**आपकी फिल्म कई फिल्म फेस्टिवल्स में सराही गई है, मगर क्या अब थिएट्रिकल रिलीज को लेकर आप नर्वस हैं?**

नर्वसनेस थोड़ी है, मगर ज्यादा नहीं है, क्योंकि मुझे दो चीजों पर भरोसा है। हमने अपनी पूरी ईमानदारी से फिल्म बनाई है। इसमें एक सचाई है। कॉमर्स की बात करू, तो मुझे यकीन है कि ये एक यूनिक कहानी है, जो अभी तक कही नहीं गई है। ये स्टूडेंट्स और उनके माता-पिता के मानसिक हाल पर है, जिसे हमने हास्य अंदाज में दिखाया है। इसमें माता-पिता पर ज्यादा फोकस है।

**आप भविष्य में किस तरह के निर्देशक कहलाना पसंद करेंगे?**

अभी तो ये मेरी पहली फिल्म है, मगर फिर भी इतना जरूर कहना चाहूंगा कि मैं डार्क सिनेमा बनाने वाले निर्देशक के रूप में नहीं पहचाना जाना चाहता। मैं भले लेखक के रूप में सेक्रेड गेम्स जैसा डार्क कंटेंट नहीं बनाऊंगा। हां, लेखक के रूप में मुझे जो कहा जाएगा, मैं लिख कर परोस दूंगा। मैं अर्बन स्टाइल का सिनेमा बनाना चाहता हूं। मैं हमारे समय और हम जैसे मिडल क्लास लोगों की कहानियां लाना चाहता हूं, जिसमें ह्यूमर और म्यूजिक दोनों हो।



# हॉलिवुड डेब्यू करने जा रहीं हैं शोभिता

शोभिता धुलिपाला एक के बाद एक बेहतरीन प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनकर दर्शकों का दिल जीत रही हैं। अभिनेत्री आखिरी बार वेब सीरीज मेड इन हेवन 2 में नजर आईं, जिसमें उन्होंने अपने अभिनय से काफी सुर्खियां बटोरीं। शोभिता इन दिनों हॉलीवुड डेब्यू को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। वहीं, अभिनेत्री ने हाल ही में एक बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि वे अपने जीवन में क्या करना चाहती हैं?

शोभिता धूलिपाला हॉलीवुड फिल्मों में कदम रखने जा रही हैं। अभिनेत्री देव पटेल के निर्देशन में बनी फिल्म मंकी मैन में नजर आएंगी। यह एक एक्शन फिल्म है। इस फिल्म से देव पटेल बतौर निर्देशक डेब्यू करने जा रहे हैं। यह फिल्म जॉर्डन पील के मंकीपॉ और यूनिवर्सल के जरिए रिलीज होगी। इस फिल्म में मकरंद देशपांडे, सिकंदर खेर, शार्ल्टो कोपले, पितोबाश, विपिन शर्मा, अदिति कालकुंटे और अश्विनी कालसेकर भी हैं। मंकी मैन का निर्माण देव पटेल, जोमन थॉमस, जॉर्डन पील, विन रोसेनफेल्ड, इयान कूपर, बेसिल इवानिक, एरिका ली, क्रिस्टीन हैबलर और अंजय नागपाल के जरिए किया गया है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म भगवान हनुमान की कथा से प्रेरित है।

शोभिता ने बातचीत के दौरान पूछा गया कि वे अपने जीवन में क्या करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, मैं ईमानदारी से कहूं तो, मुझे लगता है कि मैं जिस अनुभव का इंतजार कर रही हूं, वह मातृत्व है। जब भी यह खूबसूरत समय आएगा, तो वह आश्चर्यजनक होगा। अभिनेत्री का यह बयान उस समय आया है, जब उनकी नागा चैतन्य से डेटिंग की खबरें सामने आ रही हैं। हालांकि, अभिनेत्री ने कुछ समय पहले अपनी डेटिंग अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी थी। शोभिता ने कहा, जो लोग बिना जानकारी के बोलते हैं, मुझे नहीं लगता कि मुझे उन्हें जवाब देने की जरूरत है, जब मैं कोई गलत काम नहीं कर रही हूं, तो मुझे चीजों को स्पष्ट करने की जरूरत महसूस नहीं होती। शोभिता के वर्कफ्रंट की बात करें, तो अभिनेत्री जोया अख्तर और रीमा कागती की हालिया रिलीज वेब सीरीज मेड इन हेवन 2 के अलावा मेड इन हेवन और द नाइट मैनेजर वेब शो और मन राघव 2.0, कालाकांडी जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा में भी नजर आएंगी। जिगरा फिल्म का निर्देशन वासन बाला के जरिए किया गया है।

# मैं दोबारा 21 साल की दिखना नहीं चाहती

फिल्म इंडस्ट्री में करीना कपूर को 20 साल से ज्यादा का समय हो गया है। अपनी फिल्मों और अभिनय से वह लगातार फैंस का दिल जीत रही हैं। यही वजह है कि उन्हें प्यार से सब बेबो बुलाते हैं। करीना की अगली फिल्म 'द क्रू' है। हाल ही में करीना कपूर ने उम्र को लेकर अपने विचार साझा किए। अगर आपको लगता है कि बेबो आज भी स्वीट 16 दिखना चाहती हैं, तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। बढ़ती उम्र के साथ उन्हें वापस से 21 साल जैसा दिखना पसंद नहीं। करीना की उम्र 40 पार हो चुकी है फिलहाल वह 43 साल की हैं, लेकिन उन्हें इससे कोई दिक्कत नहीं। न ही उनकी ऐसी इच्छा है कि वह खुद को 20 या 21 साल जितना यंग दिखाएं। गौरतलब है कि करीना की अगली मूवी द क्रू में उनके साथ तब्बू और कृति सेनन भी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान करीना ने बताया, 'मेरी उम्र 40 को पार कर चुकी है, इससे मुझे कोई आपत्ति नहीं, बल्कि अपनी उम्र को गले लगाना मुझे पसंद है। उम्र सिर्फ एक नंबर है। आप उम्र दराज तब दिखते हैं, जब आप खुद को ऐसा रखते हैं। आपको खुद को फिट रखने की जरूरत होती है। हम एक विजुअल मीडियम में काम करते हैं। फिल्मों में काम करते हैं, तो हमें खुद का ख्याल रखना, फिट रखना और अच्छा दिखना जरूरी है। मैं दोबारा से 21 साल की दिखना नहीं चाहती। मैं उम्र के जिस पड़ाव में हूं बहुत खुश हूं।' करीना की नजर में उन्होंने और उनकी जैसी दूसरी हीरोइनों ने इंडस्ट्री का ट्रेंड ही बदल दिया है। करीना कहती हैं,'अब एक्ट्रेसेज बहुत ही मजबूत किरदार निभा रही हैं। इससे हीरोइनों को भी अब अहम किरदार निभाने के लिए दिए जा रहे हैं।



# 8 साल बाद टीवी पर लौट रही हैं दीपिका सिंह

टेलीविजन एक्ट्रेस दीपिका सिंह को लोग दीया और बाती हम की संध्या राठी के रोल के लिए जानते हैं और उन्हें पसंद भी करते हैं। लेकिन अब वो पूरे आठ सालों के गैप के बाद एक फिर से टीवी पर लौट रही हैं। दीया और बाती हम के बाद, दीपिका ने द रियल सोलमेट (2018) के साथ अपना ओटीटी डेब्यू किया और तीन साल बाद, दीपिका ने सोशल ड्रामा टीटू अंबानी के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया। दीपिका की पहली फिल्म का निर्देशन उनके पति रोहित राज गोयल ने किया था और तारीफें बटोरने के बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर छाप छोड़ने में असफल रही। लेकिन अब वो अपने नए टीवी सीरियल मंगल लक्ष्मी के साथ फिर से वापसी कर रही हैं।

**सबसे पहले बताएं कि आपका नया सीरियल किस बारे में है, क्या थीम है?**

ये कहानी है मंगल और उसकी बहन की। मंगल चाहती है कि उसकी बहन को ऐसा घर मिले जहां उसका सम्मान हो। वो कहती है कि काम के साथ-साथ उसे सम्मान भी मिले। एक और खूबसूरत चीज है जो मैंने कहीं किसी फिल्म या शो में नहीं देखा कि इसमें अलग बात है।

**लंबे वक्त के बाद टीवी पर वापसी कर रही हैं, क्या कहना चाहेंगी?**

लो कहते हैं ना कि खाना तभी खाना चाहिए जब भूख लगे। मेरा मानना है कि तब तक काम नहीं करना चाहिए जब तक मन ना हो। मैं काम करने के लिए मर रही थी। मैं भगवान और मेकर्स की शुक्रगुजार हूं कि ये मुझे मिला।

**लंबे वक्त से आपको अपने हिसाब के शोज मिल नहीं रहे थे या ऑफर ही नहीं हो रहे थे?**

नहीं, ऐसा कुछ नहीं है। टीवी से हमेशा मुझे प्यार और सम्मान मिला है। मुझे हमेशा से ऑफर आते थे। मेरे परिवार में सब कहते थे कि मैं क्यों नहीं कर रही एक भी काम। मैंने लंबे वक्त तक बस सबको मना किया। लेकिन मुझे पता था कि मैं गलत नहीं कर रही हूं। मैंने इस समय में दूसरी चीजें सीखीं। इस दौरान, मैं मेरे बेटे के साथ वक्त बिता रही थी, उसे पाल रही थी।

**आपने बीच में एक फिल्म भी की थी ओटीटी पर, और फिर टीवी पर दिख रही हैं, तो क्या क्या फर्क लगा टीवी और फिल्मों में?**

मैं बहुत लकी हूं कि रोहित ने इतनी खूबसूरत फिल्म लिखी। मैंने उसमें मौसमी का किरदार निभाया। उन्होंने सोचा कि मैं फिल्म भी कर सकती हूं। हमें उस फिल्म के लिए बहुत सराहना मिली। वो उतनी सक्सेसफुल नहीं थी लेकिन मुझे मेरी एक्टिंग के लिए बहुत सराहा गया।

**जैसा आपका सीरियल आ रहा है मंगल के संघर्ष की कहानी का, इसमें आपके पति का रोल थोड़ा रूड दिखाया गया है, क्या आपके सामने कभी रियल लाइफ में ऐसी सिचुएशन आई है कि पति से ओपिनियन मैच ना हो और आपको अपने हिसाब से चीजें करनी हों?**

मैं बहुत इंडिपेंडेंट औरत हूं। शादी से पहले से ही मैं बहुत स्टेबल थी और मेरे अपने ओपिनियन बहुत स्ट्रॉन्ग होते हैं। कहीं न कहीं मैं लड़ाई में पड़ना नहीं चाहती। मैं मेरे पति को मेंटर की तरह देखती हूं और कभी अगर ऐसा होता है तो मैं इसे सम्मान के साथ लेती हूं। उनकी बात मुझे सही लगती है, तो मैं मानती हूं। मुझे लगता है कि सही नहीं है, तो उनकी बात काट देती हूं।

**जब आपने डेब्यू किया था और अब का समय, आपके लिए कितना चैलेंजिंग रहा है?**

मेरे लिए बहुत सारे चैलेंज आए हैं। लेकिन इतने साल काम करने के बाद एक एक्सपीरियंस आ जाता है। कॉन्फिडेंस बढ़ जाता है। विश्वास आ जाता है कि सब हो जाएगा। वैसे हर दिन मेरे लिए एक नया चैलेंज है।





# शाहरुख खान के साथ अभिनय करना बचपन का सपना

भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी फिल्म भक्षक को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनकी अदाकारी की जमकर तारीफ हो रही है। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस फिल्म का निर्माण शाहरुख खान की प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज ने किया है। फिल्मों के अलावा भूमि सोशल मीडिया पर भी काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर लोगों के सवालों के जवाब देने के लिए एक सत्र का आयोजन किया था। इस दौरान उन्होंने फैंस के बहुत से प्रश्नों का उत्तर दिया। इस सेशन के दौरान जब अभिनेत्री से एक फैन ने पूछा कि आप भविष्य में किस एक्टर के साथ काम करना चाहेंगी? इस पर भूमि ने बिना देर लगाए शाहरुख खान का नाम लिया। उन्होंने बताया कि किंग खान के साथ फिल्म में काम करने का उनका बचपन का सपना है।

अभिनेत्री ने साझा की गई वीडियो स्टोरी में कहा, यार ईमानदारी से कहूं तो अभिनेता अभिनेता क्या सुपरस्टार, शाहरुख सर के साथ फिल्म में काम करने का बचपन का सपना है। मैं इसके बहुत नजदीक पहुंच चुकी हूं, क्योंकि उन्होंने भक्षक का निर्माण किया है। सबसे कमाल की बात यह है कि डंकी और भक्षक, दोनों नेटफ्लिक्स पर ट्रेंड कर रहे हैं, मेरा सपना है शाहरुख सर के साथ अभिनय करने का। वे सर्वश्रेष्ठ हैं। उन्होंने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, एसआरके आप किंग हैं। उन्होंने बताया था कि उनकी भी हॉलीवुड में काम करने के आकांक्षाएं हैं और यह कलाकारों के लिए महत्वाकांक्षी होने का यह सबसे अच्छा समय है क्योंकि दुनिया अब संस्कृतियों, विविधता और प्रामाणिकता का मिश्रण है।



# शाहरुख खान के साथ फिर काम करेंगे एटली

शाहरुख खान के साथ फिल्म जवान बनाने वाले एटली कुमार अब एक्टर के साथ एक और फिल्म बनाना चाहते हैं। तमिल फिल्मों के डायरेक्टर एटली, शाहरुख के बड़े फैन हैं और हमेशा से उनके साथ काम करना चाहते थे। जब यह ख्वाहिश जवान में पूरी हुई, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। एटली ने शाहरुख को भारतीय सिनेमा में स्टारडम और शालीनता का प्रतीक बताया। एटली कुमार ने शाहरुख खान की खूब तारीफ की, और उनके साथ दोबारा काम करने की इच्छा भी जाहिर की। एटली ने कहा कि वह अब जवान से भी तगड़ा सब्जेक्ट लेकर आएंगे, और उसे शाहरुख के साथ बनाएंगे। वह बोले, मुझे उनकी सभी फिल्में पसंद हैं, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, कुछ कुछ होता है, ओम शांति ओम, चेन्नई एक्सप्रेस...लिस्ट लंबी है और मैं आगे भी नाम गिना सकता हूं। मेरे लिए वह दुनिया भर में भारतीय सिनेमा का चेहरा हैं। शाहरुख सर के साथ काम करना एक सपना है। सौभाग्य से, मुझे अपनी पांचवीं फिल्म में ऐसा करने का मौका मिला। भगवान की कृपा रही है और मुझे लगता है कि मैंने इसके साथ न्याय किया है।

## शाहरुख के साथ दोबारा काम करने पर यह बोले एटली

एटली से जब पूछा गया कि क्या भविष्य में शाहरुख के साथ दोबारा काम करने की संभावना है, तो वह बोले, बिल्कुल, मैं उनके साथ दोबारा काम करूंगा। मैं जवान से भी अच्छा सब्जेक्ट लेकर आऊंगा और जरूर उनके पास जाऊंगा। फिर उसे मैं उन्हें सुनाऊंगा। अगर शाहरुख सर को पसंद आया, तो जरूर ऐसा होगा कि हम दोनों फिर से साथ में काम करेंगे। मुझे पता है कि वह मुझसे बहुत प्यार करते हैं। मैंने अपनी जिंदगी में उनके जितना अच्छा इंसान नहीं देखा। धन्यवाद, शाहरुख सर। मैं एक बार आपके पास फिर आऊंगा जब जवान से भी बड़ा कुछ क्रैक कर लूंगा। मैं बिल्कुल आपसे पास आऊंगा।

# मराठी अभिनेत्री तितीक्षा तावड़े ने की सगाई

मराठी टीवी अभिनेत्री तितीक्षा तावड़े किसी पहचान की मुहताज नहीं हैं। अभिनेत्री इन दिनों सातव्य मुलिची सातवी मुलगी सीरियल में नजर आ रही हैं। इसी बीच तितीक्षा ने अपने फैंस के साथ बड़ी खुशखबरी साझा की है। छोटे पर्दे की चर्चित अभिनेत्री ने अपने लॉन्ग टर्म बॉयफ्रेंड और अभिनेता सिद्धार्थ बोडके से सगाई कर ली है। कपल ने सोशल मीडिया पर सगाई की मनमोहक तस्वीरें साझा की हैं, जिन पर फैंस और सितारे दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं। सगाई की तस्वीरों को साझा करते हुए तितीक्षा तावड़े और सिद्धार्थ बोडके ने कैप्शन में लिखा, हमेशा के लिए अपने सबसे अच्छे दोस्त के साथ। कपल की सगाई की तस्वीरें सामने आते ही सोशल मीडिया पर छा गई हैं। मराठी इंडस्ट्री के सितारे तितीक्षा और सिद्धार्थ को दिल खोलकर बधाइयां दे रहे हैं।

